e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 255
रविवार
17.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
खुशनसीब है वो हाथ जो किसी के मुश्किल के वक्त सहारा बन जाये !

**सूचना**

सभी पाठकों, हॉकरो, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर प्रभात मंत्र कार्यालय में दिनांक 17 सितंबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक बाजार में दिनांक 19 सितंबर को आएगा।

व्यवस्थापक

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज बर्थडे, देश को देंगे कई सौगात

# पीएम मोदी आज देश को समर्पित करेंगे यशोभूमि

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रविवार 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के मौके पर देश को कई बड़ा तोहफा देंगे. पीएम मोदी देश को यशोभूमि तोहफे में देंगे. यह एशिया का सबसे बड़ा इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर है. दिल्ली के द्वारका में इस भव्य इमारत का पहला फेज़ बनकर तैयार हो चुका है.पीएम मोदी अपने जन्मदिन के खास मौके पर इसे देश को समर्पित करेंगे. इस कन्वेंशन सेंटर में बड़ी बैठकें, सम्मेलन और प्रदर्शनियां आयोजित की जा सकेंगी. बनकर पूरी तरह तैयार होने पर इसमें 11 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी. यशोभूमि नाम का भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो सेंटर बहुत ही विशाल और भव्य है. यशोभूमि प्रोजेक्ट 8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बनाया जा रहा है. वहीं बना हुआ क्षेत्र 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक होगा. यह दुनिया में सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर और एक्सपो सेंटर होगा. इसमें बैठकें, सम्मेलन और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी. इधर पीएम के जन्मदिन को बीजेपी ने सेवा पखवाड़े के तौर पर मनाने का फैसला लिया है. बीजेपी पीएम मोदी के जन्मदिन से लेकर 15 दिन तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने का काम किया जाएगा. ये कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक महात्मा गांधी के जयंती तक चलेगा.इसी सेवा पखवाड़े के दौरान भाजपा बूथ स्तर तक अलग-अलग कार्यक्रम करके लोगों तक पहुंचेगी.

**पीएम आज देश को समर्पित करेंगे यशोभूमि**

### यशोभूमि में दिखेगी भारतीय संस्कृति की झलक

यशोभूमि में दुनिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी हॉलों जैसी सुविधा मौजूद होगी. 1.07 लाख वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में बने इन प्रदर्शनी हॉलों का उपयोग प्रदर्शनियों, बिजनेस मेलों और बिजनेस कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए किया जाएगा. इसकी छत को तांबे से खास रूप से डिज़ाइन किया गया है. इसमें रोशनी के लिए जगह-जगह रोशनदान बनाए गए हैं फ़ोयर में मीडिया रूम, वीवीआईपी लाउंज, क्लोक सुविधाएं, टिकटिंग जैसे बहुत से सहायता क्षेत्र होंगे. इसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी. यशोभूमि को नए मेट्रो स्टेशन से भी जोड़ा जाएगा. पीएम मोदी रविवार को द्वारका सेक्टर 21 से द्वारका सेक्टर 25 के बीच एक नए मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे.



*** सेवा पखवाड़े के तौर पर पीएम मोदी के जन्मदिन को मनाएगी बीजेपी**

**यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक महात्मा गांधी के जयंती तक चलेगा.**

### मुख्य सभागार में 6 हजार मेहमानों के बैठने की क्षमता

कन्वेंशन सेंटर मुख्य सभागार का पूर्ण हॉल है. इसमें एक साथ 6 हजार मेहमानों के बैठके की क्षमता है. यह ऑडिटोरियम में बैठने के नए और ऑटोमेटिक सिस्टम में से एक है.यहां पर लकड़ी का फर्श बनाया गया है. वहीं ग्रैंड बॉलरूम में करीब 2,500 मेहमानों के बैठने की क्षमता है. यहां पर खुला एरिया भी है, जहां 500 लोग बैठ सकते हैं. इन कन्वेंशन सेंटर की आठ मंजिलों में 13 बैठक रूम शामिल हैं जहां पर बड़ी से बड़ी बैठकें आयोजित की जा सकेंगी. ऑडिटोरियम के भीतर वुडेन फ्लोरिंग और शानदार वॉल पैनल यहां आने वाले मेहमानों को वर्ल्डक्लाश एक्सपीरिएंस कराएंगे.

# आज विश्वकर्मा योजना लॉन्च करेंगे पीएम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 17 सितंबर को विश्वकर्मा योजना लॉन्च करेंगे। योजना के तहत बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15,000 रुपये का टूलकिट प्रोत्साहन, 1 लाख रुपये तक संपार्श्विक-मुक्त क्रेडिट सहायता (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) प्रदान की जाएगी। 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता भी मिलेगी। इस योजना का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा या अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले विश्वकर्माओं द्वारा पारंपरिक कौशल के परिवार-आधारित अभ्यास को मजबूत और पोषित करना है।

पीएम विश्वकर्मा का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। यह योजना पूरे भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा। इनमें बढ़ई, नाव निर्माता, कवचधारी, लोहार हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, मोची (जूता/जूता कारीगर), मेसन (राजमिस्त्री), टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी, और मछली पकड़ने का जाल निर्माता शामिल हैं। गौरतलब है कि भगवान विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। विश्वकर्मा ने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होंने ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा का ऋग्वेद में ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है।

भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। आज विश्वकर्मा जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार कामगारों को बड़ा तोहफा देगी।

## क्विक न्यूज

### नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर में आंतकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है. इस बीच बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए. आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे.कश्मीर पुलिस ने बताया कि बारामूला जिले के सीमावर्ती इलाके हथलंगा के उरी क्षेत्र में शनिवार सुबह मुठभेड़ छिड़ गई. पुलिस के मुताबिक, आगे भी क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है.सेना की चिनार कोर ने कहा, भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त अभियान में बारामूला के उरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया.

### दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर डिरेल हुआ दर्शन एक्सप्रेस

**दिल्ली**: मुंबई रेलवे ट्रैक पर भारी बारिश के चलते हादसा हो गया. यहां ट्रेन नंबर 12494 हजरत निजामुद्दीन-मिराज जंक्शन दर्शन एक्सप्रेस का इंजन और एक कोच डिरेल हो गया है. सूचना के बाद राहत टीम मौके पर पहुंची. जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के अमरगढ़ से पंचपिपलिया के बीच सुबह पौने सात बजे के आसपास हादसा हुआ. यहां हजरत निजामुद्दीन से मिराज जंक्शन जाने वाली दर्शन एक्सप्रेस का इंजन और एक कोच डिरेल हो गया. इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ.इस घटना के पीछे अनुमान लगाया जा रहा है कि भारी बारिश के चलते दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया और पहाड़ी से छोटे पत्थर रेलवे ट्रैक पर आ गए, जिसकी वजह से ये घटना हुई. घटना की जानकारी होने पर रतलाम मंडल के अधिकारी मौके पर राहत ट्रेन के साथ पहुंचे.रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा ने इस घटना की पुष्टि की.कई महत्वपूर्ण ट्रेनें आसपास के स्टेशनों पर खड़ी रही.राहत टीमें जल्द ट्रैक को शुरू कराने की कोशिश में जुटी रही.रेलवे अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रतलाम मंडल के रतलाम और दाहोद सेक्शन में ट्रेन नंबर 12494 हजरत निजामुद्दीन-मिराज एक्सप्रेस के कोच और इंजन डिरेल हो गए. जानकारी होते ही रतलाम मंडल के अधिकारी रेस्टोरेशन के लिए साइट पर पहुंचे. कोई जनहानि नहीं हुई है. रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई है और ट्रेन ऑपरेशन से संबंधित काम चल रहे हैं.

### रेलवे कॉलोनी में मकान ढहा, 5 की मौत

**लखनऊ** : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में देर रात एक मकान की छत ढह गई, जिससे पांच लोगों की दब जाने से मौत हो गई। बारिश के बाद मकान और कमजोर हो गया था। सुबह सफाईकर्मियों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंची।टीम ने मलबा हटाकर पांच लोगों को बाहर निकला और उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सुबह लोगों का तांता लग गया जिसे संभालने के लिए और पुलिस बुलानी पड़ी। मृतकों में सतीश चंद्र (40), सरोजनी देवी (35), हर्षित (13), हर्षिता (10) और अंश (5) शामिल हैं। डीसीपी पूर्व हृदेश कुमार ने बताया कि पुरानी रेलवे कॉलोनी में घर की छत ढह गई।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

# हाई कोर्ट में नगर आयुक्त को 6 अक्टूबर को हाजिर रहने के निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हाई कोर्ट में रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर नाराजगी जताई। साथ ही नगर आयुक्त को अगली सुनवाई छह अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम ने इस मामले ना तो पक्ष रखा है और ना ही आदेश का अनुपालन किया गया।रांची नगर निगम की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता को फोर्थ ग्रेड से थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति देने के संबंध में रांची नगर निगम का कोई प्रोविजन नहीं है। इसलिए उनका आवेदन खारिज किया जाता है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट में नगर विकास विभाग के शपथ पत्र की आलोक में निगम आयुक्त, रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह तीन सप्ताह में रांची नगर नगर निगम के फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन पर निर्णय लें। सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि नगर विकास विभाग ने 29 जुलाई, 2022 को एक निर्णय लिया था। इस निर्णय में नगर विकास विभाग ने कहा था कि चुकी रांची नगर निगम के फोर्थ ग्रेड के कर्मियों के प्रमोशन के संबंध में रांची नगर निगम ने 10 दिसंबर, 2007 में ही स्थापना समिति की बैठक में निर्णय ले लिया था। इसके बाद झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कैडर रूल 2014 आई है। यह प्रमोशन का मामला उक्त नियमावली आने के पहले का है। इसलिए फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लेने के लिए रांची नगर निगम स्वयं जिम्मेदार है एवं सक्षम प्राधिकार है। नगर विकास विभाग के निर्णय के आलोक में फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन के संदर्भ में रांची नगर निगम खुद ही फैसला ले सकती है। मामले में रांची नगर निगम कर्मचारी संघ की ओर से हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रेम पुजारी ने पैरवी की।याचिकाकर्ता रांची नगर निगम कर्मचारी संघ के फोर्थ ग्रेड कर्मियों की ओर से वर्ष 2013 में हाई कोर्ट में रिट दाखिल की गई थी।

# उपराष्ट्रपति ने महावीर नायक को संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार से किया सम्मानित

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कला के क्षेत्र में झारखंड के लोक गीतकार और गायक महावीर नायक सहित करीब 84 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार 75 वर्ष से अधिक की आयु के भारतीय कलाकारों को दिया गया। जिन्हें अभी तक अपने करियर में कोई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान नहीं किया गया है।संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा ने बताया कि पुरस्कार प्रदर्शनकारी कला के क्षेत्र के कलाकारों के साथ ही शिक्षकों और शोधार्थियों को दिया गया।

### इन कलाकारों मिला सम्मान

जिन कलाकारों को पुरस्कार दिया गया उनमें जम्मू कश्मीर से कृशेन लांगू (थिएटर और संगीत), गोवा से जॉन क्लारो फर्नांडीज (नाटक लेखन), झारखंड से महाबीर नायक (लोक संगीत और नृत्य) और लद्दाख से शेरिंग स्तानजिन (लोक संगीत) मुख्य रूप से शामिल हैं। सूची में आंध्र प्रदेश से तीन कलाकार, अरुणाचल प्रदेश से दो और महाराष्ट्र से छह कलाकार भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश, गुजरात से तीन और पंजाब तथा दिल्ली से भी दो-दो लोगों का भी चयन किया गया है। इसके अलावा मणिपुर, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल,बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, और कर्नाटक के चार-चार कलाकारों, जबकि असम और राजस्थान के पांच-पांच कलाकारों को भी पुरस्कृत किया गया । पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये की धनराशि के अलावा एक तामपत्र और अंगवस्त्रम दिया गया।पुरस्कार समारोह के बाद अकादमी परिसर में 16 से 20 सितंबर तक चार दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया है।



### पुरस्कार पाकर अच्छा लग रहा है : महावीर नायक

महावीर नायक ने बताया कि जो बहुत पहले मिलना था, वह आज मिला है। अच्छा लग रहा है। झारखंड की लोक गीत, संगीत,संस्कृति को बचाने के लिए यह। एक अच्छी पहल है।।अंतराष्ट्रीय लोक कलाकार एवं संगीत नाटक अकादमी सदस्य व फिल्म डायरेक्टर नंदलाल नायक ने बताया कि।झारखंड के लोक कलाकार महावीर नायक को मिला है, यह हम लोगों के लिए गौरव की बात है।

**हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे**

# मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने नूंह तक पहुंचा दिया

एजेंसी

**हैदराबाद** : हैदराबाद में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को केंद्र सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा.

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जी20 के आयोजन पर हुए खर्च को लेकर सवाल उठाए.

उन्होंने कहा,रोटेशन के तौर पर मिली जी20 की अध्यक्षता के आयोजन में 4 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए और अब रोटेशन से इसकी अध्यक्षता ब्राजील को मिल चुकी है.कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन की बैठकों की कामयाबी के बाद सरकार ने जांच एजेंसियों को विपक्षी दलों से बदला लेने के लिए लगा दिया है.

इसके अलावा उन्होंने कहा कि मणिपुर और नूंह की घटना से देश की छवि पर धब्बा लगा है. वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना शुरू कराने की मांग की.

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जुझ रहा है. कहा की मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा. वहां 3 मई 2023 से लेकर आज तक हिंसा जारी है. मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया. यहां हिंसा की वारदातें हुई, जिस कारण राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला.कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,हमारी मांग है कि 2021 सेंसस की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए. उसके साथ ही जातिगत जनगणना भी कराई जाए, ताकि समाज के जरूरतमंद तबके को स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी और फूड सिक्योरिटी समेत दूसरे हक मिल सकें.



जब भी विपक्षी दल इन बुनियादी मसलों को उठाते हैं तो सरकार जवाब देने की जगह नए-नए हथकंडे अपनाते हुए नए आत्मनिर्भर भारत, 5 ट्रिलियन इकोनॉमी, न्यू इंडिया 2022 और अमृतकाल का नारे देती है.आजकल सरकार तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी का सपना बेच रही है.

इन नारों से देश की तरक्की नहीं होगी.हमें जनता को समझाना होगा कि ये विफलताओं को छुपाने वाले नारे हैं. सरकार सोचती है कि इवेंट और विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च कर हिमालय जैसी नाकामियों को वो छिपा लेगी.

### आगरा-दिल्ली हाईवे पर भीषण हादसे में चार की मौत

**मथुरा (एजेंसी):** आगरा-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। जैंत थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ढाबे पर खाना खाने जा रहे एक ट्रक चालक को टक्कर मार दी और फिर सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक में घुस गई। दुर्घटना में कार सवार तीन युवक और ट्रक चालक की मौत हो गई। दो साथी गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों युवक अलीगढ़ के रहने वाले हैं।



## मंत्री मिथलेश ठाकुर ने पदम श्री डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की जयंती पर प्रजापति भवन सह जिला कार्यालय का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में शुक्रवार को शहर के तेनार गांव में संविधान सभा के सदस्य डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार जी की जयंती के शुभ अवसर पर प्रजापति भवन सह जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेयजल एंव स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को स्वागत के लिए पुष्प वर्षा करते हुए तथा आदिवासी संस्कृति के तहत मांदर के साथ गाते बजाते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन के मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विशिष्ट अतिथि अविनाश देव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला सचिव मनोज कुमार ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दत्त,



मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला, तथा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा फीता काटकर तथा नारियल फोड़ कर प्रजापति भवन सह जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन उपरांत सभी अतिथियों को समिति की ओर से अंग वस्त्र देकर तथा फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। उसके बाद मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा इस क्षेत्र में प्रजापति भवन सह जिला कार्यालय का उद्घाटन होना कुम्हार समाज के लिए बहुत बड़ी बात है, महापुरुषों को याद कर उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए।

**माटी कला बोर्ड का गठन जल्द होगा :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल के कारण माटी कला बोर्ड का गठन ससमय नहीं हो पाया, लेकिन अब बहुत जल्द माटी कला बोर्ड का गठन किया जाएगा। साथी उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रही हैं। कोई व्यक्ति के साथ कोई समस्या हो तो मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। वहीं प्रजापति संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रजापति ने संगठित होने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हम सभी लोग संगठित नहीं होंगे तब तक हम लोगों का विकास संभव नहीं है वहीं माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हमें जितना मेहनत करना पड़ेगा उतना मेहनत करेंगे लेकिन संगठन को मजबूत करेंगे, संगठित होना ही समस्या का समाधान है। कार्यक्रम के अंत में समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से मंत्री को माटी कला बोर्ड का जल्द गठन करने सहित पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने कहा है कार्यक्रम में उपस्थित अनूप प्रजापति, कन्हैया प्रजापति, मनोज प्रजापति, विकास प्रजापति, ललन प्रजापति, संतोष प्रजापति, विजय प्रजापति, सतीश पंडित, प्रेम नारायण प्रजापति, बिजली विभाग के पूर्व एसडीओ रामवृक्ष प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, विष्णु देव प्रजापति मुकेश प्रजापति, शोभा प्रजापति, सुनैना देवी सहित हजारों लोग उपस्थित थे

## पिपरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 20 को



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आगामी 20 सितंबर को आयोजित होगी। इसकी जानकारी देते हुए पिपरा के निवर्तमान विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने बताया कि पूर्व में पिपरा प्रखंड के दमवां मोड़ स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन 18 सितंबर को निर्धारित था। किंतु तीज पर्व को लेकर तिथि में परिवर्तन किया गया है। इससे मेले में स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने में जहां महिलाओं की सहभागिता बनी रहेगी वहीं सहियाओं की उपस्थिति सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिक से अधिक ग्रामीणों से स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है। मालूम हो कि तीज पर्व 18 सितंबर को मनाई जाने वाली है जिसमें महिलाएं निर्जला व्रत रखती है।

## पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ने आवेदन देकर उपायुक्त से जनचौपरांत करवाई की किया है मांग

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने तथा गरीबो को पूरा राशन दिलाने की मांग किया है। उपायुक्त को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि राशन वितरण में भारी गड़बड़ी की शिकायत चारो तरफ से मिल रही है। सुनने में आ रहा है कि दो दो महीने का राशन नही मिला है और डीलर द्वारा अंगूठा लगवा लिया गया। उन्होंने कहा है कि यह भी शिकायत मिल रही है कि डीलर को सरकारी गोदाम से एक माह का राशन देकर दो माह का प्राप्ति पर हस्ताक्षर करा लिया जाता है। तथा दो माह का राशन सरकार द्वारा नही दिया गया है यह शिकायत भी मिल रही है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 पुरैनी के कुछ लोगो से हमे आवेदन प्राप्त हुआ है कि डीलर द्वारा दो माह का अंगूठा लगवाकर डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है। कुछ लोगो ने कम राशन लिया जबकि कुछ लोगो ने कम राशन लेने से इंकार कर दिया।

## राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में इद्रिसी समाज की बैठक का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार की शाम इद्रिसी समाज की बैठक आयोजित किया गया.बैठक में सर्वसम्मति से इद्रिसी कमिटी गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इद्रिसी कमिटी का अध्यक्ष शोएब आलम को, उपाध्यक्ष शाहिद नवाज को, सचिव इजमामूल हक, संगठन सचिव अरशद खलीफा को, खजांची मोजाहिद खलीफा को तथा कमिटी का सरपरस्त मो0 महमूद आलम सीनियर को बनाया गया। बैठक में अध्यक्ष शोएब आलम ने कहा कि समाज के लोगो ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमे जिम्मेवारी दिया है, उस पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि समाज गठन करने का मुख्य उद्देश्य



गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। सरपरस्त मो0 महमूद आलम सीनियर ने कहा कि अपने समाज मे जो पीछे है, उन्हें आगे करना है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे समाज के लोग शिक्षा से दूर है, उन्हें शिक्षा से जोड़ने का लगातार प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि समाज से सामाजिक बुराइयों को दूर करना, समाज के लोग अच्छे से रहे यही इद्रिसी कमिटी गठन का उद्देश्य है। बैठक में मुमताज खलीफा, फिरोज खलीफा, नसीम खलीफा, तौकीर आलम, मंजूर खलीफा, इरफान खलीफा, अयाज खलीफा, मुस्तकीम खलीफा, नसरुलाह खलीफा, अबुताज शहंशाह, सुहैल आलम, गोलू आलम, सद्दाम हुसैन, एजाज आलम, इमरान, नाजिर सहित बड़ी संख्या में इद्रिसी समाज के लोग उपस्थित थे।

## डेंगू, मलेरिया को लेकर जागरुकता रैली निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर अस्पताल से शनिवार को अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह और सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में डेंगू, मलेरिया जागरुकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने डेंगू मलेरिया के बारे में बताया कि डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं। इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं। इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में नहीं आने वाले बर्तन, टायर इत्यादि नहीं रखें एवं घर में



कूलर, बाल्टी, फूलदानी में पानी जमा नहीं होने टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतल, टिन, बेकार के टायरों को जमा नहीं रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें। शरीर को पूरी तरह नहीं ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें। बगैर जाली लगी खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले नहीं रखें। इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक होता है।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 136 वां मनाया गया शुभ जन्म दिवस



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 136 वां शुभ जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर प्रातः 5 बजे प्रभात प्रार्थना के साथ किया गया। इसके बाद प्रातः कालीन प्रार्थना, समवेत नाम जप किया गया। ततपश्चात सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ, श्री रामचरितमानस पाठ, श्री मद भागवत गीता पाठ,अनुश्रुति ग्रंथ, चलार सावरी आदि का सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक युग मे भगवान इस धरा पर मानव रूप में सज्जनों की पीड़ा दूर करने, धर्म की स्थापना करने तथा सभी जीवों का कल्याण हेतु अवतार लेते है। इस कलियुग में भी भगवान मानव रूप में सभी जीवों के कल्याण हेतु अवतार लिये है वे वर्तमान में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी है ।जिनका हमलोग आज 136 वां शुभ जन्म दिवस मना रहे हैं। उनकी दीक्षा ग्रहण करना सभी मानव का कर्तव्य है। सत्संगी राजकुमार ने श्री श्री ठाकुर जी के अवतार का वर्णन विस्तार से किया। प्रातः 7 बजकर 5 मिनट पर जन्म लग्न की घोषणा किया गया.सभी सत्संगी वृन्द ने शंख ध्वनि के बीच बन्देपुरुषोतम ध्वनि का उदघोष किया.भय प्रकट कृपाला-दीन दयाला का सामूहिक गायन किया गया.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा द्वारा श्री श्री ठाकुर जी का आशिष वाणी पाठ किया गया। धृतिसुन्दर लाल के द्वारा पुरुषोत्तम वंदना किया गया.उपस्थित माताओं द्वारा भजन तथा सोहर गाया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण व अल्पाहार के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अजय दा, संजय दा, गोविन्द रजक, राहुल दा, राकेश कुमार, राहुल कुमार, श्रवण शर्मा, विवेक कुमार, धृतिदीप्त, जोखू प्रसाद,जीत प्रसाद,प्रमिला देवी, चंचला गुप्ता, प्रभा देवी, निर्मला जायसवाल, प्रिया, वृन्दा देवी, रामा देवी, लीलावती देवी, गीता देवी, पूजा देवी, रीना देवी, आकांक्षा, सुप्रिया, रिशु, किशु, दीपमाला सिन्हा, अंशु सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

## सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरीय पदाधिकारी के रूप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता व सदर अस्पताल पलामू के मैनेजर सुनील श्रीवास्तव ने आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु बैठक में उपस्थित हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पीडीएस डीलर, स्वास्थ्य सहिया को कई जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिन लाभुकों का पहले से कार्ड है उनका केवाईसी भी कराया जाएगा। इसके माध्यम से संबंधित व्यक्ति की बीमारी की एंट्री की जाएगी और कहीं भी आवश्यकता पड़ने पर आधार के माध्यम से बीमारी की जानकारी का पता आसानी से चल जाएगा। जिला स्तर पर उपायुक्त के द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, एमओ ब्रजेश कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी मुखिया, पीडीएस डीलर, सहिया शामिल थे।

## ध्वस्त होगा टॉप 10 अपराधियों का आर्थिक साम्राज्य जमानतदारों और करीबियों की संपत्ति का होगा आकलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू झारखंड में अपराधियों के खिलाफ नए सिरे से नकेल की कार्रवाई चल रही है. पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैया अपना रही है. इसी कड़ी में अपराधियों के आर्थिक साम्राज्य को भी ध्वस्त करने की योजना तैयार की गयी है. शुरुआत में पलामू जोन के टॉप 10 अपराधियों को चिन्हित किया गया है। उनसे जुड़े हुए 200 से अधिक लोगों की सूची भी तैयार की गई है। पुलिस ने इन 10 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। पलामू, गढ़वा और लातेहार में टास्क फोर्स का नेतृत्व डीएसपी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। जबकि इस टीम में दो इंस्पेक्टर और आधा दर्जन से अधिक सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। पलामू जोन में पुलिस ने डब्लू सिंह, अमन साहू, अमन श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, छोटा डब्लू सिंह, विकास दुबे, छोटू रंगसाज, राजू तिर्की, खुस्तर अंसारी, हरि तिवारी को चिन्हित किया है. पुलिस इनसे जुड़े हुए




जमानतदारों और करीबियों पर नजर रखे हुए हैं। आपराधिक गिरोहों के मनी ट्रेल का भी होगा आकलन~ पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि बदलते वक्त के साथ पुलिस के अनुसंधान का तरीका भी बदला है. पुलिस तकनीकी रूप से मजबूत हो गई है और उसी तरह से अनुसंधान कर रही है. पलामू प्रमंडल में सक्रिय अपराधी गिरोह के मनी ट्रेल का भी आकलन किया जाना है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में आपराधिक गिरोह से जुड़े लोगों के जमानतदारों का सत्यापन किया जा रहा है. इसके साथ पुलिस ने गिरोह से जुड़े हुए करीबियों की भी सूची तैयार की है. इसी सूची के आधार पर आपराधिक गिरोह से जुड़े हुए लोगों की संपत्ति का आकलन किया जाएगा. आखिर उनके पास मौजूद संपत्ति कहां से आई और उन्होंने इसे कैसे अर्जित किया है. इस अनुसंधान में पुलिस कई तकनीक का सहारा लेगी. वैसे लोग जो अपराधियों के मनी ट्रेल में शामिल हैं, उनके बैंक खातों की भी जांच की जाएगी। कई कारोबार में अपराधियों की भूमिका पर पुलिस की नजर~ पलामू, गढ़वा और लातेहार में पुलिस ने करीब 210 अपराध कर्मियों को चिन्हित किया है. पुलिस ने जमीन, बालू और कोयला के कारोबार में अपराधियों की भूमिका की भी जांच शुरू की है. पुलिस जमीन, बालू और कोयला के कारोबार से जुड़े हुए लोगों के भी आपराधिक पृष्ठभूमि की कड़ी की तलाश कर रही है. आपराधिक तत्वों का सहयोग करने वालों के खिलाफ भी निगरानी रखी जा रही है. लातेहार में कोयला, पलामू में बालू और जमीन, गढ़वा में बालू और जमीन पर पुलिस की खास नजर है।

## पुलिस के बढ़ते दबाव को देखते हुए चाकू मारने वाला आरोपी रंजन ने कोर्ट में किया सरेंडर

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावाजयपुर थाना अंतर्गत बाजार में सुनील प्रसाद को चाकू मारने वाला आरोपी ग्राम महोलिया निवासी मनोज साव का पुत्र रंजन साव नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक के दबाव में 16 सितंबर को कोर्ट में सिलेंडर कर दिया है। बताते चले की चाकू लगने के दिन से ही पलामू एसपी रिस्मा रमेशन के आदेश पर थाना प्रभारी संजय रजक आरोपी के घर लगातार छापामारी कर रहे थे।परंतु आरोपी फरार चल रहा था।थाना प्रभारी के द्वारा लगातार छापामारी को देखते हुए आरोपी ने कोर्ट पहुंच कर सरेंडर कर दिया है।जानकारी के अनुशार 11 सितंबर को शाम पाटन नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महौलिया निवासी अकलु साव के पुत्र सुनील प्रसाद उम्र 30 वर्ष को रंजीत साव नामक युवक ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सुनील प्रसाद नावा स्टेन में खड़ा था।इसी बीच रंजीत साव वहा पहुंचा और सुनील को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## प्रखंड में अभियान चला कर लंबित आवास 10 अक्टूबर तक हर हाल में करे पूरा : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में उन्होंने सभी कर्मियों को हर हाल में वर्ष 2016 से अभी तक के लंबित पड़े सभी आवासों को पूरा कराने का सख्त निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि अब न रहे कोई आवास अधूरा, चलो आवास करे पूरा का थीम देते हुए उन्होंने हर हाल में जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए लंबित आवासों को पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि परेशानियां तो बहुत है लेकिन इन्ही के बीच का रास्ता निकालते हुए लाभुको को प्रोत्साहित करते हुए आवासों को पूरा कराना है। उन्होंने कहा कि जब तक निर्धारित लक्ष्य पूरा नही होगा अन्य योग्य लाभुको को इस योजना का लाभ नही मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016



से अभी तक 7250 आवास का लक्ष्य था, जिसमे से 94.8 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है। शेष 3.74 प्रतिशत आवास अधूरे पड़े है। उन्होंने कहा कि भोजपुर में 56, बिलासपुर में 25, चितबिश्राम में 32, गारबान्ध में 19, हलिवंता कला में 16, हुलहुला खुर्द में 18, कधवन में 35, कोलझिकि में 12, कुंबाखुर्द में 58, कुशदण्ड में 59, नरही में 38, पिपरडीह में 18, कुल 374 आवास अभी तक लंबित है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक आवास कुंबाखुर्द में 58 तथा कुशदण्ड में 50 आवास लंबित है। उन्होंने सभी पंचायत सेवक व रोजगार सेवक को आगामी 10 अक्टूबर तक सभी आवासों को पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिप सदस्य बाला रानी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, प्रखंड कोडिनेटर प्रधान मंत्री आवास स्नेहा सिंह, जेएस एल पी एस के धनंजय कुमार, मुखिया सनिधा सोनी, सविता देवी, रेखा देवी, मनोज ठाकुर, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, नंदकुमार मेहता, प्रशांत सिंह, विकास जायसवाल, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा, अम्बिका सिंह, मनोज ठाकुर, श्रवण राम, ज्ञानचंद केशरी, बिरेन्द्र यादव सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

## विश्रामपुर थाने में अनाधिकृत रुप से घुसकर हंगामा करने के पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

- गाड़ी छुड़ाने के लिए सभी आरोपियों ने थाने में किया था हंगामा,
- थाना प्रभारी की वर्दी उतरवाने तक की दे डाली थी धमकी
- छह के विरुद्ध हुई प्राथमिकी, एक आरोपी भाग कर बचाई जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर पुलिस ने थाना में अनाधिकृत रूप से घुसकर हंगामा कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि एक आरोपी थाने से भागने में सफल हो गया है। इस मामले पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विश्रामपुर में एक कार व बाइक में टक्कर हो गई थी। मौके पर जुटी भीड़ के द्वारा पुलिस



गश्ती दल को इसकी सूचना दे दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस स्थिति को देखते हुए दोनो गाड़ी को वहां से थाने ले गई। जहां दोनों चालकों से उनका ड्राइविंग लाइसेंस की मांग की गई। लेकिन उस समय किसी के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। थानाप्रभारी शशिरंजन ने बताया कि दोनो को बोला गया कि अपनी ड्राइविंग लाइसेंस दिखाकर गाड़ी ले जाएं। जब किसी ने लाइसेंस नहीं दिखाया तब गाड़ी को चलान कर दिया गया। इसी बीच बाइक सवार ने अपने भाई के पास इसकी सूचना दूरभाष पर दिया। आरोपी के भाई विनीत चौधरी अपने छह साथियों के साथ थाना पहुंचकर थानेदार से पूछताछ शुरू कर दिया। थानेदार उस वक्त पूर्व थानाप्रभारी धूमा किस्कू से मालखाना का चार्ज ले रहे थे। जैसा कि थानाप्रभारी ने बताया थाने पहुंचे सभी छह लोग कैमरा ऑन कर ओडी ऑफिसर के पास पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। उक्त अधिकारी ने इसकी तत्काल सूचना थाना प्रभारी शशिरंजन को दिया। उनलोगों के द्वारा यह कहा जा रहा था कि गाड़ी कैसे थाना ले आए ? आपको यह किसने अधिकार दिया है। वर्दी उतरवाने तक कि धमकी दे रहे थे। सभी अपने को जी इंडिया यू ट्यूब चैनल के पत्रकार बता कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। तथाकथित पत्रकारों ने इतना हंगामा खड़ा कर दिया कि उस स्थिति में थाना का कार्य बाधित हो गया। विवाद काफी बढ़ गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गई। तब स्थिति को देखते हुए सभी लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में नावाबाजार थाना क्षेत्र के कुंभी गांव निवासी विनीत चौधरी, रविन्द्र कुमार चौधरी, पड़वा निवासी रणजीत कुमार रजक, लेस्लीगंज निवासी राजदीप कुमार मेहता, लातेहार निवासी अजित उरांव का नाम शामिल है। इनमें से किसी के पास प्रेस का कोई आईडी प्रूफ नहीं था। वहीं चैनपुर निवासी मनोज कुमार वहां से किसी तरह भागने में सफल हो गया। सभी छह लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 353, 504 व 34 के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में 30 सितंबर से चंपा देवी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**रांची :** स्व चंपा देवी झारखंड (तीसरा) स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रांची में होगा। जेके इंटरनेशनल स्कूल, अगरु (रांची) में इसका आयोजन 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक होगा। रांची जिले के टेबल टेनिस प्लेयर्स इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 23 सितंबर की शाम पांच बजे तक इच्छुक प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन (आरडीटीटीए ) के सचिव सुदिप्त मुखर्जी के पास इसके लिए संपर्क (फोन नं-9431584636) किया जा सकता है। इस चैंपियनशिप में अलग अलग आयु वर्ग के इवेंट्स होंगे। इनमें लड़के, लड़कियों (सिंगल) के अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 के इवेंट्स शामिल हैं।विस्तृत जानकारी के लिए आरडीटीटीए से संपर्क करना होगा।

### रांची में जमीन विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प, छह घायल

**रांची :** लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करमटोली अहीर टोली में शनिवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे, तलवार, कुदाली से प्राणघातक हमला किया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया दो पक्षों में मारपीट हुई है। छह लोग घायल हैं। प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद का प्रतीत हो रहा है। इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी दीपक कुमार भी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की।

### गृह सचिव ने कहा था, जमीन मामले में होगी घटना तो थानेदार होंगे सस्पेंड

# कांके में एक को लगी गोली, फिर थाने में जमे हैं थानेदार

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** बीते 14 सितंबर को सुबह कांके थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक स्थित किशोर नर्सिंग होम के पास अज्ञात अपराधियों ने ब्लॉक चौक निवासी जमीन कारोबारी अवधेश यादव को गोली मारकर आसानी से फरार हो गए हैं। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को आनन-फानन में पल्स अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति अब भी नाजुक बताई जा रही है । बता दें कि पुलिस को कुछ घटनाओं की जानकारी होती है । कुछ अपराधियों, बदमाशों को भी जानते हैं, बावजूद इसके वे चुप्पी साधे रहते हैं और इसी दौरान घटनाएं घट जाती है। हालांकि घटना घटने के बाद पुलिस रेस होती है और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज भी देती है । लेकिन फिर कुछ महीनों बाद अपराधी जेल से बाहर आकर फिर से अपनी गतिविधियों में लग जाते हैं और घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस को चाहिए कि ऐसे अपराधियों पर ऐसा एक्ट लगाकर जेल भेजे कि जिस तरह से अनिल शर्मा और सुरेंद्र बंगाली आज भी जेल में बंद हैं और बाहर निकालने के लिए सोचते हैं।



#### अपराधियों के करीब पुलिस

जिस तरह से जमीन कारोबारी अवधेश को गोली मारी गई। इस पूरे घटनाक्रम में शनिवार तक पुलिस ने मुख्य रूप से किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। घायल के परिजन के द्वारा जो लिखित में आवेदन दिया गया है जिसमें किसी कृष्णा नायक, चितरंजन इत्यादि का नाम सामने आ रहा है, इसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। हालांकि पंकज नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है उसके साथ और भी दो-तीन लोग सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है। चितरंजन पुलिस का ही पोशाक हुआ अपराधी है। एलआइसी एजेंट से शुरूआत करनेवाले चितरंजन आज भू माफिया बन गया और यह सब पुलिस देखती रही, ऐसे कई जमीन दलालों की सूची है जो आज भी थानेदार को सलामी ठोक रहा है।

#### जमीन संबंधित मामले पर पुलिस पर होगी कार्रवाई

गृह विभाग के सचिव बनाए जाने पर अविनाश कुमार ने डीजीपी सहित सभी एसपी,एसएसपी के साथ बैठक किए थे और स्पष्ट शब्दों में कहा था की जमीन संबंधित मामलों पर किसी भी तरह की घटना जिस थाना क्षेत्र में होगी उस थाने के थानेदार को सस्पेंड कर जिलाबदर किया जायेगा। इसी मामले पर बीते महीने मोरहाबादी मैदान के पास जूस सेंटर चलाने वाले दो लोगों पर बरियातू थाना क्षेत्र के पास मुकेश साव,रोहन को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । इस संबंध में तत्कालीन एसपी किशोर कौशल ने लालपुर थाना प्रभारी ममता और मोराबादी टीओपी प्रभारी को निलंबित कर दिया था । लेकिन अब सवाल यह उठ रहा है कि कांके थाना क्षेत्र में जमीन को लेकर ही एक व्यक्ति अवधेश को गोली मारी गई है और हालत नाजुक बताई जा रही है। इस मामले में अब तक कोई आरोपी नहीं पकड़े गए हैं और न ही कांके थाना प्रभारी पर अब तक कोई कार्रवाई हुई है।

#### पचास से अधिक अपराधियों की बनी सूची

गृह विभाग के सचिव अविनाश कुमार के निर्देश पर रांची जिला के करीब 50 से अधिक ऐसे अपराधियों की सूची तैयार की गई है, जो जमीन से संबंधित भू माफिया हैं ,जमीन दलाल हैं। कुछ जेल में बंद है, कुछ जेल से बाहर हैं, सभी की सूची तैयार है, सभी पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

#### पुलिस को सूचना देने पर भी नहीं होती है कार्रवाई

16 सितंबर को भी लालपुर थाना क्षेत्र में जमीन को लेकर आपस में दो पक्ष भिड़ गए जिसमें कई लोगों को चोंटे आई और करीब सात आठ लोगों को पुलिस के हिरासत में लेकर पूछताछ की । इससे पहले भी लालपुर थाना के लोहरा कोचा में जमीन को लेकर मामले को घटना हुई है । कुछ सूचना पुलिस को मिलती भी है तो त्वरित कार्रवाई नहीं करती है, जिस कारण से अपराधियों, आसामाजिक तत्वों और जमीन दलालों का मनोबल बढ़ा रहता है। लगभग सभी थानेदारों को पता है ,कि उसके थाना क्षेत्र में कौन बदमाश है कौन गंजा, अफीम की तस्करी कर रहा है, बावजूद इसके पुलिस चुप्पी साधे रहती है और किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार में बैठी रहती है। 2018 से लेकर जून 2023 की अगर पुलिस रिपोर्ट की माने तो करीब 530 ऐसे मामले हैं जो जमीन और फर्जीवाड़ा से जुड़ा हुआ है। जिसमें शहरी क्षेत्र में 315 और ग्रामीण क्षेत्र में 215 वही 101से अधिक लोगों की अब तक हत्या हो चुकी है।

#### क्या कहते हैं एसएसपी

इस पूरे घटनाक्रम पर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा से बात करने पर उन्होंने कहा कि अपराधियों की सूची तैयार हो रही है, जो जमीन से जुड़े हुए हैं , जेल से बाहर आ चुके हैं और जो असामाजिक तत्व के लोग हैं । अफीम, गांजा जैसे नशीले पदार्थों की सेवन,खरीद बिक्री करते हैं या करवाते इन लोगों पर पुलिस की नजर है । जहां तक कांके थाना क्षेत्र में हुई घटना की बात है तो इसमें पुलिस को बहुत जल्द सफलता मिलेगी। जिसमें चितरंजन का नाम सामने आया है। वही एक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । जहां तक पुलिस पर कार्रवाई की बात है तो इस पर भी बहुत जल्द कार्रवाई होगी। वहीं अब गली मुहल्ले में बैठकबाजी करने वालों को भी पुलिस चिन्हित करेगी।

#### डीएसपी ने कहा

वहीं नामकुम थाना क्षेत्र से मुख्यालय टू डीएसपी मुमूल राजपुरोहित ने कहा कि अभी कुछ लोगों के हिरासत में लिया गया है, पूछताछ हो रही है। अपराधियों पर भी कार्रवाई होगी और जो ऐसे लोगों को संरक्षण दे रहे हैं उस पर भी चिन्हित कर कार्रवाई होगी।

#### इन लोगों की हुई जमीन विवाद में हत्या

एक सितंबर 2023: रातू थाना क्षेत्र ललित ग्राम निवासी जमीन कारोबारी नवीन मिश्रा का अपहरण , पुलिस खाली हाथ।

14सितंबर 2023: कांके थाना क्षेत्र के और संडे के पास जमीन कारोबारी अवधेश यादव को गोली मारी गई जिसकी हालत नाजुक है।

31 अगस्त को ओरमांझी थाना क्षेत्र के तिरला गांव में सूअर द्वारा फसल नष्ट किए जाने को लेकर आपसी विवाद में झानेश्वर बेदिया ,और उसकी दोनों पत्नी सरिता और संजू देवी की हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी नौ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

11 अगस्त बरियातू थाना क्षेत्र के चिरौंजी में मोरहाबादी मैदान में जूस सेंटर चलाने वाले मुकेश साव,रोहन साल की गोली मारकर हत्या, इस मामले में धर्मेंद्र और अशोक गिरफ्तार।

16 जुलाई रातू के हाजी चौक के पास कमरूल हक पर फायरिंग, पचास लाख लेवी मांगा गया था। दो को हल्का चोट लगा। दो गिरफ्तार।

26 जुलाई को नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली में मिले नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या, करीब सात लोग गिरफ्तार हुए।

आठ जुलाई अरगोड़ा थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को आफिस जाने के दौरान गोली मारकर घायल कर दिया दिल्ली में इलाजरत है, पत्नी मंजू गुप्ता ने मामला दर्ज कराया।

पांच जुलाई सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पिस्का मोड़ के पास जमीन कारोबारी कमल भूषण एकाउंटेंट संजय कुमार की गोली मारकर हत्या।

16 मई को रातू के जमीन कारोबारी राजकुमार शाही की धारदार हथियार से हत्या।

तीन मई को नामकुम थाना क्षेत्र के महिलौंग में जमीन कारोबारी अनिल यादव की गोली मारकर हत्या।

मई 2022 : रातू रोड में जमीन कारोबारी कमल भूषण की गोली मारकर हत्या।

नवंबर 2022 : पिठौरिया इलाके में जमीन विवाद में आजाद अंसारी की हत्या।

दिसंबर 2022: खेलगांव में जमीन विवाद में सूरज महतो की हत्या।

नवंबर 2022: बरियातू इलाके में जमीन विवाद में धमन राम की हत्या।

कांके में जमीन विवाद में अधिवक्त राम प्रवेश सिंह की गोली मारकर हत्या।

नवंबर 2022: नगड़ी इलाके में जमीन विवाद में सूरज महली की हत्या।

जून 2022: तुपुदाना इलाके में एक जमीन कारोबारी की हत्या करने पहुंचा अपराधी राजू गोप हथियार के साथ गिरफ्तार।

## लोकसभा और विधानसभा के चुनाव की तैयारी के लिए मैदान में उतरी सीपीआई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** :रांची। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने एवं भारतीय जनता पार्टी और उसके समर्थकों को हराने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिले में प्रभारी नियुक्त किया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य कन्हाई माल पहाड़िया की अध्यक्षता में रांची राज्य कार्यालय में हुई । जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे । बैठक में दिवंगत साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राज्य स्तरीय कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई । हजारीबाग भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं महेंद्र पाठक, गिरिडीह से लखनलाल महतो, महादेव राम ,गढ़वा गणेश सिंह, महेंद्र पाठक ,डाल्टनगंज पलामू ,महेंद्र पाठक, भुवनेश्वर प्रसाद मेहता , लातेहार जितेंद्र सिंह , चतरा महेंद्र पाठक, महादेव राम, लखन लाल महतो, कोडरमा भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद यादव, बोकारो भुनेश्वर प्रसाद मेहता, महेंद्र पाठक ,रांची पीके पांडे महेंद्र पाठक, गुमला महेंद्र पाठक अजय सिंह, जमशेदपुर भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ,राजेंद्र यादव। दुमका कन्हाई मल पहाड़िया, राजेंद्र प्रसाद यादव ,पशुपति कॉल ,दीप नारायण यादव, जामताड़ा पशुपति कॉल ,महेंद्र पाठक ,राजेंद्र यादव, पशुपति कॉल देवघर पीके पांडे महेंद्र पाठक, गोड्डा महेंद्र पाठक पशुपति कॉल, साहिबगंज रामस्वरूप ,दीप यादव, धनबाद महेंद्र पाठक ,पीके पांडे को बनाया गया ।

## भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने रविवार को संगम गार्डेन हाल मोराबादी मैदान रांची में अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का एक दिवसीय आयोजन करेगी। इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए नेपाल देश मध्यप्रदेश जनकपुरधाम से समाज विकास मंत्री सुरिता शाह, अखील भारतीय शौंडिक संघ के सभापति प्रो रामवतार महतो, महामंत्री श्याम सुंदर प्रसाद, उद्योग मंत्री बिहार सरकार समीर कुमार महासेठ, राष्ट्रीय महीला आयोग की सदस्य ममता कुमारी, दिल्ली प्रदेश सुंडी समाज के महामंत्री रंजन कुमार, उत्तरप्रदेश लखनऊ से संजय सरस्वती, मुंबई सुंडी समाज के




अध्यक्ष रमेश राऊत, तेलंगाना हैदराबाद सुंडी समाज से सुरेश चौधरी,मिथिलांचल से पूर्व एमएलसी सुमन महासेठ, सुंडी समाज यूवा शक्ति के अध्यक्ष प्रहलाद पूर्वे, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, राज्यसभा सांसद आदित्य प्र साहु, विधायक अमित कुमार मंडल, पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के प्रतिनिधि, उड़ीसा सुंडी संघ के प्रतिनिधि, छतीसगढ़ सुंडी समाज से वरीय संरक्षक रामेश्वर प्रसाद साहु (लोदाम),राष्ट्रीय सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक दिल्ली से श्री रणवीर भारतीय, प्रदेश अध्यक्ष सनत मंडल, के अलावा अनेक गणमान्य अतिथियों का आगमन रांची की धरती में होने जा रहा है। इससे पहले अप्रैल 1984 में बंगला स्कूल मैदान रांची में तत्कालीन सांसद स्व शिव प्रसाद साहु ने अखिल भारतीय शौंडिक संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया था। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने वालों में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के संरक्षक दिलिप गुप्ता, अरुण गुप्ता,कुमुद प्रसाद साहु, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु,महामंत्री उमेश साहु, राष्ट्रीय सम्मेलन के कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु,मुख्य संयोजक सुनील साहु, कार्यक्रम संयोजक बीरेंद्र साहु, उप कोशाध्यक्ष कुणाल कुमार बंटी, प्रदेश कार्यसमीति से अरुण देव कुमार,के अलावा प्रदेश संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने संत माइकल ब्लाइंड स्कूल में किया अन्नदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने शनिवार को बहुबाजार स्थित संत माइकल ब्लाइंड स्कूल में अन्नदान किया। इसके तहत 24 किलो चावल, 20 किलो आटा, 20 किलो आलू, चार किलो चीनी, चार किलो दाल के अलावा सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को फल भी वितरित किया गया। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हम सबको मानव सेवा के लिए बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के




सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, गुलशन वाधवा, गिन्नी वाधवा, सुनील केडिया, रतन अग्रवाल और दिवाकर रजगढ़िया सहित कई लायंस सदस्य उपस्थित थे।

## आईएसआईएस के आतंकी राहुल सेन को कोर्ट में किया गया पेश, भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमपी वर्मा की अदालत में शनिवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले से गिरफ्तार आईएसआईएस के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर को पेश किया गया। अदालत ने राहुल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ( जेल) भेज दिया। अब राहुल सेन उर्फ उमर को एनआईए रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए एनआईए ने अदालत में आवेदन भी दिया है । उल्लेखनीय है कि झारखंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस की मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 14 सितंबर को कई राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी।

छापेमारी के दौरान एनआईए ने मध्यप्रदेश के रतलाम से एक संदिग्ध राहुल सेन उर्फ उमर को गिरफ्तार किया था। इसके पास से लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन सहित आईएसआईएस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किये गये थे।

## रांची में युवती ने की खुदकुशी

**रांची:** पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टॉवर के फ्लैट में शनिवार को एक युवती ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। उसकी शिनाख्त समा (23) के रूप में हुई है। वह जमशेदपुर की रहने वाली थी और रांची में एलएनटी फाइनेंस में काम करती थी। ओपी प्रभारी विवेक ने बताया कि खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## बाधाओं के बावजूद : सुमन ने मौत और डॉक्टरों को चुनौती देते हुए जीत हासिल की लद्दाख मैराथन में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अटूट दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की एक उल्लेखनीय कहानी में, एक 56 वर्षीय उत्साही धावक ने अपनी यात्रा के दौरान जीवन-घातक स्वास्थ्य भय का सामना करने के बावजूद, लद्दाख मैराथन को जीतने के अपने सपने को हासिल करने के लिए सभी बाधाओं को पार कर लिया। पेशे से सुमन कुमार जी एक निजी फाइनांस कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। सुमन प्रसाद की लद्दाख मैराथन की यात्रा उनकी अडिग भावना का प्रमाण है। पिछले साल ही दौड़ना शुरू करने के बाद, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण मैराथन में से एक को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया, एक ऐसा सपना जिसे उनकी उम्र में अधिकांश लोगों के लिए हासिल करना असंभव लगता था। उनकी

**56 वर्षीय धावक ने अपने सपने को पूरा करने के लिए जानलेवा स्वास्थ्य भय पर विजय प्राप्त की**




लद्दाख यात्रा दिल्ली हाफ मैराथन (21 किलोमीटर), कोलकाता मैराथन (25 किलोमीटर) और कठिन मुंबई मैराथन (42 किलोमीटर) के सफल समापन के साथ शुरू हुई, जो उनके नए जुनून के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, लद्दाख में मैराथन के लक्ष्य को पूरा करने के अपने सपने को साकार करने का मेरा जुनून और प्यार मुझे परेशान करता रहा। मैंने हार मानने से इनकार कर दिया। एक बार फिर हिम्मत जुटाई और इस लक्ष्य तक चढ़ने की सोची। जैसे ही मैं कुछ कदम चला, मुझे एहसास हुआ कि मेरा ऑक्सीजन स्तर बढ़ गया है, इससे मुझे अपनी चुनौती जारी रखने का साहस मिला। सुमन प्रसाद की दृढ़ता ही उनकी एकमात्र प्रेरक शक्ति नहीं थी। उनके भांजा के आगमन से, जो अपने मामा के खराब स्वास्थ्य के बारे में जानकर लद्दाख पहुंचे थे, उन्हें देखते ही इनके अंदर एक अतिरिक्त ऊर्जा का संचार हुआ। सुमन का निश्चय बढ़ गया और उसने अपनी गति तेज़ कर दी। दृढ़ इच्छाशक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए, सुमन प्रसाद ने निर्धारित समय सीमा में लद्दाख मैराथन को पूरा करते हुए फिनिश लाइन को पार किया। भावनाओं से अभिभूत होकर, सभी बाधाओं के बावजूद अपने सपने को साकार करने के बाद उनकी आंखों में खुशी के आंसु आ गये थे। साहस की यह असाधारण कहानी सभी के लिए प्रेरणा का काम करती है, मानवीय भावना की अदम्य शक्ति का प्रमाण है। सुमन प्रसाद की लद्दाख मैराथन हमें बताती है कि कि अटूट दृढ़ संकल्प और प्रतिकूल परिस्थितियों के सामने झुकने से इनकार करने के माध्यम से सपनों को हासिल किया जा सकता है।

## पीसीआर व माइक वाहन के जवानों को सिटी एसपी ने दिए कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शनिवार को सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने पुलिस लाइन स्थित यूसी झा सभागार में यातायात, पीसीआर, माइक वाहन व्यवस्था को लेकर काफी गंभीरता पूर्वक सभी पीसीआर के जवानों के साथ बैठक की और उसे दिशा निर्देश दिए। मुख्य रूप से शहर में पीसीआर वैन और माइक वाहनों को बताया गया कि जैसे ही उसे किसी घटना की सूचना मिलती है तो उस घटना पर तुरंत पहुंचे।

खासकर महिलाएं और बच्चों से संबंधित सूचनाएं अगर मिलती है या फिर आसपास नजर आती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। साथ ही यह भी कहा कि जो आदेश जारी हुआ है कि सभी पुलिसकर्मी हेलमेट पहनेंगे ।

सीट बेल्ट लगाकर वहां चलाएंगे , किसी को किसी तरह का शिकायत का मौका नहीं देंगे । वहीं आम लोगों से भी अपील की गई है कि वह हेलमेट पहने, यातायात नियमों का पालन करें । स्पीड में दो पहिया, चार पहिया वाहन नहीं चलाएं । साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि अवैध



रूप से ऑटो स्टैंड बनाए गए हैं वह सब अपने-अपने जगह से हटा दें। जहां पर निगम , द्वारा ऑटो स्टैंड बनाए गए हैं उस स्टैंड पर ऑटो लगाए । ऑटो को लाइन से लगाए, ताकि सड़क किसी तरह का बाधित न हो , जाम की स्थिति ना बने। सभी ऑटो चालक वर्दी पहने, ऑटो की दाहिने तरफ से उतर और चढ़ की व्यवस्था न हो, जहां पर जाम की स्थिति है वहां पर सिपाही जाम ना लगे इस पर जोर देने का काम करें। वही स्कूल बस के लिए विशेष रूप से स्टॉपिज बनाया जाएगा । वहीं पर स्कूल बस स्टॉपेज करेगा, ताकि स्कूल की छुट्टी के समय जाम की जो स्थिति उत्पन्न होती है वह नहीं हो सकेगी।

## जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शनिवार को लीड्स कार्यालय रांची में संस्था लीड्स द्वारा रेस परियोजना के तहत् जिला स्तरीय मीडिया एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आरंभ लीड्स के निदेशक ए.के. सिंह के द्वारा किया गया और लीड्स के कार्यक्षेत्र की जानकारी दी और मीडिया के बंधुओं का स्वागत किया।इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रेस परियोजना सीनियर प्रोग्राम मैनेजर महेंद्र कुमार द्वारा रेस परियोजना की जानकारी और रेस परियोजना के सफलताओं को बताया गया और साथ ही लीड्स संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी दी । उद्यमी पवन राम ने सोलर चाक से बने मिट्टी के बर्तनों और उससे जुड़े अपने रोजगार के विषय में जानकारी दी,खबर मंत्रा के पत्रकार के. वी.बिनोद ने झारखंड में बढ़ रहे कार्बन उत्सर्जन पर जानकारी दी।रेस




परियोजना की पूरी टीम सीनियर अकाउंटेंट भवानंद झा,परियोजना समवक शालिनी लकड़ा, प्रखण्ड साम्यवक अजय कच्छप,संचार प्रमुख निशा त्रिपाठी,सीईएस मनीष कुमार,प्रोजेक्ट फेसिलीटर अरुणिमा भगत,सामुदायिक प्रबेक्षक सुशील लकड़ा,धर्मेंद्र टोप्पो,अभिषेक राहुल परधिया और शैलेश मिंज उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अब ना रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा अभियान का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिये दिनांक 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर, तक ÷चलो करें आवास पूरा÷ अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में अब न रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा अभियान को लेकर बैठक किया गया। प्रखंड में कुल 81 आवास लंबित है। बैठक में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने सभी जन सेवक से पंचायत वार सभी लंबित आवास के बारे में जानकारी लिये। वहीं अगामी 10 अक्टुबर तक प्रखंड के सभी पंचायत में अभियान के तहत् मुखिया की अध्यक्षता में जनसेवक, पंचायत समिति सदस्य, विधायक प्रतिनिधि और संबंधित वार्ड सदस्यों की टीम लंबित आवास पूर्ण करने के लिए लाभुकों को प्रेरित कर आवश्यक सहयोग प्रदान कराने का निर्देश दिया गया। जो घर नहीं बना पाते हैं उनसे राशि वापस कराने और जो आवास लाभुक घर में नहीं हैं उनको जनप्रतिनिधि के सहयोग से घर बनवाने का दिया निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, प्रखण्ड उप प्रमुख मोद्दसिर हक, सांसद प्रतिनिधि धनंजय राय, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव,भीखम कुमार, अंचल निरीक्षक,प्रखण्ड समन्वयक रामनाथ लोहरा, बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया लक्ष्मी कोया, पंचु उराँव, सुशांति भगत, पंचायत समिति सदस्य सब्दुल मलिक, राखी भगत, कुलदीप उराँव, एई पुरोषोतम पटेल, जेई सद्दाम अंसारी, सुरेश लिंडा सहित पंचायत सेवक, जनसेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# चान्हो प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :**चान्हो प्रखंड अंतर्गत चटवल पंचायत के ग्राम मसमानो स्थित राजकीय मध्य विधालय एवं चामा पंचायत के ग्राम बल्थरवा स्थित बल्थरवा प्राथमिक विधालय मे अतिरिक्त दो दो कमरा, पतरातू पंचायत के पतरातू मे धुमकुड़िया भवन एवं चोरया पंचायत के ग्राम चोरया बगीचा टोली एवं उरांव टोली मे मसना स्थल चाहरदिवारी का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना करके एवं नारियल फोड़कर पुरा किया। माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। इस दौरान विधायक उपस्थित ग्रामीणों से मिला और हाल चाल लेते हुए बतलाया कि विधालय मे गांव के बच्चे को जो दिक्क़त पढ़ाई करने मे आती थी, अब दो कमरा के निर्माण के पश्चात



बच्चों को दिक्क़तो का सामना नही कर पड़ेगा। विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठक करके यह भी कहा कि आज हम सबको अपने धर्मी स्थल को संरक्षण करने की जरूरत है और बचाने की जरूरत है। तब जा के हमारा धर्मी स्थल बचेगा। मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, शशि साहू, अजित सिंह, नेपाल जी, चरवा उरांव, बुधराम उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा एवं सभा को लेकर सिल्ली विधानसभा की तैयारी बैठक संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर सिल्ली विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक आज पंचायत सचिवालय पतराहातू में संपन्न हुई.बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने किया।बैठक में सांसद संजय सेठ , जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन , भाजपा नेता अनिल टाईगर की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं के साथ परिवर्तन संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा की गई.मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में राज्य पुनः करवट ले रहा है वर्तमान सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त है राज्य की जनता भाजपा को आशा भरी निगाहों से देख रही है 2024 में पुनः केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। अतः संकल्प यात्रा में सभी वर्गो को जोड़ते हुए सर्वाधिक आमजन की भागीदारी बनाने का प्रयास करें .साथ ही यात्रा का प्रचार-प्रसार अधिकाधिक हो.पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर आमजन में अपार उत्साह है.ऐसे में यात्रा को सफल बनाने में सभी को मिलकर कार्य करने होगा.वहीं जिला प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि संकल्प यात्रा में जिसे जो भी जिम्मेदारी मिली है उसे कृतसंकल्पित होकर पूरा करे तथा बूथ में जाकर बैठक करें. बैठक को भाजपा नेता अनिल टाइगर एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता धीरज महतो ने किया।

# विधायक ने की कार्डियक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग

**सिल्ली :** सिल्ली- सोनाहातू टाटा पर आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने 15 सितंबर को झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर एक कार्डियक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की है। जिससे दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलो को समय रहते बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया जा सके।

# हरितालिका तीज व्रत के लिए महिलाओं ने जावा उठाया, पूजा कल



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज व्रत के लिए जावा उठाया। महिलाओं ने निकटवर्ती जलाशों से बालू निकालकर पूजा अर्चना कर घरों में स्थापित किया गया। तीज व्रत भादो तृतीया को सोमवार के दिन किया जाएगा। ज्ञात हो कि हरतालिका व्रत शुरू होने के दो दिनों पहले बालू में जौ, उड़द, मक्का, धानआदि डाल दिए जाते है। जो दो दिन बाद अंकुरीत होकर पौधे का रुप लेता है उसे जावा कहा जाता है। जावा को हरतालिका तीज के दिन भगवान शिव के रूप में निर्जला व्रत रखकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है। सुहागीन महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार के सुख शांति के लिए व्रत रखती है। पूजा के दूसरे दिन सुबह जावा को विधि विधान से तालाब, नदी या निकटवर्ती जलाशय में विसर्जित कर महिलाएं व्रत तोड़ती हैं।

# खोया-पाया

सृष्टि शालिनी, शास्त्री नगर, पावर गंज, लोहरदगा निवासी का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट ) साईडिंग बस स्टैंड से बरवा टोली के बीच दिनांक 13.09.23 को कहीं खो गया । जिन किन्ही सज्जन ऑन को मिला हो कृपया इस फोन नंबर पर सूचित करने का कष्ट करें। 9631970994

# फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन संपन्न



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप की ओर से आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन प्रखण्ड़ के कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इस टुर्नामेंट में भाग लिया इस दौरान आज भी तमाम प्रतिभागी खिलाडियों को जर्सी सह बॉल दिया गया । बता दे साथियों खिजरी विधायक राजेश कच्छप की ओर से खिजरी के तमाम प्रखण्डों में प्रखण्ड़ स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ताकि आज का युवा साथी खेल पर अपना भाविष्य बना सकें । मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, श्रद्धा सरना समिति अध्यक्ष सह समाजसेवी अजय तिर्की, शिक्षा प्रतिनिधि सकीर अंसारी, वार्ड सदस्य संजय नायक छोटेलाल महतो, अजय आर्य सफीक अंसारी, कृष्णा महली, दशरत पाहन, प्रदीप उरांव, अनीता देवी, सरीता देवी, यशोदा देवी, ममता देवी, संगीता कैथा, सिदीक अंसारी, शनिचरवा बेदिया, सुखराम उरांव, आनंद कुमार, अशिष मुण्डा, , अनुज महतो, बादल करमाली, बिहारी मुण्डा, भोला करमाली, समीम खान, अशोक बेदिया, बिट्टू उरांव इत्यादि ।

# अज्ञात बीमारी की चपेट में आकर लाखों की संख्या में मछलियों की मौत



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गेतलसूद डैम स्थित मत्स्य जीवी समिति के केज कल्चर में अज्ञात बीमारी की चपेट में आकर लाखों की संख्या में मछलियां मर गई। केज कल्चर के संचालक भोला महतो ने बताया कि विभिन्न केज में तकरीबन 7 से 8 लाख मछलियों का पालन हो रहा था जिसमें अधिकांश मछलियां मारी गई। बाजार में इसका अनुमानित मूल्य करीब 10 लाख रूपए बताया जा रहा है। भोला महतो ने बताया कि करीब 9 से 10 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। इधर मत्स्यजीवी संगठन के डॉ रिझू नायक ने इस पर काफ़ी दुःख व्यक्त किया है तथा सरकार से नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। मौके पर कार्तिक नायक सावन नायक एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

# उषा मार्टिन दे रहा खेलकूद को बढ़ावा, प्रखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सफलता




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सौजन्य से गांवों में खेलकूद को बढ़ावा दिया जा रहा है। अनगड़ा प्रखंड के बीएनटी कबड्डी टीम ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर वर्ग में अनगड़ा प्रखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। फॉउंडेशन की ओर से इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को स्कीपिंग रोप, बॉलीबॉल आदि खेल सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी है। फॉउंडेशन के सहयोग से विद्यालय के छात्राओं की एक टीम बनायी गयी। गांव में ही मैदान का निर्माण कर प्रशिक्षण प्रदान किय जा रहा है। प्रखंड स्तर पर सफलता के बाद प्रशिक्षक सविता कुमारी और टीम के मैनेजर दिनेश महतो के नेतृत्व में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है। फॉउंडेशन की ओर से डॉ मयंक मुरारी, एन0के पटोदिया, शचींद्र कुमार, वरुण कुमार ने कार्यक्रम में जूनियर टीम का उत्साहवर्द्धन किया।

## कार्यालय जिला परिषद, गुमला

**अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना**
**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376 / दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि की सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | हाट बाजार का नाम | डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डुमरी | जैरागी हाट | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार) |
| 2 | कामडारा | रायकेरा हाट | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 200000 ( दो लाख) | 20000 (बीस हजार) |
| 3 | घाघरा | घाघरा बाजार | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 250000 ( दो लाख पचास हजार) | 25000 (पचीस हजार) |
| 4 | विशुनपुर | विशुनपुर हाट | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार मात्र) |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 29.09.2023 तक **कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद्, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरान्त् का गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट / अनुमण्डल कार्यालय / प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 307134Rural Development(23-24)#D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पाँकी | पाँकी | 288000.00 | 72000.00 | 29-09-2023 | अपराहन 01:00 बजे |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 27.09.2023 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 307118 (District)23-24*D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 1313, 1314 दिनांक 08.08.2023, पत्रांक 5856, 5857 एवं 1249 दिनांक 24.07.2023 का पत्र जो सचिव कोषांग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2369, 2368 दिनांक 23.08.2023, पत्रांक 2250, 2252 दिनांक 11.08.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा संस्कृत, जीव विज्ञान / रसायन शास्त्र, गणित / भौतिकी, भुगोल के लिए 42 (बयालीस) अभ्यर्थी एवं दिनांक 11.08.2023 को कॉउसिलिंग में अनुपस्थित 02 (दो) अभ्यर्थी को उर्दू के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 44 (चौवालीस) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग का कार्य **रा0कृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू** में **दिनांक 20.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न** तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित / अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं प्रमाण–पत्र की छायाप्रति दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(अनिल कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 307153District(23-24)#D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

लातेहार जिला अन्तर्गत कम्बल एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए सहायक अनुदान ईकाई अधीन गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले व्यक्तियों तथा गरीब, असहाय, अपंग, भिक्षुक, असहाय विधवाओं के बीच मुफ्त कम्बल वितरण हेतु कम्बल का क्रय विभागीय ज्ञापांक–05 / म0स0 / यो0–151 / 2022–69आ0) दिनांक–30.08.2023 के द्वारा GeM Portal से क्रय करने हेतु प्राप्त निदेश के आलोक में एवं विभागीय संकल्प संख्या–1993 दिनांक–16.08.2019 की कंडिका–05 के आलोक में GeM Portal पर Reverse Auction के माध्यम से कम्बल क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कम्बल का विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0. | सामग्री का नाम | साईज | वजन | अन्य मानक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्बल(ऊनी) | 60"x90" | 02 कि0ग्रा0 (न्यूनतम) | 3"x3" Dimension का (झारखण्ड सरकार का महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रांची) लोगो सभी कम्बलों पर लगाना अनिवार्य होगा<br>झारखण्ड सरकार<br>महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग |

उपरोक्त निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्त के लिए लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा संबंधी सभी कागजात को अपलोड / सम्मिट करने हेतु अधिकारिक वेबसाईट GeM Portal (https://gem.gov.in) की अंतिम तिथि– 27 / 09 / 2023 निर्धारित है।

PR 307112 District (23-24)_D

उपायुक्त, लातेहार

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(आपूर्ति शाखा)

**–ः राशन कार्डधारियों को सूचना ः–**

रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ (PHH / गुलाबी राशन कार्ड), अंत्योदय अन्न योजना (AAY/ पीला राशन कार्ड) एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (Green / हरा राशन कार्ड) के कार्डधारियों को सूचित किया जाता है कि वें समावेशन मानक को संपुष्ट नहीं करते है, तो अपना राशन कार्ड निर्धारित अंतिम तिथि **दिनांक 25.09.2023** तक प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय / जिला आपूर्ति कार्यालय में स्वेच्छा से जमा करें दें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात शिकायत प्राप्त होने एवं जांच के क्रम में अपात्र लाभुक पाये जाने पर भू–राजस्व के बकाए सदृश्य बाजार पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज पर वसूली की जायेगी। साथ ही, धोखाधड़ी किये जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**अपात्र कार्डधारक की श्रेणी :–**

a) वैसे परिवार जिनका कोई भी सदस्य भारत सरकार / राज्य सरकार / केन्द्र शासित प्रदेश या इनके परिषद् / उद्यम / प्रक्रम / उपक्रम / अन्य स्वायत निकाय जैसे विश्वविद्यालय इत्यादि / नगर निगम / नगर परिषद् / नगर पालिका / न्यास इत्यादि में नियोजित हो, अथवा
b) वैसे परिवार जिनका कोई भी सदस्य आयकर / सेवाकर / व्यवसायिक कर / GST देता हो, अथवा
c) वैसे परिवार जिनके पास पांच एकड़ से अधिक सिंचित भूमि अथवा दस एकड़ से अधिक का असिंचित भूमि हो, अथवा
d) वैसे परिवार जिनके पास चार पहिया मोटर वाहन (Four Wheeler Vehicle) अथवा इसके अधिक पहिया के वाहन हो, अथवा
e) वैसे परिवार, जिनका कोई भी सदस्य सरकार द्वारा पंजीकृत उद्यम का स्वामी या संचालक हो, अथवा
f) सरकारी आवास योजनाओं से अनाच्छादित वैसे परिवार जिनके पास कमरों में पक्की दीवारों तथा छत के साथ तीन या इससे अधिक कमरों का मकान हो, अथवा
g) वैसे परिवार जिनके पास 5 लाख या इससे अधिक लागत का मशीन चालित चार पहिये वाले कृषि उपकरण (ट्रेक्टर, थ्रेसर इत्यादि) हो, अथवा
h) परिवार के पास रेफ्रिजेरेटर / एयर कंडिशनर / वॉशिंग मशीन हो

ह०/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 307166Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)#D

## District Magistrate cum Deputy Commissioner, Palamu
**(District Planning Office, Palamu)**
1st Floor Block -A, New Administrative Building, Medininagar 822101
Contact No. : 9060731080, email-dpopalamau@gmail.com, website: www.palamu.nic.in

**Advertisement No. 02/2023-24**

REQUIREMENT FOR 'ASPIRATIONAL BLOCK FELLOWS'
FOR ASPIRATIONAL BLOCKS PROGRAMME (NITI AAYOG), DISTRICT:PALAMU, JHARKHAND

**About Aspirational Blocks Programme:**
The Aspirational Blocks Programme is a nationwide programme which focuses on improving governance to enhance the quality of life of citizens in the most difficult and under developed blocks of India by converging existing schemes, defining outcomes, and monitoring them on a constant basis. It was launched on 7th January 2023 by Government of India and is anchored by NITI Aayog.The programme covers 500 blocks across 27 States and 4 UnionTerritories.

**About the Role of Aspirational Blocks Fellows:**
The deployment of Aspirational Block (AB) Fellows is a strategic move to bolster the impact of the Aspirational Blocks Program by harnessing the energy, talent, and passion of young fellows fromreputed institutions towards achieving its goals of inclusive growth, community empowerment, and building a prosperous India for all.

The AB Fellows will work closely with Block level Officials and under the overall guidance of Deputy Commissioner, Palamu and Deputy Development Commissioner, Palamu to develop strategies for accelerated implementation of ABP thematic areas, facilitate effective monitoring and planning, and conduct field visits to ensure that the interventions are responsive to people's needs and demands.

**Key Responsibilities of Aspirational Blocks Fellows:**
The Aspirational Blocks Fellows will be positioned as a critical link between the Block level Officials and NITI Aayog.Their primary responsibilities will include:

- Collaborating with Block level Officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematic areas.
- Conducting regular Field visits to assess project implementation, address challenges and collect ground-level insights.
- Analyzing data and providing evidence-based recommendations to BLOs, District level Officials to optimize developmental initiatives.
- Organizing workshops,awareness campaigns,and skill-building programs to empower the local community.
- Keeping States and NITI Aayog abreast with the issues,challenges and need for support.
- Support in any other work assigned by District Administration, Palamu.**Qualifications:**
- Post Graduate in any discipline from a reputed & premier institution
- Should possess data analysis and presentation skills
- Should be conversant with use of social media
- Should possess Project Management Skills
- Experience of working/internship with a Development Organization
- Self-driven with good communication skills.
- Canread,write and speak English and Hindi

Note:Preference will be given to candidates who have completed their higher education in the development/rural stream.
**Job Location:**Aspirational Block of District Palamu (Hariharganj)
**No.of Positions:**1
**Joining:**Immediate
**Job Duration:** The tenure of Aspirational Blocks Fellows will initially be **6 months (which may or may not be extended)**.
**Expected Compensation:** Each fellow will receive a **monthly stipend of Rs 55,000** (inclusive oftravel allowance) as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contributions to the Aspirational Blocks Program.
**Application/ Selection Procedure:** The applications are open till **3rd October, 2023, 5:00 PM.** Interested candidates shall fill the **Forms** attached as Annexure 1. Filled application form with self-attested documents/certificates can be submitted either by hand or through registered post to **District Planning Office, Block A, New Collectorate Building, Medininagar, Palamu - 822101**. Selection will be done on the basis of Computer proficiency test and Interview.The details of further process shall be intimatedlater.
Please contact at the following email id for any assistance/queries: Shubham, (mgnf.palamu@iimranchi.ac.in) orAbhanshi Dixit, (abhanshi@ppiafellow.in)

**District Planning Officer, Palamu**    **Deputy Development Commissioner Palamu**

PR 307117Palamu(23-24)#D

## पटमदा संगठन प्रभारी मौलाना अंसार खान ने किया 15 पंचायतों का दौरा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के पटमदा प्रखण्ड संगठन प्रभारी मौलाना अंसार खान का पटमदा के 15 पंचायतों का दौरा किया गया। पंचायत लक्ष्मीपुर में पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दास के साथ बैठक किया गया। मौलाना अंसार खान ने कहा सभी 15 पंचायत के अध्यक्ष अपनी अपनी कमेटी बनाकर सोमवार तक जमा कर दें। आज बैठक में अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दास, शंकर गुरु, संत्री गोरी, पचनोंरही, बारि गुड़िया, सनातन सीदेव आदि मौजूद थे।

## सोनारी में प्रशांत पोद्दार ने चलाया मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सोनारी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में सोनारी के प्रमुख धार्मिक स्थल एवं शहीद स्थल की मिट्टी को एकत्रित कर मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम किया गया। आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, रीता सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सोनु ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, महामंत्री नारायण प्रसाद, एससी मोर्चा के जिला महामंत्री शंभु कुमार राम, मंडल के उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, मंत्री सुजीत आदित्य आदि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में मरीजों की हुई जांच




**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन इचागढ विधायक सविता महतो ने फीता काट कर किया। नीमडीह अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास प्रभारी संजय पांडे, सीएचसी प्रभारी अनंत कुमार महतो आदि ने कार्यक्रम का संचालन किया। मेडिकल के विभिन्न प्रकार स्टॉल लगा कर स्वास्थ्य योजना की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मेला में लगभग 912 मरीज का निबंधन कर उपचार किया गया। नीमडीह जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष हरेदास महतो, हरेकृष्ण सिंह सरदार,सचिन गोप, मेडिकल कर्मी आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड के समस्याओं को आकांक्षी कार्यक्रम में शामिल जाने के लिए जिप उपाध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मधुश्री महतो उपाध्यक्ष जिला परिषद सरायकेला खरसावां ने प्रखंड के विभिन्न स्थानीय मूलभूत समस्याओ को नीति आयोग के आकांक्षी कार्यक्रम में शामिल करने के लिए और विभिन्न समस्याओं पर जिले के उपायुक्त एवं एडीसी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, आईटीडीए परियोजना निदेशक, डीईओ से मिल कर विशेष कर चांडिल अनुमंडल के चारों प्रखंड में मध्यान्न भोजन योजना के चावल विद्यालय तक आपूर्ति हेतु जनित परिवहन संचालन अभिकर्ता जेएसएसओएन पर उचित जांच कराते हुए कानूनी कार्रवाई करने, कुकडू में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण,स्वास्थ चिकित्सा, शिक्षा आदि मांग शामिल है।

## डीआरएम को असंगठित कामगार युनियन ने सौंपा ज्ञापन, विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेल मंडल के रेल मंडल प्रबंधक अरुण जे राठौर का डांगोवापोसी नोवामुंडी रेल क्षेत्र के शनिवार को एक दिवसीय दौरे थे। जहाँ डांगोवापोसी पथ मार्ग से पुहंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा डीआरएम अरुण जातोह राठौड़ को भारत का सविधान पुस्तक भेट स्वरूप सौपा।वहीं कामगार युनियन के प्रखंड अध्यक्ष सुरज मुखी ने ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकर्षित करते हुए रेलवे क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मांगपत्र में डांगोवापोसी ड्राईवार कालोनी से कलैया गाँव को जोड़ने वाली जर्जर मुख्य सड़क का पुनः निर्माण किया जाये, डांगोवापोसी रेलवे के सभी विभाग के अंतर्गत ठेका मजदूर कार्यरत है, जिनको सेफ्टी को लेकर किसी प्रकार का सुविधा नहीं दी जाती है, कई माजदूरों को आईडी कार्ड,पीएफ, मेडिकल की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है, रेलवे ठेकेदारों के द्वारा मनमाने वेतन देकर काम कराया जाता है। जिस पर अविलम्ब जाँच कर करवाई करने की मांग की जाय, रेलवे कर्मचारियों के लिए फिटनेस पार्क का निर्माण, रेलवे स्कूल मैदान मे खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए गैलेरी का निर्माण आदि रेलवे क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया. जिसपर डीआरएम ने अविलम्ब करवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष रविंद्र बेहरा, सुखलाल बोबोंगा, बलबंत गोप,राज बेहरा, आनंद करुवा, शेख तबरेज के अलावा काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## ईसीसी फ्लैट कदमा में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का भूमिपूजन संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को ई.सी.सी फ्लैट कदमा मे श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा मंत्रोचारण के संग भूमिपूजन किया गया। प्रधान अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर बताया कि श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 30 वर्षो से आयोजन कर रहे है और इस वर्ष भी शांतिपूर्ण ढंग से विश्व कल्याण की कामना करते हुए मनाया जायेगा। इसमें बस्ती एवं कॉलोनी वाले उत्साह पूर्वक भाग लेते हैं। पूजा में इनका काफी सहयोग रहता है। कॉंग्रेस जिला महासचिव सह पूजा समिति के अध्यक्ष अमित दुबे ने बताया की इस बार पंडाल को काल्पनिक मंदीर का रूप दिया जायेगा जिसमें हर वर्ष की तरह पूजा के संग संग पंडाल लिगटिंग कर भोग वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विसर्जन में भी मनमोहक ढाकी की प्रस्तुति होगी। भूमिपूजन में कमिटी के सदस्य शंकर पासवान, दीपक, अमन रजक, सनकी सिंह विजय दास, आदि थे।



# 9.5 करोड़ की लागत से खरसावां सीनी सड़क का सौंदर्यीकरण होगा

## विधायक दशरथ गागराई ने राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावा से रांकोकोचा होते हुए सीनी तक का सफर अब और भी सुहाना होगा. पथ निर्माण विभाग की ओर से करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये खर्च कर खरसावां हाई स्कूल से सीनी बाजार तक राइडिंग क्वालिटी में सुधार सह सड़क का सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा. शनिवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां के हाई स्कूल चौक के समीप उक्त कार्य का शिलान्यास किया. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि खरसावा से सीनी तक सड़क के राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य अगले चार माह में पूर्ण कर दिया जायेगा. इससे क्षेत्र के बड़ी आबादी को आवागमन में सुविधा होगी. बताया गया कि इस सड़क में करीब साढे 15 किमी की विशेष मरम्मती की जायेगी. गागराई ने क्षेत्र के विकास में लोगों से मार्गदर्शन व सहयोग करने की अपील की. जर्जर हो चुके ग्रामीण सड़कों का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है. गागराई ने कहा कि क्षेत्र में रोड़ कनेक्टीविटी को मजबूत किया जा रहा है. इससे क्षेत्र के विकास को भी रफ्तार मिलेगी.

**सड़कों के काम में गुणवत्ता पर दें ध्यान : विजय महतो**

मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो ने आरसीडी विभाग से सड़क निर्माण या मरम्मति के कार्यो में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की. उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में भी सड़क के कालिकरण करने का मामला सामने आ रहा है. इस पर विशेष ध्यान देने को कहा. मौके पर मुख्य रुप से विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, उदय सिंहदेव, अनूप सिंहदेव, रानी हेंब्रम, कालीचरण बानरा, कुंवर बानरा, धनु मुखी, ललन तिवारी, गोवरधन राउत, प्रदीप सिंहदेव, नयन नायक अजय सामड़, होपना सोरेन, प्रकाश मुखी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## ड्यूटी से लौट रहे एदलबेड़ा के दो युवकों की ट्रेलर से कुचलकर मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के पाथरडीह हाथी अंडरपास के समीप टाटा रांची राष्ट्रीय मुख्य सड़क 33 पर शुक्रवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई. मृतकों की शिनाख्त आसनबनी पंचायत स्थित एदलबेड़ा के रहने वाले दुखू राम सोरेन और खेतू राम सोरेन के रूप में हुई है. दोनों आसनबनी स्थित एक पेट्रोल पंप में काम करते थे. शुक्रवार को ड्यूटी खत्म कर वापस घर लौटने के दौरान पाथरडीह स्थित हाथी अंडरपास में गलत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर से कुचले जाने के कारण दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही अपना दम तोड़ दिया और दोनों की मौत हो गई. इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के बाद उन्होंने पीछा कर भाग रहे ट्रेलर और उसके चालक को पकड़ लिया. पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जमशेदपुर एमजीएम हॉस्पिटल भेज दिया है। वही एदेलबेड़ा गांव में ये देखा जाये तो एक महीने के अंदर ये चौथी मौत की घटना है। कुछ दिनों के भीतर गांव में एक महिला, और एक व्यक्ति की आकस्मिक निधन हुआ है गांव में दुःख की पीड़ा के साथ ये और दो घटना सामने आई है। जिससे परिजनों के साथ साथ पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है।

## मंत्री बन्ना ने 935 वृद्धा-विधवा पेंशन प्रमाण पत्र का किया किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में शिविर लगाकर जनता से प्राप्त आवेदनों से कुल 935 स्वीकृत वृद्धा-विधवा प्रमाण पत्र स्वास्थ्य बन्ना गुप्ता ने शनिवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय से वितरण किया. मंत्री ने कहा कि किसी भी माँ, बहन,बुजुर्ग को विधवा,वृद्धा पेंशन चालू करवाने के लिए सरकारी कार्यालय में जाकर हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है उनका बेटा बन्ना गुप्ता अभी मौजूद है इस कार्य को वह करवाएगा. मैं ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में घूम घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर इसका लाभ पहुंचाएं. इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, बबुआ झा, प्रभात ठाकुर, रवि दुबे अमित प्रसाद, अर डी राय , आदि थे।

## उपायुक्त ने राजस्व व आंतरिक संसाधन से संबंधित योजनाओं के कार्यप्रगति की समीक्षा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को राजस्व एवं आंतरिक संसाधन से संबंधित वर्चुअल समीक्षा बैठक आहूत की गई। उन्होंने वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण के संबंध में जानकारी ली। धीमी कार्य प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को उन्होंने योजना निर्धारित कर लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। अंचल कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए दाखिल ख़ारिज, सक्सेशन-म्यूटेशन, सीमांकन, परिसोधन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन की वस्तु स्थिति, इ-गवर्नन्स कोर्ट से सम्बन्धित मामले, न्यायालय से सम्बन्धित लंबित वाद, नीलाम पत्र वाद, जाति एवं आय प्रमाण पत्र, पी एम किसान इ - के.वाई.सी इत्यादि का क्रमवार समीक्षा कर लंबित मामलो का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिजेक्ट किए गए आवेदनों के कारण सहित सूची तैयार कर जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अभियान चलाकर पी.एम किसान योजना के शत प्रतिशत लाभुकों का इ - के.वाई.सी करनें के निर्देश दिए। नीलाम पत्र वाद में सुधारात्मक प्रगति लाने तथा मानकी मुंडा, डाकूआ, एवं परम्परागत ग्राम प्रधान को नियमित रूप से सम्मान राशि प्रदान करने तथा नियमानुसार रिक्त पदों के चयन करने के निर्देश दिए। कहा कि आम जनो द्वारा कार्यालय में विभिन्न कार्यो हेतू प्राप्त आवेदन अनावश्यक रिजेक्ट ना हो। वर्चुअल बैठक में अपर उपायुक्त सुबोध कुमार सहित अपर नगर आयुक्त नगर निगम आदित्यपुर, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, वाणिज्य कर आयुक्त आदित्यपुर एवं चाईबासा अंचल, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, विद्युत प्रमंडल सरायकेला एवं आदित्यपुर एवं सभी नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रकाश पर्व पर नवीनीकृत साकची गुरुद्वारा संगत के सहयोग से संगत की सेवा में समर्पित : निशान सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाशोत्सव समागम मौके पर साकची गुरद्वारा का नवीनीकृत दरबार साहिब सुण वडपागिया हर अमृत बाणी राम शब्द गायन के साथ संगत की सेवा में समर्पित किया गया। शनिवार को समागम के दूसरे और अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में सिख संगत का गुर दर्शन को साकची गुरुद्वारा में हाजिर रही। संगत को सम्बोधित करते हुए प्रधान निशान सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व के पावन मौके पर साकची गुरुद्वारा साहिब का दरबार हॉल संगत की सेवा में समर्पित करने का यह भाग्यशाली क्षण केवल और केवल संगत के सहयोग से ही संभव हो पाया है। इस अवसर पर सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह चेयरमैन शैलेंदर सिंह, रेलवे बोर्ड के सदस्य गुरविंदर सिंह शेट्ठी ने भी प्रकाशपर्व में शामिल होकर अपने विचार संगत के बीच रखे। कीर्तन दिवान के दूसरे दिन एक बार फिर दरबार साहिब, अमृतसर से आये महान रागी संदीप सिंह भक्तिरस से लबरेज शब्द-कीर्तन गायन किया। उन्होंने सुण वडपागिया हर अमृत बाणी राम, जिन कउ करम लिखी तिस रिदै समाणी राम, भूलि मालणी है इउ, सतगुर जागता है देउ के अलावा भी अन्य गुरबाणी अनुसार शब्द पढ़कर कर संगत को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शख्सियतों सम्मान किया। इस अवसर पर भगवान सिंह, शैलेन्द्र सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला और गुरविंदर सिंह शेट्ठी को भी सम्मानित किया गया।

## मिलादुन्नबी का चांद दिखने के बाद होगा संयुक्त जुलूस ए मोहम्मदी का आधिकारिक एलान

### 14वां संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी के लिए तंजीम अहले सुन्नत ने शुरू की तैयारियां




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मिलादुन्नबी का चांद दिखने के बाद अकीदत व एहतराम के साथ 14 वां संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जायेगा. इस अवसर पर मानगो गांधी मैदान से विशाल जुलूस निकाला जायेगा। जुलूस साकची आमबगान से होकर घातकीडीह सामुदायिक भवन मैदान में समाप्त होगा. आयोजन को लेकर शुक्रवार को तंजीम अहले सुन्नत व जमात की बैठक मदरसा फजूल उलूम स्थित हाल में आयोजित की गई. बैठक में मजलिस ए शूरा और इंतेजामिया के लोगों ने शिरकत की. बैठक में पैगम्बर मुहम्मद साहब की शान में शानदार और भव्य मुत्तहिदा जुलूस-ए-मोहम्मदी शानदार तरीके से निकालने और ईद मिलादुन्नबी की तैयारीयो पर चर्चा की गई. बैठक में तंजीम के जनरल सेक्रेटरी प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया की चांद दिख जाने के बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी की तिथि का अधिकारिक एलान किया जायेगा. जुलूस का नेतृत्व हर साल की तरह इस साल भी तंजीम अहले सुन्नत व जमात द्वारा किया जाएगा. रबीउल अव्वल का चांद दिख जाने के बाद शहर के अल्लामा,मस्जिद कमेटियां और शहर के प्रमुख बुद्धिजीवी इस पर अंतिम फैसला लेंगे. मस्जिद, मदरसा और मोहल्लों में नबी की शान में लिखे बैनर लगाये जायेंगे और विद्युत सज्जा की जायेगी. बैठक में मुख्य रूप से मौलाना शमशाद उल कादरी, मौलाना बुरहान उल हुदा, हाजी मुख्तार सफी,सैयद शौकत अली, ताहिर खान, शाहिद अत्तारी, मुफ्ती अबू हुरैरा, माजिद अख्तर, हाजी अब्दुल रऊफ मुन्ना, इश्क अंजुम उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब ने किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज ने अपने शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम रोटरैक्ट क्लब, करीम सिटी कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया। कॉलेज के ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ तमल देब (फिजिशियन मरसी हॉस्पिटल, जमशेदपुर) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ एस राजी (वाइस चांसलर अल्का जैन विश्वविद्यालय) डॉ अनूप गुप्ता (ऑर्थोपेडिक सर्जन) तथा मदन बिहारी उपस्थित थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अपने स्वागत भाषण में डॉ तमल देब के कॉलेज में पहली बार आगमन एवं सहयोगपूर्ण योगदान पर अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मानव जीवन का सबसे अनमोल रत्न है। मुख्य वक्ता डॉ तमल देब ने सभा को संबोधित करते हुए टी बी जैसी खतरनाक बीमारी के कारणों, लक्षणों तथा उसे सुरक्षित रहने के उपायों पर विस्तृत वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि टी बी लाइलाज नहीं है फिर भी दुनिया में एचआईवी से भी अधिक मृत्यु इसी के कारण होती है। यह बीमारी एक आदमी से दूसरे आदमी में सांसों के संपर्क से फैलती है। सरकार टी बी के मरीजों के लिए मुफ्त जांच और मुफ्त इलाज के अतिरिक्त अन्य सहयोग भी प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन रोटरैक्ट क्लब के मॉडरेटर डॉ उधम सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डा बसूधरा राय ने किया।

## टाटा स्टील ने विश्व ओजोन दिवस पर किया जागरुकता कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज अपने परिचालन स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से विश्व ओजोन दिवस मनाया। जमशेदपुर में एयर कंडीशनर में ओजोन क्षयकारी पदार्थों (ओडीएस) का उपयोग और ओडीएस को प्रभावी ढंग से कम करने पर टाटा स्टील की पहल विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी जीतेंद्र प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए जाने के दिन के उपलक्ष्य में हर साल 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना है। टाटा स्टील कलिंगानगर की एनवायरनमेंट टीम द्वारा ओजोन परत की सुरक्षा के तरीकों पर एक और ज्ञानवर्धक जागरूकता सत्र का आयोजन जखापुरा हाई स्कूल में सफलतापूर्वक किया गया। कक्षा 8, 9 और 10 के छात्रों ने दिलचस्प प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## सभ सिखन को हुक्म है गुरू मान्यो ग्रंथ, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व मना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** श्री गुरु नानक सभा बारीडीह गुरुद्वारा में शनिवार को सिखों के जीवंत गुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश का 420 वां पर्व परंपरानुसार मनाया गया। भाई मनप्रीत सिंह के जत्था के साथ ही स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी दलविंदर कौर देबा, मनजीत कौर, निर्मल कौर, मनप्रीत कौर मनविंदर कौर ने कीर्तन गायन किया। स्त्री सत्संग सभा की ओर से गुरु के वजीर बाबा निरंजन सिंह, सेवादार बीबी परमजीत कौर, सेंट्रल सिख स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी रविंद्र कौर, कमलजीत कौर सुखदीप कौर को सम्मानित किया गया। की प्रधानगी में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। सुबह में श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया उसके उपरांत समस्त जीवों के कल्याण की अरदास बाबा जी ने की। सैंकड़ों श्रद्धालु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे नतमस्तक हुए और उनके अनुसार चलने की प्रतिबद्धता दोहराई और श्रद्धा के साथ लंगर ग्रहण किया। गुरु इतिहास की जानकारी महासचिव सुखविंदर सिंह एवं बीवी दलविंदर कौर ने दी। प्रधान कुलबिंदर सिंह, चेयरमैन सरदार करतार सिंह, महासचिव सुखविंदर सिंह, डिप्टी प्रधान ज्ञानी कुलदीप सिंह, संयुक्त महासचिव जसवंत सिंह, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह भामरा, मार्गदर्शक बलविंदर सिंह, सलाहकार अवतार सिंह, साधू सिंह, सुखदेव सिंह गिल, बलदेव सिंह, गुणवीर सिंह, गुरमीत सिंह, गुरुप्रीत सिंह, राजदीप सिंह, परमीत सिंह, संदीप सिंह, तेजवीर सिंह, सिमरजीत सिंह आदि ने संगत की सेवा दी।

## संपादकीय

# यह कैसा विशेष सत्र

'खोद पहाड़, निकली चुहिया और वह भी मरी हुई...।' संसद के विशेष सत्र की घोषित कार्यसूची पर यह कहावत सटीक बैठती है। मोदी सरकार ने अचानक संसद सत्र की घोषणा की थी, जबकि मानसून सत्र 11 अगस्त को ही स्थगित किया गया था। परंपरा के मुताबिक अब शीतकालीन सत्र आना है। सरकार या तो घोषित करे कि शीतकालीन सत्र नहीं होगा। फिर सवाल है कि लेखानुदान कब पारित किया जाएगा? संपूर्ण बजट तो नई सरकार बनने के बाद ही पारित किया जा सकता है। यदि पारित आर्थिक बजट नहीं होंगे, तो सरकार खर्च कैसे चलाएगी और सरकारी अफसरों, कर्मचारियों के वेतन कैसे दिए जाएंगे? संवैधानिक वर्ग के पदेन चेहरों के वेतन-भत्ते भी लटक कर रह जाएंगे। हमारी व्यवस्था संसदीय कार्यवाही और उसके निर्णयों पर ही आश्रित है। बहरहाल 13 सितंबर को संसद सत्र की कार्यसूची जारी की गई। 17 सितंबर को सर्वदलीय औपचारिक बैठक है। इसी दिन प्रधानमंत्री का जन्मदिवस और 'विश्वकर्मा जयंती' है। प्रधानमंत्री नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू होगा, क्योंकि देश के 'फ्लैग कोड' के मुताबिक, किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही यह दर्जा मिल पाता है। 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र आरंभ होगा। हालांकि यह संयुक्त अधिवेशन के बजाय 'संयुक्त आयोजन' के रूप में आहूत किया जाएगा। उस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित रह सकती हैं। इसे राष्ट्रपति की 'गरिमामय मौजूदगी' कहा गया है। गणेश चतुर्थी 19 सितंबर को नए संसद भवन में कामकाज आरंभ किया जाएगा। बहरहाल सत्र में कुल चार बिल पारित किए जाने हैं। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा-शर्तों वाला बिल है, जिसे मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किया गया था। इस संदर्भ में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और संवैधानिक पीठ का भारत सरकार पर दबाव था कि चुनाव आयुक्तों को चुनने की एक संवैधानिक प्रक्रिया होनी चाहिए। सरकार अपनी मर्जी से किसी को भी चुनाव आयुक्त नहीं बना सकती। सर्वोच्च अदालत का सुझाव था कि प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश मिलकर चयन करें कि कौन चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्त किया जा सकता है। मोदी सरकार ने इस फॉर्मूले को खारिज कर अपना ही पैनल बनाया है, जिसमें प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष होंगे। कोई भी कैबिनेट मंत्री प्रधानमंत्री की मानसिक पसंद और उनके फैसले के खिलाफ जाने का दुस्साहस कैसे कर सकता है? लोकसभा में फिलहाल नेता प्रतिपक्ष नहीं है। अलबत्ता विपक्ष में कांग्रेस संसदीय दल सबसे बड़ा है, लिहाजा उसके नेता अधीर रंजन चौधरी को ऐसे पैनल में रखा जाता है। यह उन पर है कि वह शामिल होते हैं अथवा नहीं। संभावना है कि संसद में यह बिल पारित होने के बावजूद सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ संवैधानिक समीक्षा के नाम पर हस्तक्षेप कर सकती है। बहरहाल इसके अलावा, अधिवक्ता संशोधन बिल और प्रेस एवं सावधि प्रकाशनों के पंजीकरण का संशोधन बिल मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पारित किए जा चुके हैं। डाकघर संशोधन बिल भी मानसून सत्र में राज्यसभा में पेश किया जा चुका है। हमारा मानना है कि ये बिल संसद के शीतकालीन सत्र में भी पारित किए जा सकते थे। इनकी न्यूनतम अवधि 6 माह है और अभी सरकार भी नहीं बदली है। लोकसभा और राज्यसभा के सदन यथावत निरंतर हैं, लिहाजा इन बिलों के संदर्भ में ऐसी कोई तात्कालिक संवैधानिक अड़चन दिखाई नहीं देती कि संसद का विशेष सत्र बुलाना पड़ा। महिला आरक्षण बिल की बहुत चर्चा थी, क्योंकि यूपीए सरकार के दौरान वह बिल राज्यसभा में पारित किया गया था। उसके बाद लोकसभा भी दो बार संगठित की जा चुकी है और बिल को पारित किए करीब 15 साल गुजर चुके हैं। अब वह फैसला खारिज हो चुका है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भी विभिन्न अवसरों पर कह चुके हैं कि सदनों और राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। ऐसी तमाम चर्चाओं को मोदी सरकार ने खारिज कर दिया। 'एक देश, एक चुनाव' पर तो फिलहाल समिति काम कर रही है। यह ऐसा विशेष संसद सत्र होगा, जिसमें बेहद सामान्य मुद्दे और बिल पेश तथा पारित किए जाएंगे।


प्रधानमंत्री नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू होगा, क्योंकि देश के 'फ्लैग कोड' के मुताबिक, किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही यह दर्जा मिल पाता है। 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र आरंभ होगा। हालांकि यह संयुक्त अधिवेशन के बजाय 'संयुक्त आयोजन' के रूप में आहूत किया जाएगा। उस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित रह सकती हैं। इसे राष्ट्रपति की 'गरिमामय मौजूदगी' कहा गया है। गणेश चतुर्थी 19 सितंबर को नए संसद भवन में कामकाज आरंभ किया जाएगा। बहरहाल सत्र में कुल चार बिल पारित किए जाने हैं। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा-शर्तों वाला बिल है, जिसे मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किया गया था। इस संदर्भ में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और संवैधानिक पीठ का भारत सरकार पर दबाव था कि चुनाव आयुक्तों को चुनने की एक संवैधानिक प्रक्रिया होनी चाहिए।


## कुछ अलग

# फिल्म से कहीं ज्यादा

देश की वास्तविकता को देश कितना देखता है या हकीकत से रूबरू होने के लिए मीडिया पर कितना भरोसा करें, यह बहस का विषय अब रहा नहीं। पिछले कुछ सालों में हमने जो देखा, वह सुनाई नहीं दिया और जो मीडिया ने सुनाया, उसे सुनकर कान बहरे और दृष्टि कमजोर होती गई। ऐसे में नागरिक के सवाल लाभार्थी होने की मचान पर चले गए, जबकि देश का गुणगान करना हमारी व्यथा हो गई। इस दौरान दिखाने वाल मीडिया, पढ़ाने वाली पत्रकारिता और समाज के मनोरंजन में नफरत का बाजार गर्म करने वाला फिल्म जगत इतना परवान चढ़ गया कि फिल्में सियासत की तिजोरी को गर्म करने लगीं या लोगों को भीड़ बनाकर जोतने लगीं। जहां कहने की बात सुनने की फिरौती बन जाए या देश एक तरह के राग द्वेष में पहेलियों के अर्थ बदलने लगे, वहां एक सच्ची अभिव्यक्ति की जरूरत थी, जिसे पूरा करने की वजह से देशभर में 'विक्रम राठौड़' जीत रहा है। यह विक्रम राठौर पिछले कुछ वर्षों से नदारद था या इसे हमारी व्यवस्था ने ही कहीं कैद करके रखा था। यह 'विक्रम राठौर' हमारे भीतर भी था। मीडिया के भीतर भी था और फिल्मों के विषयों में भी था, लेकिन हम सभी ने पिंजरे बना लिए थे। इस 'विक्रम राठौर' को शाहरुख खान ने अपनी ताजातरीन फिल्म 'जवान' में जिंदा कर दिया है। यह फिल्म वही सब कुछ बोल रही है, जो हमारे कानों में पहले से मौजूद है। यह वही दिखा रही है, जो हमारी लोकतांत्रिक आंखें देख रही हैं। 'जवान' फिल्म खेत में किसान को, बैंक में आम उपभोक्ता को व चुनाव में ईवीएम मशीन के जरिए आम मतदाता के साथ बोल रही है। फिल्म का एक व्यावसायिक पक्ष रहा होगा या फिल्म इंडस्ट्री के बासीपन को मिटाने की भूख रही होगी, लेकिन देश में 'वक्त' की सही परिस्थिति का मुआयना अगर 'जवान' के जरिए हो रहा है, तो यह कालखंड याद किया जा रहा है। फिल्म दर्शक अभी कुछ दिन पहले तक एक खास मजमून की तलाश में इतिहास देख रहे थे, लेकिन 'जवान' के माध्यम से वे हकीकत से रूबरू होने के लिए थियेटर से वास्तविकता के शब्द खोज रहे हैं। यह नागरिक संवाद की नई परिभाषा है जो फिल्मी पर्दे पर एक जुनून की तरह चिन्हित है। हम इसे महज फिल्म या फिल्म का क्रॉफ्ट मानें, लेकिन विषयों की तीव्रता में जिस हिंदोस्तान को शाहरुख खान दिखा रहे हैं, वहां फिल्म से कहीं ज्यादा देश की समीक्षा हो रही है। देश की समीक्षा में किसानों की आत्महत्या के कारण दिखाई दे रहे हैं। सरकारी अस्पतालों की स्थिति दिखाई दे रही है, तो ऑक्सीजन को तड़पती लाशों के बीच भी गुनाह ढूंढने की व्यवस्था में कोई निर्दोष शहीद हो रहा है। व्यवस्था के दागों पर फिल्म की टिप्पणियां रौंगटे खड़े कर देती हैं, तो क्या वहां दर्शक सिर्फ फिल्म देख रहा है। यकीनन नहीं क्योंकि वहां वह व्यवस्था की आंच में खुद को टटोल रहा है।

## राजस्थान, एवं छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सीटों से चुनाव लड़ने की उसकी घोषणा ने इंडिया में खलबली मचा दी है

# इंडिया महागठबंधन की बड़ी बाधा न बन जाये 'आप'

**ललित गर्ग**


महागठबंधन में भले ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साथ दिख रहे हों लेकिन कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ही ममता को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए जी-20 के भोज में शामिल होने पर कटाक्ष कर चुके हैं। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी के नेता नेतृत्व की मांग कर चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है। हर राज्य में अमूमन कुछ न कुछ यहीं स्थिति है। ऐसे में महागठबंधन की राह आसान तो कतई नहीं है।


आज की राजनीति सत्ताकांक्षी अधिक है, जबकि उसका मूल लक्ष्य राष्ट्र-निर्माण एवं राष्ट्र उन्नति कहीं गुम हो गया है। हर राजनैतिक दल राष्ट्रहित नहीं, अपने स्वार्थ की सोच रहा है। जैसे-जैसे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं अगले वर्ष आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हर दल येन-केन-प्रकारेण ज्यादा-से-ज्यादा वोट प्राप्त करने की तरकीबें निकाल रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के महागठबंधन 'इंडिया' के बनने से पहले ही उसमें सीटों एवं शीर्ष नेतृत्व को लेकर फूट, अलग सुर, ऊंची महत्वाकांक्षा और बेतरतीब तालमेल दिखने लगा हैं। इसमें सबसे ज्यादा अति-महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी सेंध लगा रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सीटों से चुनाव लड़ने की उसकी घोषणा ने इंडिया में खलबली मचा दी है। निश्चित ही वर्तमान राजनीति परिवेश में आम आदमी पार्टी ने अपनी स्वतंत्र जगह बनाई है, भविष्य में यह दल प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभर कर सामने आ जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। राजनीति में अक्सर यह कहा जाता है कि जो दिखता है वह होता नहीं और जो होता है वह दिखता नहीं। विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में बेनतीजा रही। इसमें नेतृत्व के मुद्दे और सीटों को लेकर फैसला लिया जाना था, उस पर अब भी आपसी सहमति नहीं बन पाई है। सहमति बनाना आसान भी नहीं दिख रहा है। महागठबंधन में सबकुछ ठीक दिख नहीं रहा है। कोलकाता में भी ममता दीदी को नेतृत्व करने के लिए आवाज उठ रही है। महागठबंधन में भले ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साथ दिख रहे हों लेकिन कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ही ममता को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए जी-20 के भोज में शामिल होने पर कटाक्ष कर चुके हैं। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी के नेता नेतृत्व की मांग कर चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है। हर राज्य में अमूमन कुछ न कुछ यहीं स्थिति है। ऐसे में महागठबंधन की राह आसान तो कतई नहीं है।

आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ सालों कई राज्यों तक अपना विस्तार कर लिया है। दिल्ली के बाद उसने पंजाब में सरकार बनाई है, गुजरात में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी किस्मत अजमाने के साथ इसी कड़ी में



बिहार में भी चुनाव लड़ने जा रही है। असल में गतदिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने अपने बिहार के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। उस बैठक के बाद ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने बताया कि पार्टी बिहार में भी चुनाव लड़ेगी। उनके मुताबिक चुनाव लड़ने या ना लड़ने का सवाल ही नही उठता है, चुनाव में तो उतरना ही पड़ेगा। अब आम आदमी पार्टी के इन मंशाओं एवं घोषणाओं का इंडिया महागठबंधन पर असर होना स्वाभाविक है। आरजेडी नेता और सांसद मनोज झा ने दो टूक कहा है कि जिस समय विपक्षी एकता की नींव रखी गई थी, ये साफ किया गया था कि सभी पार्टियों को कुछ नियमों को पालन करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आम आदमी पार्टी भी उन सिद्धांतों का पालन करेगी। वैसे आम आदमी पार्टी के लिए बिहार कोई पहला राज्य नहीं है जहां वो दूसरे दलों के विरोध के बीच उतरने की बात कर रही हो।

कुछ दिन पहले ही आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दोनों ही राज्यों में उनकी तरफ से कांग्रेस पर निशाना भी साधा गया। इसी कड़ी में दिल्ली में कांग्रेस ने भी तल्ख तेवर दिखाते हुए कह दिया कि सातों सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। यानी कि हर तरफ इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती वाली स्थिति बन रही है। अब आम आदमी पार्टी की मंशा यह भी है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में चुनाव न लड़े। विपक्षी गठबंधन की पटना बैठक के दौरान आप नेताओं ने अपने बयानों में इस बात का जिक्र भी किया था। आप नेताओं ने ऐसा करने पर कांग्रेस के साथ आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सहयोग करने के लिए राजी होने के संकेत दिए थे, पर इस मसले पर कांग्रेस नेताओं के अलग-अलग विचार हैं, जिसकी वजह से बात अभी तक नहीं बन पाई है। आप पार्टी एवं उसके नेता केजरीवाल की राजनीति एवं सोच अति महत्वाकांक्षी है, उनका व्यवहार झूठा है, चेहरों से ज्यादा नकाबें उन्होंने ओढ़ रखी है, उन्होंने सारे लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक मूल्यों को धराशायी कर दिया है। ऐसी महत्वाकांक्षी राजनीति के चलते इंडिया महागठबंधन के भविष्य को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन रही हैं। वक्त आ गया है कि देश की राजनीतिक संस्कृति की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिये सतर्क एवं सावधान होना होगा। दिशाशून्य हुए विपक्षी नेतृत्व को नये मानदण्ड स्थापित करने होंगे। बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा कहते हैं कि गठबंधन को सफल बनाने के लिए इसमें शामिल प्रत्येक राजनीतिक दल को तीन चीजों का त्याग करना होगा- महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद। पर खुद आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। जो राजनीतिक दल फर्जीवाड़े एवं भ्रष्टाचार को सामान्य मानते हैं, हर कहीं जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए कुछ भी कह दो, कुछ भी कर लो और उजागर होने पर माफी मांगकर आगे बढ़ जाओ की विकृत सोच, चालाकी एवं अवसरवादी राजनीति पर नियंत्रण करना होगा। दरअसल गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां महत्वाकांक्षा को त्यागने के दावे तो बहुत करती हैं पर वास्तव में कोई तैयार नहीं होता है।

इंडिया महागठबंधन में आम आदमी पार्टी सीटों के प्रश्न पर सबसे ज्यादा जड़ बनी हुई है। हरियाणा- दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की बढ़ती राजनीतिक इच्छाएं मुश्किल का सबब बन रही हैं। दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी कोई भी अपना हित छोड़ने को तैयार नहीं है। दिल्ली-पंजाब और हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की राज्य इकाइयां खुलकर आमने-सामने हैं। ऐसी स्थितियों में इंडिया का एजेंडा कैसे आगे बढ़ेगा? निश्चित ही इन स्थितियों में भारतीय जनता पार्टी की राह आसान होती हुई दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देने की इंडिया एवं आम आदमी पार्टी की इच्छा आकार लेती हुई दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। भले ही 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मोदी को चुनौती देने के लिए केजरीवाल खुले तौर पर इंडिया महागठबंधन में शामिल हो गए। लेकिन केजरीवाल के कई अगर-मगर हैं। वह खुद के बुते ही चुनाव लड़ने की मानसिकता के शिकार है। इसीलिये 'आप' रोजी-रोटी के मुद्दों और आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। केजरीवाल हिन्दू मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए नरम हिन्दुत्व का खेल भी खेल रही हैं।

# राजस्थान, गांव और पानी


रेगिस्तानी राज्य होने के कारण आज भी यहां के बहुत से गांव पानी को तरस रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए राजा महाराजाओं ने भी काफी प्रयास किया था। इसके तहत बावड़ी, कुंए और तालाब का निर्माण कराया गया। लेकिन इससे पूरी तरह से समस्या का हल नहीं हुआ। यदि लोगों को पीने का पानी मिलने लगा तो सिंचाई की समस्या बनी रही। आज़ादी के बाद केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक ने इस समस्या के हल के लिए गंभीरता से ध्यान दिया। इस सिलसिले में 30 मार्च 1958 को महत्वाकांक्षी जल परियोजना 'राजस्थान नहर' का शुभारंभ किया गया। जिसे बाद में 2 नवंबर 1984 को इसे 'इन्दिरा गांधी नहर परियोजना' के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। लेकिन इसके बाद भी लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। दूर दराज़ के कई गांव पानी को तरस रहे हैं।


भारत जैसे विशाल भूभाग पर भिन्न भिन्न जलवायु और भौगोलिक परिस्थिति देखने को मिलती है। मेघालय स्थित मासिनराम और चेरापूंजी जहां सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के रूप में दर्ज है, तो वहीं राजस्थान का जैसलमेर सबसे अधिक सूखा वाला स्थान माना जाता है। जहां देश के अन्य सभी ज़िलों की अपेक्षा न्यूनतम वर्षा दर्ज की जाती है। यही कारण है कि राजस्थान में पानी की समस्या का होना एक आम उदाहरण है। रेगिस्तानी राज्य होने के कारण आज भी यहां के बहुत से गांव पानी को तरस रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए राजा महाराजाओं ने भी काफी प्रयास किया था। इसके तहत बावड़ी, कुंए और तालाब का निर्माण कराया गया। लेकिन इससे पूरी तरह से समस्या का हल नहीं हुआ। यदि लोगों को पीने का पानी मिलने लगा तो सिंचाई की समस्या बनी रही। आज़ादी के बाद केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक ने इस समस्या के हल के लिए गंभीरता से ध्यान दिया। इस सिलसिले में 30 मार्च 1958 को महत्वाकांक्षी जल परियोजना 'राजस्थान नहर' का शुभारंभ किया गया। जिसे बाद में 2 नवंबर 1984 को इसे 'इन्दिरा गांधी नहर परियोजना' के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। लेकिन इसके बाद भी लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। दूर दराज़ के कई गांव पानी को तरस रहे हैं।



राज्य के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का ढाणी भोपालाराम गांव इसका एक उदाहरण है, जहां के लोग पानी न होने की समस्या का सामना कर रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या यह समस्या ऐसे ही राजस्थान के गांव और ज़िलों में परेशानी का कारण बनी रहेगी? इस संबंध में गांव के निवासी 40 वर्षीय विनोद का कहना है कि 'हमारे बुजुर्ग बताते थे कि इस गांव में पहले पानी की पर्याप्त व्यवस्था थी। पानी इतना उपलब्ध हो जाता था कि लोग अगली वर्षा तक अपनी सभी ज़रूरतें पूरी कर लिया करते थे। लेकिन अभी कोई व्यवस्था नहीं है। पहले के लोग पानी को इकट्ठा करना जानते थे। आज से कई साल पहले एक कुंई का निर्माण करवाया गया था। उस वक्त इस गांव जनसंख्या इतनी नहीं थी। बारिश का जो पानी इकट्ठा होता था इससे इनका एक साल निकल जाता था और पशुओं के लिए भी वह उपयोग में लाया जाता था।' उन्होंने बताया कि इस गांव में पहले निवासियों के साथ साथ पशुओं के लिए भी पानी की उचित व्यवस्था होती थी। लेकिन जैसे जैसे गांव की जनसंख्या बढ़ने लगी तो उनकी देखरेख भी बंद होने लग गई। जिससे लोगों और पशुओं को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि इंदिरा गांधी नहर के तहत लूणकरणसर में पानी आता है। जिसका प्रतिदिन का खर्च पांच हज़ार होता है। लेकिन इसके बावजूद पशुओं के लिए पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पाती है। जब बारिश होती है तो लोग पानी इकट्ठा करते हैं। जिससे गांव के पशु के पीने के उपयोग में लाया जाता है। जबकि घरों के लिए टैंकर से पानी मंगवाया जाता है। जिसका खर्च लगभग 1000 से 1500 रुपए तक आता है। जबकि गांव वालों की आमदनी इतनी नहीं है कि वह इस खर्च को प्रतिदिन वहन कर सकें। इसीलिए वह बारिश के पानी पर निर्भर रहने लगे हैं। अब तो बारिश होने से एक ही फसल प्राप्त हो पाती है। जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर और दयनीय होती जा रही है। इस सिलसिले में गांव के एक 75 वर्षीय बुजुर्ग तालुराम जाट कहते हैं कि 'पानी की कमी के संबंध में हमने गांव के सरपंच से शिकायत भी की है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पानी का संकट इस स्तर पर आगे बढ़ता जा रहा है कि कोई कुछ नहीं कर पा रहा है। यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो गांव वालों को भीषण जल संकट से गुज़रना पड़ सकता है।' राजस्थान में जाति व्यवस्था के संकट ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को और भी बढ़ा दिया है। इस संबंध में निम्न समुदाय से संबंध रखने वाली गांव की एक किशोरी लक्ष्मी का कहना है कि 'गांव में जातिवाद के आधार पर पानी का बटवारा होता है। जब गांव की कुंई में पानी आता है तो सबसे पहले स्वर्ण जाति की महिलाओं को पानी भरने दिया जाता है। इसके बाद ही निम्न वर्ग की महिलाओं को पानी भरने की अनुमति होती है।' उसका कहना है कि इस गांव में जलापूर्ति की सबसे बड़ी समस्या है। सरपंच से बात होने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गांव के लोग लूणकरणसर ब्लॉक से पानी का टैंकर मंगवा कर अपना जीवन चला रहे हैं। लेकिन यह समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। गांव के निवासी नाथूराम गोंडा का कहना है कि गांव के लोग पहले हैंडपंप की सहायता से पानी निकाल लेते थे। लेकिन उसकी उचित देखरेख नहीं होने के कारण वह पिछले 15 वर्षों से खराब पड़ी है। वर्तमान में, राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 18 प्रतिशत ही पाइप से पानी की आपूर्ति की जाती है। जिसे जल जीवन मिशन के तहत शत प्रतिशत घरों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर काम कर रहे हैं। घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंचाने की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 3 160 लाख करोड़ रुपए लागत आने का अनुमान है, जिसमें केंद्र सरकार 2 108 करोड़ रुपए का अंशदान दे रही है। जल जीवन मिशन के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट में 11500 करोड़ आवंटित किए गए हैं लेकिन सरकार द्वारा इतने परियोजनाओं व जल जीवन मिशन जैसे योजनाओं के बाद भी गांव में पानी का संकट दूर होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इसके लिए हर पहलू और हर स्तर पर जल्द से जल्द कार्रवाई की आवश्यकता है।

## दृष्टिकोण

# हिंदी पखोड़े का पकौड़ा!

घर से बाहर निकला तो सामने शास्त्रीजी के लॉन में टैंट लगा हुआ था। शास्त्रीजी कुछ काम कर रहे थे। जिज्ञासावश मैं अंदर लॉन में गया तो भट्टी पर कढ़ाई चढ़ी हुई थी और हलवाई पकौड़े तल रहा था। मेरी समझ में कुछ नहीं आया कि आखिर माजरा क्या है? मैंने शास्त्रीजी से ही पूछा -'शास्त्रीजी, आज क्या प्रोग्राम है? पकौड़े कैसे तले जा रहे हैं?' शास्त्रीजी मेरे पास ही आ गए और बोले -'शर्मा जी, आपको कुछ भी पता नहीं होता। अरे भाई आज से हिंदी पखोड़ा (पखवाड़ा) शुरू हो गया है। अभी शाम को हिंदी के उन्नयन के लिए संगोष्ठी होगी, तत्पश्चात हिंदी सेवियों के लिए पकौड़ा-जलेबी का हैवी नाश्ता दिया जाएगा।' मैंने कहा -'लेकिन हिंदी उन्नयन और पकौड़ा-जलेबी का तालमेल मेरी समझ में नहीं आ रहा?' वे हंसने लगे और बोले -'मैं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का प्रधानमंत्री हूं और विगत चालीस वर्षों से मैं यह अनुष्ठान करता आ रहा हूं। हिंदी के लिए मैंने अपना पूरा जीवन लगा दिया है।' मैं बोला -'लेकिन उन्नयन में, यह भी अजब-गजब है।' वे बोले -'ये सब हिंदी की देन है। सरकार हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए इतना अनुदान संस्था को देती है कि मैं असली घी का गाजर का हलवा भी खिलाता रहूं तो पूरे वर्ष राशि खत्म नहीं हो।' मैंने कहा -'लेकिन आपके दोनों बेटे अंग्रेजी माध्यम से पढ़कर ही आगे बढ़ पाए हैं। इसमें हिंदी का कोई योगदान न आपने लिया, न हिंदी ने दिया।' वे बोले -'शर्मा जी, वे अंग्रेजी से राइज कर पाए और मैं हिंदी से, फर्क इतना सा है। बाकी कोई अंतर है नहीं।' मैं बोला -'मेरा मतलब वे भी तो हिंदी सेवी हो सकते थे।' शास्त्री ने बात को विराम देने के लिहाज से कहा -'शर्मा जी, छोड़िए इस मुद्दे को। यह लंबी बहस की बात है। आप तो आइए और हिंदी का पकौड़ा भरपेट खाइए।' यह कहकर वे एक खाली प्लेट लेकर पकौड़े लेने चले गए। तभी वहां अन्य हिंदी सेवियों का भी आगमन शुरू हो गया। थोड़ी देर में तो पांडाल में हिंदी सेवियों की पूरी जमात आ इक_ा हुई। वे सब प्लेटों में जलेबी-पकौड़ा भर-भर कर गरमा-गर्म बातचीत के बीच पेट भराई में जुटे थे। शास्त्रीजी ने एक प्लेट भरकर मुझे भी पकड़ा दी। जाते-जाते बोले -'मुझे पता है शर्मा जी, हिंदी सेवा को लेकर आपके मन में द्वंद्व छिड़ा हुआ है। उसके लिए पूरा पखोड़ा पड़ा है, आज केवल पकौड़ा।' यह कहकर वे चले गए। मेरे पास एक बुजुर्ग सज्जन खड़े हुऐ थे तथा प्लेट खाली कर रहे थे, मैंने उन्हीं से पूछा -'क्यों सर, आप कब से हिंदी सेवा से जुड़े हुए हैं।' उनके पास भी वक्त नहीं था, वे बोले -'आधा घंटे बाद बात करेंगे, फिलहाल केवल पकौड़ा।' मैं चुप हो गया। मैंने भी प्लेट सलटाने का कार्य शुरू किया तो पाया कि हिंदी सेवा का पकौड़ा बेहद स्वादिष्ट था। तभी एक सज्जन मेरे पास आए और बोले -'माफ करिए, आपको पहले कभी नहीं देखा। आपका परिचय?' मैं बोला -'मैं शास्त्रीजी का पड़ौसी हूं।

## देश दुनीया से

# पहाड़ों का हमदर्द बनना होगा

धरती के सीने पर कुदरत की भव्य संरचना पहाड़ मजबूती व निर्भीकता का प्रतीक होते हैं। 'हुस्न पहाड़ों का' भारत की मारूफ गुलुकारा लता मंगेशकर द्वारा गाया यह मशहूर नगमा पहाड़ों की शबाहत को जाहिर करता है, मगर आलम यह है कि पर्यटन, आस्था व सुकून का केन्द्र रहे पहाड़ संकट के बेहद नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। गहरे जख्म देने वाली कुछ अफसोसनाक तारीखें एक मुद्दत गुजर जाने के बाद भी नहीं मिटती। आसमान से आफत बनकर बरसी बरसात व दरकते पहाड़ों ने हिमाचल की भोली-भाली विरासत के लोगों को कभी न भूलने वाले गहरे घाव दिए हैं। मगर गुजरी हुई शब का मातम मनाने से कुछ हासिल नहीं होता। कामयाबी का मुनासिब मुकाम हासिल करने के लिए नई सहर के उगते हुए आफताब से निगाहें मिलाकर चलना पड़ता है। मुश्किल वक्त की चुनौतियों को हौसले की बुनियाद पर ही फतह किया जा सकता है। विडंबना है कि पर्यटन क्षेत्र से लेकर देश की उन्नति से जुड़े मुद्दों पर मुल्क के हुक्मरानों की निगाहों का मरकज हमेशा पहाड़ ही बने हैं। पहाड़ों के पानी ने देश की तकदीर व तस्वीर बदल कर विकास के बेमिसाल मजमून लिखकर आलमी सतह पर देश का मान बढ़ाया है, तो पहाड़ की जवानी देशरक्षा के महाज पर राष्ट्र के लिए ही समर्पित रही है।




1960 का दशक, जब देश की करोड़ों आबादी पेयजल के संकट से जूझ रही थी, लोग बिजली से महरूम थे, 1962 में चीन तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में देश की मईशत चरमरा चुकी थी, मुल्क खाद्यान्न की भारी किल्लत से जूझ रहा है, उस वक्त मुल्क के हुक्मरानों ने उन चुनौतियों से निपटने के लिए भाखड़ा बांध व पौंग डैम की संगे बुनियाद हिमाचल की सरजमीं पर रखी थी। बांधों के पानी से उत्पन्न बिजली से पड़ोसी सूबे अफरोज हुए। पड़ोसी राज्यों की मरूस्थलीय भूमि शादाब हुई। हरित क्रांति का आगाज हुआ, मगर उस कुर्बानी का नजराना हिमाचल के हजारों परिवारों को विस्थापन के रूप में मिला।


1960 का दशक, जब देश की करोड़ों आबादी पेयजल के संकट से जूझ रही थी, लोग बिजली से महरूम थे, 1962 में चीन तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में देश की मईशत चरमरा चुकी थी, मुल्क खाद्यान्न की भारी किल्लत से जूझ रहा है, उस वक्त मुल्क के हुक्मरानों ने उन चुनौतियों से निपटने के लिए भाखड़ा बांध व पौंग डैम की संगे बुनियाद हिमाचल की सरजमीं पर रखी थी। बांधों के पानी से उत्पन्न बिजली से पड़ोसी सूबे अफरोज हुए। पड़ोसी राज्यों की मरूस्थलीय भूमि शादाब हुई। हरित क्रांति का आगाज हुआ, मगर उस कुर्बानी का नजराना हिमाचल के हजारों परिवारों को विस्थापन के रूप में मिला। बिलासपुर, ऊना व कांगड़ा के सैकड़ों गांवों की इन जलाशयों में जल समाधि दे दी गई। बिलासपुर में चंदेल राजवंश की कहलूर रियासत की राजधानी गोविंद सागर झील की आगोश में समा गई। प्रदेश में कीरतपुर-मनाली जैसे फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्गों व कई पुलों तथा सुंरगों का निर्माण हो रहा है। रेलवे लाइन की बिसात बिछ रही है। इन विकास कार्यों का सीधा संबंध देश के रक्षा क्षेत्र की मजबूती के लिए है ताकि लेह, लद्दाख व सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भारतीय सेना की पहुंच आसान हो सके। परंतु इन विकास कार्यों के चलते राज्य के सैकड़ों परिवार विस्थापित हो चुके हैं।

बेशक विकास व उन्नति वक्त का तकाजा है। बढ़ती आबादी व सडक़ों पर वाहनों की तादाद में इजाफा तथा देश की सरहदों के उस पार भारत को दहलाने का मंसूबा तैयार करने वाले चीन व पाकिस्तान जैसे मुल्कों से निपटने के पेशेनजर सडक़ निर्माण कार्य सरकारों की प्राथमिकता में होने चाहिए। लेकिन ऐसा विकास जो लोगों के आशियाने छीनकर मौत के साए में जीने को मजबूर कर दे, पहाड़ों को खोखला करके तबाही का खौफनाक मंजर पेश करे, प्राकृतिक संसाधनों का वजूद मिटाकर लोगों को पेयजल के लिए फरियादी बना दे, लोग शरणार्थी बनकर हाथों में ज्ञापन लेकर शासन-प्रशासन के पास अपने हकूक की गुहार लगाने को मजबूर हो जाएं, ऐसे निर्माण कार्यों का मॉडल हरगिज बर्दाश्त नहीं होना चाहिए। जबरन विकास की जद्दोजहद से दरकते पहाड़ अब मुआवजे का मुतालबा कर रहे हैं। पहाड़ों का दरकना कोई इत्तेफाक नहीं है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


संक्षिप्त खबरें

### बालू से लदे ट्रैक्टर की जब्ती के बाद प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव किए जाने की खबर अखबारों में प्रमुखता से छपने के बाद प्रखंड प्रशासन की नींद खुली और उसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए बराकर नदी के सोकी घाट से दो बालू ट्रैक्टर को मयूरहंड अंचलाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा की दिशा निर्देश पर बालू से लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया था पर इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ लग गई और इसी का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला।वहीं अंचलाधिकारी ने एक ट्रैक्टर को पुलिस बल के सहयोग से थाना ले आई।करीब एक सप्ताह बाद अंचलाधिकारी के दिशा निर्देश पर ट्रैक्टर मालिक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुछ हद तक इन दिनों बेशक बालू उठाव पर अंकुश लगा हो लेकिन रात के अंधेरे में हाईवा से बालू आखिरकार किसके सह पर ले जाया जा रहा है।नाम नहीं बताने की शर्त पर कुछ ट्रैक्टर मालिकों ने बताया कि प्रखंड में सैकड़ो ऐसे ट्रैक्टर मालिक है जो कर्ज लेकर किश्ती पर ट्रैक्टर खरीदें हैं।

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला मुख्यालय में डी सी अबू इमरान के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन हुआ। डीइसओ सलमान जफर और एनडीसी अमरदीप बलहोत्रा ने जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए।जनता दरबार में टंडवा प्रखंड के धनगडा की रहने वाली लाभुक ने आपूर्ति पदाधिकारी से कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की।जनता दरबार में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े जिला सामाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी को जल्द से जल्द नियमानुसार शिकायतकर्ता को लाभान्वित करने की बात कही। वहीं दूसरे मामले में शिकायतकर्ता ने बताया कि दिव्यांग ने दिव्यांग ई ट्राइसाइकिल का लाभ लेने हेतु आवेदन भी किया गया है। लेकिन इस लाभ से वंचित हूं मुझे एक स्थान से दूसरे स्थान जाने में काफी समस्या होती है ।मुझे सरकारी नियमों के अनुसार दिव्यांग ई ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया जाय। इसपर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आपूर्ति पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि विभागीय नियम के आलोक में जल्द से जल्द शिकायतकर्ता को दिव्यांग उपकरण संबंधित प्रखंड के माध्यम से उपलब्ध कराने के दिशा में कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार भूमि विवाद, मानदेय से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे।उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## लाभुक पीएम आवास पूर्ण करें, वरना कार्रवाई तय : राकेश सहाय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** शनिवार को प्रखंड सभागार में आवास समन्वयक, पंचायत सचिव, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयं सेवकों के साथ चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत लंबित आवासों को पूर्ण करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। जहां सरकार के सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के द्वारा अधूरे प्रधानमंत्री आवास को तय समय पर पूरा कराने का निर्णय लिया गया है। वहीं प्रखंड में कुल 346 आवास अधूरे हैं जिसे पूर्ण कराने को लेकर बीडीओ ने संबंधित मुखिया व पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उक्त अभियान 10 अक्टूबर तक चलेगा, पीएम आवास लाभुकों के लिए यह अंतिम मौका है।यह तय समय पर संबंधित पीएम आवास लाभुक अपने अधूरे आवास को पूरा करा लें नहीं तो कार्रवाई तय किया जाएगा। वहीं इस संबंध में उपस्थित मुखिया, सचिवों को आगाह किया है कि किसी भी हालत में तय समय पर अधूरे आवास को पूरा कराएं वरना लापरवाही बरतने वाले पर विभागीय कार्रवाई तय की जाएगी। उन्होंने लापरवाह सचिवों को प्रतिदिन अपने क्षेत्र में रहने की नसीहत दी कहा प्रतिदिन का रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय को सूचित करें। बता दें कि अधिकांश आवास अधूरे वाले पंचायत मंगरा केचकी, बेतला , उक्कामाड और खुरा पंचायत है जहां क्रमश 44, 40, 27, 38 और 31 आवास अधूरे हैं।

## बडगांव के ग्रामीणों ने विधायक के प्रति जताया आभार



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बडगांव पंचायत के वासियों की वर्षों पुरानी कुहुबाद नदी पर पुल बांधे जाने की इस मांग को पूरा किए जाने पर स्थानीय लोगों सहित टंडवा प्रखंड वासियों ने सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के प्रति आभार व्यक्त किया है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के निरंतर प्रयास के बाद अब टंडवा-बडगांव पथ के कुहुबाद नदी पर जल्द बनेगा पुल। इस पुल निर्माण हेतु सात करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। अब निविदा की कार्यवाही पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। पुल निर्माण होने से सम्मानित प्रखंड वासियों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिलेगी और नदी पार करने से होने वाली दुर्घटनाएं भी नही होगी। बताते चलें कि इस नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग प्रखंड वासियों की वर्षों पुरानी मांग थी जिसे विधायक श्री दास के सार्थक पहल पर अब पुरी हुई है।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का किया गया आयोजन



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी,विधायक प्रतिनिधि अरविंद कुमार ठाकुर ने फीता काट कर किया। झारखंड सरकार स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में कई काउंटर लगाए गए थे। मेला में आए लोगो ने अपनी संबंधित रोग का इलाज कराएं। स्वास्थ्य मेला आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गई थी।स्वास्थ कर्मी वेद प्रकाश ने बताया कि मेला में लगभग 400 लोगों ने विभिन्न तरह का जांच स्वास्थ्य शिविर मेला में जांचोंपरांत जरुतर अनुसार नि शुल्क दवा का भी वितरण किया गया है। मेला में आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। स्वास्थ्य शिविर मेला में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य मेला में आंख, कान, टीबी, कुष्ठ रोग, आयुष्मान कार्ड, महिला सम्बंधित रोग का उपचार एवं स्वास्थ्य सलाह, परिवार नियोजन समेत कई अन्य बीमारियों का ईलाज इस स्वास्थ्य मेला में किया गया।

दूसरी कक्षा के छात्रा के साथ प्रधानाचार्य ने की मारपीट

# बच्ची के अभिभावक ने प्रधानाचार्य के खिलाफ थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांसग के प्रधानाचार्य के द्वारा छोटे-छोटे छात्रों के साथ मारपीट करने का मामला आए दिन सुनने को मिल रहा है। इससे पूर्व भी स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा सांसग पंचायत निवासी डब्लू खान के पुत्र अदनान खान (10) वर्ष के साथ भी मारपीट करने का मामला सामने आया था लेकिन गांव में आपसी समन्वय बनाते हुए मामले को रफा दफा कर दिया गया इसी कड़ी में एक बार फिर सांसग पंचायत के निवासी रसूल अंसारी पिता राउल मियां के पुत्री तमन्ना परवीन (9)वर्ष के साथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय



के प्रधानाचार्य फारुख अंसारी के द्वारा बेहरमी तरीके से बांस के डंडे से मारपीट कर मूर्छित कर देने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं परिजनों ने लातेहार सदर थाना में लिखित आवेदन देते हुए कहा कि कल दिन शुक्रवार को समय करीब 11:00 बजे दिन में मेरी पुत्री तमन्ना परवीन मेरे घर के समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांसग में पढ़ने गई थी तभी मेरी पुत्री को होमवर्क नहीं बनाकर लाने का आरोप लगाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद फारूक अंसारी ने लात मुक्का और थप्पड़ से मारने लगे जब इतने मे उनका मन नहीं भरा तो पास में ही रखे बांस के डंडे से मारने लगे और मेरी बच्ची मार सहन नहीं कर सकी और मूर्छित हो गई। उसी अवस्था में प्रधानाचार्य के द्वारा मेरी पुत्री का बाल पकड़ कर घसीटते हुए सर को दीवार में बजाड़ कर उसी अवस्था में छोड़ दिया जब बच्चा को होश आया तब विद्यालय के अन्य बच्चे मेरी पुत्री को लेकर घर आए और मेरी पुत्री ने माता -पिता को उक्त घटना के बारे में पूरी जानकारी दिया तब हम लोगों ने बच्ची के शरीर को देखा तो पूरे शरीर में डंडे की मार का पांज लगा हुआ था।

## पोषण माह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची सीडीपीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के एदला पंचायत अंतर्गत भैसोनधवा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को पोषण माह कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ रीना साहू, पूर्वी जिप सदस्या रोहिणी देवी और मुखिया शकुंतला देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ हीं पेन और डायरी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कराई गई। उन्हें पौष्टिक आहार से भरा बास्केट सौंपा गया और पोषण के प्रति जागरूक किया गया। सीडीपीओ रीना साहू ने पोषण माह पर मौजूद बच्चे के माता को कहा कि इन दिनों राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसमें 1 से 30 सितंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। उनमें गर्भवती महिलाओं को गोद भराई, बच्चों की वृद्धि निगरानी, अन्नप्राशन, कुपोषण मुक्त अभियान, मेहंदी रश्म, बच्चों के बीच हेल्दी बेबी शो, नियुट्रेशन गार्डन, रंगोली आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को पोषण, संतुलित आहार सहित स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदर्भ में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में विशेष कर 11 से 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें पोषण के बारे में बताया गया। समारोह में महिला पर्यवेक्षिका रश्मि कुमारी, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका पद्मिनी देवी, सुनीता कुमारी, रुमिला कच्छप, मीना देवी, अनिता सुमन, केमी देवी, रोशन आरा, किरण देवी, शिक्षक झनकू साव, जागेश्वर प्रसाद कुशवाहा, शिबू भगत, तिलेश्वर प्रसाद, कैलाश गंझू, चंदर साव के अलावे केंद्र की सहायिका, वार्ड सदस्य, ग्रामीण महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

## राजद का पंचायत स्तरीय कमिटी गठन किया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का पंचायत स्तरीय कमिटी गठन किया गया। जिसमें हुरणाली पंचायत, पुंडरा पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए। राजद प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डू आलम ने बताया कि राजद का पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता का गठन किया जा रहा है। यह गठन पुरे विधान सभा क्षेत्र में प्रखण्ड अध्यक्ष की जिम्मेवारी में की जा रही है। जिससे कार्यकर्ताओं में पार्टी का क्रिया कलाप एवं दिशा निर्देश दिया जा सके। यह कार्यकर्ता गठन का कार्य लगातार चलता रहेगा। हुरणाली पंचायत से पंचायत अध्यक्ष बिनोद गंझू, उपाध्यक्ष दीपक तुरी, सचिव छोटू वर्मा, कोषा अध्यक्ष अजय राय, संरक्षक नरेश यादव एवं पुंडरा पंचायत के लिए अध्यक्ष युगल यादव, उपाध्यक्ष बीरेंद्र यादव, सचिव कौलेश्वर गंझू, संरक्षक दिलीप भुइँया का नाम शामिल है। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## अल्पसंख्यक बोर्ड की बैठक में शामिल हुए सलाम अंसारी

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में आयोजित अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड की बैठक शुक्रवार को रांची अल्पसंख्यक बोर्ड का शपथ ग्रहण समारोह के आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए अल्पसंख्यक अध्यक्ष सादातुल्लाह खान उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं सभी सदस्य ने शपथ लिया इस कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के लातेहार जिला अध्यक्ष एवं 15 सूत्री सदस्य लातेहार सलाम अंसारी ने शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कर बैठक में शामिल हुए।

## जायरिनों का जत्था हुआ रवाना

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला नेशनल पार्क से सटे मुस्लिम बहुल इलाके बेतला और पोखरी कलां से शुक्रवार देर शाम को उमरा पर मक्का मदीना जानेवाले जायरिने हरीमैन सरीफैन का जत्था हुआ रवाना। विधायक रामचंद्र सिंह ने मक्का मदीना जाने वाले सभी जायरिनों को फुल माला और सॉल देकर मक्का मदीना के लिए रवाना करने का काम किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कमिटी के द्वारा विधायक श्री सिंह को पगडी पोशी व फुल माला पहनाकर उन्हें स्वागत करने का काम किया। वही विधायक रामचंद्र सिंह उमरा पर जाने वाले सभी जायरिनों को फुल माला व सॉल देकर किया सम्मानित उमरा पर जाने वाले सभी जायरिनों का नाम बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, हाजी खुर्शीद आलाम, सोहराब अली, खुशदील अंसारी, मंजर अली, मौलाना सेखावत, हाजी हनीफ, हाजी फकरूद्दीन, हसन मियां, पोखरी कलां से अब्दुल कलाम समेत अन्य महिलाएं समेत सभी जाने वाले जायरिनों को सॉल देकर सम्मानित करते हुए उन्हें रवाना किया।

## खाद्यान्न उपलब्ध कराने को लेकर कार्डधारियों के साथ धरने पर बैठे प्रतिनिधि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** शनिवार को प्रखंड कार्यालय प्रांगण में राशन कार्डधारियों को उनके हिस्से खाद्यान्न उपलब्ध कराने को लेकर कार्डधारियों के साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, सुनील कुमार करीब दो घंटे धरने पर बैठे रहे। जहां ग्राम चपरी के जन वितरण प्रणाली विक्रेता पर कार्डधारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमें दो माह का खाद्यान्न पर्ची कटाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराया गया है। वहीं इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण मौके पर संबंधित डीलर नागेश्वर राम को बुलवाया और मामले की जानकारी ली। जहां डीलर के द्वारा बताया गया कि इन्हें हम राशन नहीं दिए हैं, हमें दस दिन का समय दीजिए हम इन्हें राशन उपलब्ध करा देंगे वहीं डीलर के बातों से कार्डधारियों ने असहमति जताई, इस बीच धरने पर बैठे प्रतिनिधि उठ खड़े हुए। बाद इसके बीडीओ, एम ओ के द्वारा काफी समझाने के बाद एक माह के आधी मात्रा का खाद्यान्न उपलब्ध कराने की बात कही गई फिर अगले माह यानी सितंबर माह के खाद्यान्न के साथ बचे खाद्यान्न को उपलब्ध कराने पर बात बनी और कार्डधारियों ने सहमति जताते हुए बताया कि अगले माह भी यही रवैया रहा तो हम जिला अधिकारियों के समक्ष धरने पर बैठ जाएंगे।

## लंबित आवास को पूर्ण करने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतगर्त लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बालूमाथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बखला की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण चलो करें आवास पूरा अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपस्थित कर्मियों व प्रतिनिधियों को कई दिशा निर्देश दिए व कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी आवास लंबित है उसे आगामी 10 अक्टूबर 2023 तक हर हाल में पूरा करना है। इसलिए पंचायत स्तर पर अभियान आरंभ करते हुए लाभुकों को प्रेरित कर आवास पूरा कराने की जिम्मेदारी आप सबो की है। बैठक मे प्रमुख ममता देवी, उपप्रमुख कामेश्वर राम, पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान, ममता देवी, पिंटू नायक, मुखिया नरेश उरांव, सोनमणी देवी, विमला देवी, पीएम आवास ब्लॉक कौडिनेर आशीष केशरी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय व अस्पताल का निर्माण जल्द करें सीसीएल : जीप उपाध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित तेतरीयाखाण्ड कोयलवरी के परियोजना पदाधिकारी एवं महाप्रबंधक से जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने मुलाकात कर बालूमाथ की अनेक समस्ुंयाओ एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की द्य इस संबंध में उपाध्यक्ष ने बताया कि यहां पर कोलियरी 30 वर्षो से संचालित है। लेकिन आज भी यहां के लोग उपेक्षित एवम ठगे हुए महसूस कर रहे हैं द्य सीसीएल के द्वारा करोड़ों टन कोयले का खनन एवं परिवहन किया जा रहा है द्य लेकिन बालूमाथ के विस्थापित प्रभावित एवं आदिवासी समुदाय अपने आप को ठगा ठगा सा महसूस कर रहे हैं। परियोजना के सामाजिक दायित्व के तहत किए गए कार्य संतोषजनक नहीं है। उन्होंने बताया कि बालूमाथ में एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल एवं एक केंद्रीय विद्यालय की अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए अब तक किए गए प्रयास और इसके निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई द्य महाप्रबंधक के द्वारा बताया गया कि यदि आप जमीन उपलब्ध करा दें तो मैं एक केंद्रीय विद्यालय और अस्पताल उपलब्ध करा दूंगा द्य जिस पर अनिता देवी ने इस संबंध में जिले के उपायुक्त से मिलकर जमीन उपलब्ध कराने की बात कही है।

## आधार सत्यापन नहीं हुआ तो बच्चों को मिलनेवाली सुविधाएं बंद हो जाएगी : निशांत कुमार



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर पर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला से पहुंचे निशांत कुमार ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर में बच्चों का आधार सत्यापन करने की बात कही। कहा कि यदि आधार सत्यापन नहीं हुआ तो बच्चों को मिलनेवाली सुविधाएं बंद हो जाएंगी। पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, मीरू झा, पूजा विनायक व रूबी रानी ने मातृ वंदना, सावित्री बाई फूले आदि की जानकारी देते बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। सेविकाओं ने प्रशिक्षक को आधार से जुड़ी समस्या से अवगत कराया। कहा कि अधिकांश बच्चों का आधार नहीं बना है। इस पर प्रशिक्षक ने परिवार के किसी भी सदस्य के आधार से उसे सत्यापित करने की बात कही। इस दौरान बच्चों की वृद्धि निगरानी और वजन, अतिरिक्त पोषण और परामर्श संबधी जानकारियां दी गई। मौके पर शोभा देवी, मीना देवी, विद्या रानी, शांति देवी, सुकृता मिंज, प्रर्मिला कुमारी, जोलजेन मिंज समेत प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं मौजूद थीं।

# पीएम आवास पूरा करने को लेकर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में पीएम आवास को पूर्ण रूप से संपूर्ण कराने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के अध्यक्षता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के संचालन में शुरुआत की गई। जहां मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य अनीता यादव 20सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान भी मौजूद थे। इस कार्यशाला में प्रखंड के सभी पंचायत के अंतर्गत लगभग 79 पीएम आवास पेंडिंग पड़े हैं।जिसे जल्द से जल्द पूरा करवाने को लेकर प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि मुखिया राजनीतिक दल के लोग समाज सेवी एवं प्रखंड कर्मी के साथ बैठक किया गया। एवं बारी-बारी से सभी से जल्द आवास पूरा करवाने को लेकर विचार जानी गई। जिसमें प्रमुख ने विचार दिया कि लोगों के बीच प्रचार प्रसार अलॉस्टमेंट के द्वारा किया जाए। उसके बाद बतलाया गया कि सबसे ज्यादा बरियातू पंचायत में कल 43 पीएम आवास पेंडिंग पड़ा है जिसे जल्द से जल्द संपूर्ण करना है। आगे वीडियो में काहे की जिस पंचायत के मुखिया सबसे पहले पीएम आवास को संपूर्ण करवाते हैं उन्हें दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। आगे वीडियो ने बताया कि प्रखंड में पीएम आवास पेंडिंग रहने की वजह से आगे की पीएम आवास के लिए विदौर प्रखंड को अलॉटमेंट नहीं मिल पा रहा है राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार का कहना है कि प्रखंड में जब तक पुराने पीएम आवास संपूर्ण तरीके से संपूर्ण ना होता है तब तक कोई भी अलॉटमेंट पारित नहीं हो सकता बैठक में उपस्थित मुखिया जगदीश यादव डेगन गंझू जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव मनोज कुशवाहा रामदेव यादव मनोज वर्मा महावीर दांगी पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह सीताराम रजक एवं दर्जनों जनप्रतिनिधि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चलो करे आवास पूरा, अभियान को लेकर प्रखण्ड सभागार में आयोजित कि गई बैठक

प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों की अब खैर नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** अब ना रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा। झारखंड सरकार के इस अभियान को लेकर शनिवार को टंडवा प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, प्रखंड कर्मी सहित एक बैठक आयोजित की गई। इस अभियान की शुरुवात एवम् सफल बनाने को लेकर प्रखंड प्रमुख, बीडियो सहित कई जनप्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथु महतो ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2021-22 तक कुल टंडवा प्रखंड में 9153 प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभुकों को अब तक आवास निर्गत किया गया था। जिसमे से अभी तक 8778 लाभुकों का आवास पूर्ण हो पाया है जबकि शेष बचे 375 लाभुकों का आवास अभी भी अपूर्ण है। टंडवा बीडियो रंथू महतो ने बताया कि राज्य सरकार का ऐसा दिशा निर्देश है, कि जब तक शेष बचे हुए आवासों को पूर्ण नहीं किया जाएगा, तब तक नए आवास की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। बीडियो श्री महतो ने बताया कि यह अभियान 15 सितंबर से लेकर 10 अक्टूबर तक सुनिश्चित किया गया है। अतः इस बीच जो लाभुक अपना आवास पूर्ण नहीं करते हैं, उन्हें किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। उनके ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उनहे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। इस मौके पर प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, चतरा जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सह धनगड्डा पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, विजय चौबे, सहित कई पंचायत के मुखिया एवम् सभी संबंधित प्रखंड एवम् पंचायत कर्मी इस अभियान को सफल बनाने में

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदस में छात्र-छात्राओं को दी गई मोटिवेशनल क्लास

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नवमी व दसवीं के बच्चों को मोटिवेशनल क्लास दी गई। राँची से आए मोटिवेशनल स्पीकर दीपक झा द्वारा बच्चों को उनकी कैरियर व परीक्षा को लेकर मोटिवेट किया गया। उन्होंने बच्चों को उनके लक्ष्य के प्रति प्रेरित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। आने वाले दिनों में वो अपने लक्ष्य को हासिल करने में किस प्रकार अभ्यासरत रहे इसकी सही जानकारी बच्चों को दी।मोटिवेशनल क्लास की उपयोगिता व आवश्यकता की जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि प्रेरणा एक कला है। इसके द्वारा उन छात्र - छात्राओं के पढ़ने के प्रति रुचि उत्पन्न की जाती है। जिसमें इस प्रकार का अभाव है। जहां पर बालकों में पढ़ने की रुचि तो है परंतु उसका अनुभव नहीं करते। वहां प्रेरणा के द्वारा यह अनुभव कराया जाता है। इसके अतिरिक्त विशिष्ट चर्चाओं के प्रति भी छात्र - छात्राओं की रुचि उत्पन्न की जाती है। जिस प्रकार बालक के जीवन का एक लक्ष्य होता है उसी प्रकार विधालय का भी एक लक्ष्य होता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में प्रेरणा की मुख्य भूमिका होती है। ये सब लक्ष्य प्राकृतिक प्रेरकों द्वारा प्राप्त होती है।

### खोरठा भाषा विभाग के सीनियर छात्रों की विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के चितरपुर प्रतिष्ठित महाविद्यालय चितरपुर के सभागार में खोरठा विभाग के द्वारा सेमेस्टर-ङ्ख के बच्चों को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खोरठा भाषा के विभागाध्यक्ष प्रो. निरंजन महतो तथा विभाग के सहायक प्राध्यापिका मीना मुंडा ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और सभी को सीनियर छात्र-छात्राओं के भविष्य उज्जवल होने की कामना करते हुए ढेर सारी बधाई दी। मौके पर प्रोफेसर. निरंजन ने कहा कि स्नातक पास आउट होने के बाद उच्च शिक्षा हासिल करने की सलाह दिया एवं तब तक संघर्ष और कठिन मेहनत करने का दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपना भविष्य का मंजिल तय करने के लिए हर हाल में संघर्ष और लगन के साथ पढ़ाई कर अपना मुकाम तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए तभी हम अपने जीवन के लिए कामयाबी हासिल कर पा सकते हैं से आप सभी को गंभीर होकर निरंतर शिक्षा का पठन-पाठन करना चाहिए और विशेष रूप से अध्ययनरत रहना, जीवन में कुछ करना है

### परियोजना सिरका ऑफिस में अपराधियों के दल ने धावा बोलकर डोजर कलपुर्जे लूटे

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय से बीते रात शुक्रवार को करीब 11:30 बजे तकरीबन 12 अपराधियों के दल ने धावा बोला। यहां तैनात होमगार्ड के दो जवान अखिलेश भारती व संजय टुडू के साथ मारपीट, अभद्र भाषाओं का प्रयोग करते हुए स्क्रैप डोजर व अन्य लोहे की लूट को अंजाम दिया गया। जिससे सुरक्षाकर्मियों एंव कामगारों में दहशत का वातावरण हैं। प्रबंधन लूटे गए स्क्रैप लोहे के आंकलन में लगा हुआ हैं। सूचना के बाद सीसीएल सिरका गस्ती के भुवनेश्वर सिंह, जीएम ऑफिस यूनिट शंकर कुमार पहुंचे। सुरक्षा कर्मीयो ने बताया कि अपराधी बिजली केबल तांबे की तार ढूंढ रहे थे।

### सीसीएल सिरका प्रतिष्ठानो में देव शिल्पकारी की पूजा कल, तैयारी पूरी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस,, डब्ल्यूटीपी, बुधबाजार क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कल रविवार को देव शिल्पकारी भगवान विश्वकर्मा की पूजा कामगार व अधिकारी मिलजुल कर हर्षोउल्लास के साथ मनाएंगे। इसके लिए शनिवार को छोटे-छोटे पूजा पंडाल, कागजों के रंग-बिरंगे पताके, विद्युत सज्जा भी की गई हैं। कोलयरी के भारी मशीनो, कामगारों के छोटे-बड़े गाड़ियों की भी पूजा होगी। लोग कोलयरी के प्रतिष्ठानों, गैराजों व कारखाने में स्थापित देव विश्वकर्मा की प्रतिमा दर्शन और पूजा आयोजन को देखने के लिए भी पहुंचेंगे। जहां भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबूगांव में हुई वंदना सभा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबूगांव कोर्रा में वंदना सभा आयोजित की गई।वंदना सभा में अवधेश कुमार पाठक के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया।तत्पश्चात उन्होंने भैया बहन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।वंदना सभा में प्राचार्य मनोज कुमार सिंह समेत विद्यालय की भैया बहने उपस्थित थें।

### चोरों ने तीन दुकानों पर किया हाथ साफ

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को देर रात लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर थाना गेट के सामने स्थित तीन दुकानों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।जिसमें खंडेलवाल हैंडलूम संचालक सुनील कुमार खंडेलवाल, आकर्षक जनरल स्टोर संचालक अमित कुमार खण्डेलवाल एवं विकास भंडार संचालक सुरेश कुमार जैन के प्रतिष्ठान में चोरी की गई है। खंडेलवाल हैंडलूम के संचालक ने बताया कि छत पर लगी एस्बेस्टस सीट तोड़कर चोरों ने दुकान के गल्ले से लगभग 7 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। चोर के द्वारा सीसीटीवी की तार को क्षतिग्रस्त किया गया। वही कई अन्य चीजों को भी तोड़ने का प्रयास किया गया है। वहीं विकास भंडार के संचालक के सुपुत्र ने बताया कि दुकान के छत को तोड़कर चोर दुकान में प्रवेश किया उसके बाद गल्ले में रखे कैश करीब 8 हजार रुपए लेकर फरार हो गए।शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटना से लोग सकते में है।

### फहीमा एकेडमी को बदनाम करने की साजिश सफल नही होने देंगे : फरहा फातमी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फहीमा अकादमी की संचालक फरहा फातमी ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि हमारे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार एवं सत्य से परे हैं । प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ लोग छात्राओं को मोहरा बनाकर फहिमा एकेडमी को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं जिसे कामयाब नही होने देंगे।श्रीमती फातमी ने कहा की गत13 सितंबर को 13 छात्रो को अनुशासनहीनता के आरोप में स्कूल प्रशासन द्वारा उन्हे कुछ दिनों के लिए निलंबित किया गया। बताया कि छात्रों द्वारा स्कूल में शिक्षकों के साथ बदतमीजी करना, अपने क्लास में छात्राओं के साथ बदतमीजी करना एवं अन्य अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए निलंबित किया गया था। इस फैसले से बच्चे और उनके अभिभावक को सूचित भी कर दिया गया। अगले दिन 14 सितंबर को बच्चों के अभिभावक महिला गार्ड को धक्का मुक्की करते हुए स्कूल परिसर में घुसे और पूरा स्कूल वातावरण को खराब करने की कोशिश की। प्रबंधन द्वारा अभिभावक को समझाते हुए कहा गया की झुंड में बातें नहीं होगी एक-एक करके स्कूल में आकर बात करें । अभिभावक स्कूल में संचालकों को गाली गलौज करते हुए एवं सबक सीखाने की धमकी देते हुए लोहसिंघना थाना पहुंच गए। स्कूल के संचालक ने पत्रकारों को कहा कि अगर बच्चे अनुशासन को तोड़ते हैं तो उसे सुधारने का जिम्मा भी स्कूल का ही है बच्चा हमारा है हम उसे सही रास्ते पर लाने की कोशिश करेंगे। अनुशासन हीनता बर्दाश्त नही की जाएगी।प्रेस वार्ता में स्कूल के सचिव अली अहमद भी मौजूद थे।

### तीन दिवसीय भादो महोत्सव हुआ संपन्न

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में तीन दिवसीय भादो महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रातः काल में मंगला आरती,पाटा पूजन वही संध्या में मंदिर परिसर में भजन कीर्तन एवं भव्य महा आरती के साथ तीन दिवसीय भादो महोत्सव संपन्न हुआ। महाआरती में तेरह सुहागन महिलाओं ने दादी जी की आरती की। इसके पश्चात तेरह महिलाओं ने दादी की अनेकों भजनों पर दादी को रिझाने के लिए नृत्य किया। इसके पश्चात राणी सती मंदिर समिति के द्वारा तेरह सुहागन महिलाओं को प्रसाद दिया गया। उपस्थित दादी भक्तों ने दादी की भजनों पर जमकर नृत्य किया वहीं कई दादी भक्तों ने दादी नाम की कई भजन प्रस्तुत की।महाआरती के दौरान मंदिर समिति के द्वारा बताया गया कि हर महीने के कृष्ण पक्ष की नवमी में मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा जो महिलाएं मंगल पाठ करने में इच्छुक हो वह अपना नाम नवमी से पूर्व मंदिर के प्रधान पुजारी के पास लिखवा सकते हैं। महा आरती करने वाली महिलाओं में रचना नाटाणी, लक्ष्मी नाटाणी, सोनाली खण्डेलवाल, अनीता अग्रवाल,अनु नाटाणी आदि शामिल थे।

## फुटपाथ दुकानदारों का हितैषी नही है नगर निगम : अनूप भाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के फुटपाथ व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा के नेतृत्व में फुटपाथ दुकानदारों की समस्या को लेकर उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन दिया गया। आवेदन में संघ के अध्यक्ष अनूप भाई वर्मा ने बताया है कि पुराना जिला मुख्यालय के सामने नवाबगंज रोड कई वर्षों से सड़क किनारे दुकान



लगाकर सब्जी फल एवं अन्य सामग्री बेचकर हम सभी दुकानदार अपना और अपने परिवार का जीवन चला रहे हैं। मगर नगर निगम के कर्मियों के द्वारा बेवजह हमारी दुकान लगातार हटा दी जाती है ,और जिससे हमारे समान भी खराब और बर्बाद हो जा रही है ।अब हमारे पास आर्थिक तंगी की स्थिति बन चुकी है ,हमारे सामने भोजन की भी समस्या बन चुकी है । उन्होंने नगर निगम पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम के द्वारा फुटपाथ दुकानदारों की सूची आठ वर्ष पूर्व राज्य सरकार के द्वारा नगर निगम के माध्यम से सभी को नगर निगम से निबंध करवाया गया था।

## जिला प्रशासन द्वारा राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार सुबह 7:30 बजे हजारीबाग परिसदन पहुंचे। प्रमंडल आयुक्त सह कुलपति वीबीयू सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। झारखंड पुलिस के जवानों के द्वारा उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उप विकास



आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा एवं एसडीएम सदर विद्या भूषण कुमार मौजुद रहें। राज्यपाल आज सैनिक स्कूल,तिलैया के डायमंड जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगें। अपने कोडरमा एवं देवघर दौरे के दौरान वें कुछ पल के लिए स्थानीय परिसदन, हजारीबाग में रुके थे।

## कोरियाड़ीह के शिव मंदिर प्रांगण में कृषक गोष्ठी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड क्षेत्र के धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाड़ीह गांव के शिव मंदिर प्रांगण में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने किया। एवं संचालन इफको कंपनी के सीनियर मैनेजर अमित आनंद ने किया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया किसानों के लिए स्मार्ट कृषि और जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने का एक स्थाई विकल्प है।यह उर्वरक के रूप में पौधों की नाइट्रोजन की आवश्यकता को पूरा करता है। इस कारण से नैनो यूरिया दानेदार यूरिया की तुलना में कम लागत है।

## स्वास्थ्य विभाग के किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध आकस्मिक सेवाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों को पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मातृ स्वास्थ्य संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में एएनएम, सहिया आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया वही शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के सभी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने महीने में कम से कम दो बार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अथवा आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा घरों तक जाकर गर्भवती महिलाओं से संबंधित जानकारी इकट्ठा करने एवं उनकी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रामगढ़ :** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को ईवीएम



वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## वार्षिक आम सभा का आयोजन, विधायक हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को वार्षिक आम सभा खोड़ाहर पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस वार्षिक आमसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित थे। इसके अलावा जिला परिषद भाग प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रमुख मनोज कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, कांग्रेस बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, स्थानीय मुखिया अनिता देवी, उपमुखिया



रोहित यादव, विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, पंसस मो तैयब, परमेश्वर यादव, छोटेलाल यादव मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सखी मंडल से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार ने किया। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खोड़ाहर, करसो, गोरियाकरमा, केदारूत व बरही पश्चिमी पंचायत की सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थी। विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सखी मंडल की दीदी को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज, प्रखंड, जिला, राज्य और देश के विकास में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## भारत सरकार के ऊर्जा सचिव को मोर्चा के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएन के निर्माणाधीन पावर प्लांट के निरिक्षण के लिए भारत सरकार के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल जॉइंट सेक्रेटरी पियूष सिंह डायरेक्टर प्रोजेक्ट एनटीपीसी उज्जवल भटचार्य व अन्य वरिय पदाधिकारी पतरातू पहुंचे थे। पीवीयूएन से जिंदल आने के क्रम में पीवीयूएन के विस्थापित-प्रभावित भारत माता की जय नरेंद्र मोदी जिंदाबाद विस्थापितों पर अत्याचार बंद करो हमारी मांगे पूरी करो पीवीयूएन प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी छाय डैम के जमीन का मुआवजा



देना होगा आदि नारा लगाते हुए उनके काफिले को रोककर उन्हें अपनी मांगो से संबधित ज्ञापन सौंपा।

ऊर्जा सचिव ने गाड़ी से उतरकर विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और सकारात्मक पहल करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छाई डैम अथवा पीवीयूएन के किसी भी विस्थापित प्रभावित पर लाठी गोली चलाकर काम नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस पावर प्लांट का निर्माण आपलोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

### रामगढ़ नगर परिषद के सांडी दिग्वार में जनसंपर्क चलाया गया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम नगर परिषद क्षेत्र के सांडी दिग्वार मैं जनसंपर्क चलाए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता उपस्थित हुए । इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू धन्यवाद ज्ञापन हरि कुशवाहा ने किया संपर्क के माध्यम के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में चर्चा की गई

### दशहरा महासमिति रामगढ़ कैंट की बैठक हुई संपन्न



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को साहू धर्मशाला के सभागार में कैंट दशहरा महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक कमिटी के अध्यक्ष सह छावनी परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से पुनः उनको विस्तार देते आगामी कमिटी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया और पिछली कमिटी के सभी पदाधिकारियों को पुनः कार्यकाल का विस्तार देते हुए अगली कमिटी में जगह दी गई है।उक्त विषय की जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में सरदार अनमोल सिंह की पिछली कमिटी पर भरोसा जताते हुए कमिटी का विस्तार पर सहमति जताई।

### सड़क सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संयुक्त परिवहन आयुक्त ( सड़क सुरक्षा) के निर्देशानुसार सुभाष चौक रामगढ़ में सड़क सुरक्षा दल के द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम जिसमें करीब 50 से 60 लोग शामिल हुए । मौके पर उपस्थित जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन विक्की आनंद ने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें एवं समय-समय पर अपनी गाड़ी का फिटनेस भी करवाएंगे । कार्यक्रम में शामिल टेंपो, ट्रैक्टर व बाइक चालक आदि शामिल हुए । सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक ऋषि कांत ने बताया कि अपनी गाड़ी का इंश्योरेंस अवश्य करवाये ताकि दुर्घटना होने पर मुआवजा के लिए दावा कर सकें एवं कभी भी नाबालिक को वाहन चलाने के लिए प्रेरित ना करें ।

### जगदम्बा कॉम्प्लेक्स चरही में मेरा देश मेरा माटी के तहत मिट्टी संग्रह किया गया

**चरही :** शनिवार को भाजपा चूरचू मंडल के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम के तहत जगदम्बा कॉम्प्लेक्स चरही में मिट्टी संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य ,बहेरा मुखिया देवकी महतो प्रखंड महामंत्री शशि साहू विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो ,आरिफ अंसारी, पंचायत समिति चरही ,आशा राय ,रोशनी देवी ,सतीश कु साहू,रोहित महतो, घनश्याम महतो ,दिनेश महतो ,अशोक तुरी, नरेश महतो, सतीश साहू ,राजेश राम , सत्येंद्र सिंह सूरज सिंह , छोटन सिंह कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष ने उप-विकास आयुक्त से की बंद पड़े पशु शेड निर्माण की मांग



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में मनरेगा योजना से पशु शेड निर्माण कार्य पिछले वर्ष से स्वीकृति के बाद से निर्माण कार्य बंद है।जिसपर लाभुको की परेशानियों को देखते हुए जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने उप विकास आयुक्त हजारीबाग को आग्रह करते हुए ज्ञापन सौंप कर बंद पड़े पशु शेड निर्माण कार्य को चालू करने की अनुमति देने की अपील की।इस योजना में अधिकतर लाभुक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं गरीब परिवार से लाभुक है जो अपने पशुधन को इस पशु शेड में सहेजकर रखेंगे।उप-विकास आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इस माँग पर जल्द ही कदम उठाए जाएँगे।मौके पर जदयू जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष अबिरल बिहारी लाल,प्रदीप कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### 10 अक्टूबर तक अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण करने का दिया गया निर्देश

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कार्यालय के वर्किंग हाल में ऊप प्रमुख बबीता पांडे पीएम आवास समन्वयक लक्ष्मी शर्मा पंचायत के सभी मुखिया एवं पंचायत सेवकों बीच बैठक हुई। बैठक में अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण करने पर समीक्षा हुई तथा सरकार के द्वारा चलो आवास करें पूरा अभियान 15 सितंबर से प्रारंभ किया गया है। जो 10 अक्टूबर तक जारी रहेगा इसी अभियान को पूर्ण करने हेतु सभी को टास्क दिया गया।तथा मौके पर उपस्थित सभी को 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया। बताते चले की पतरातू प्रखंड में कुल 89 आवास अधूरे पड़े हुए हैं। बैठक में प्रखंड की जन वितरण दुकानदारों के द्वारा निर्धारित मात्रा से बहुत ही कम खाद्यान्न लाभुकों को आपूर्ति करने संबंधी मामला मुखियाओं के द्वारा जोर-शोर से उठाया गया।

## रामगढ़ जिला प्रशासन ने रामगढ़ कैंटोनमेंट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ एसडीओ जावेद हुसैन की नेतृत्व में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा रामगढ़ के मुख्य व्यवसाय केंद्र थाना चौक, सुभाष चौक , चट्टी बाजार में अतिक्रमण पर की कार्रवाई की गई। बता दे की लगातार शहर में अतिक्रमण की सूचना मिल रही थी उसी को लेकर आज रामगढ़ एसडीओ जावेद हुसैन के नेतृत्व में रामगढ़ शहर सुभाष चौक, थाना चौक , चट्टी बाजार के सभी दुकानों के बाहर लगी गुमटियों एवं अतिक्रमण किए गए जगह को खाली कराया गया। कैंटोनमेंट के कर्मचारियों के द्वारा दुकान के बाहर लगी हुई सामानों को जप्त किया गया। और उन्हें ट्रैक्टरों में डालकर कैंटोनमेंट ले जाया गया साथ ही सभी को या चेतावनी दी गई कि यदि



आप दोबारा अतिक्रमण करेंगे तो कैंटोनमेंट के द्वारा आपके ऊपर कार्रवाई भी की जाएगी । इस मौके पर एसडीओ जावेद हुसैन ने बताया कि रामगढ़ शहर का जो मुख्य व्यावसायिक केंद्र है सुभाष चौक , थाना चौक चट्टी बाजार , लोहार टोला वगैरा उसमें आज जिला प्रशासन के संयुक्त टीम के द्वारा एक अतिक्रमण हटाओ अभियान का शुरुआत की गई। उसमें हमारे साथ पुलिस मुख्यालय डीएसपी इंडिया गवर्नमेंट की टीम है, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी रामगढ़ है। हमारा लोगों से भी यह भी अपील है कि जो शहर का जो मुख्य व्यावसायिक केंद्र है हर शहर व्यवसाई चाहता है की सुव्यवस्थित हो साफ सुंदर हो जिला प्रशासन का यही प्रयास है कि व्यवसाय को नुकसान पहुंचा बगैर हम लोग उसे सुव्यवस्थित करें । ताकि आने वाले त्योहारों ट्रैफिक एवं कोई विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो।

## बरही बीआरसी में कुछ कर्मियों की चलती है मनमानी, नहीं पहुंचते है समय पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी बरही में कुछ कर्मियों की मनमानी चलती है, समय पर वे अपने कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। मामले का उजागर तब हुआ जब सहायक अध्यापकों की टीम अपने विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को बरही बीआरसी 10.30 बजे पहुंचे हुए थे। देखा की गेट में ताला लगा हुआ है और बाहर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी खड़े हैं। इसके बाद बीईइओ ने दूरभाष पर सूचना कर कार्यालय खुलवाया, और कर्मियों को फटकार लगाई। वहीं सहायक अध्यापकों ने कार्यालय कर्मियों की अनुपस्थिति पर दुख जताया और मांग किया कि बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मियों को एक दिन का वेतन रोका जाय।



वहीं अध्यापकों ने बताया कि शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार तृतीय शनिवार की अवकाश शिक्षकों को इसलिए दी जाती है, ताकि अपनी समस्याओं को विभाग के समक्ष रख सके पर कार्यालय में बीपीएम अरुण कुमार, अकाउंटेंट संजय राणा के साथ बीआरसी में एक भी बीआरपी, सीआरपी उपस्थित नहीं पाए गए। इससे यह प्रतीत होता है कि शिक्षा सचिव के आदेश का उल्लंघन किया जाता है, जिसका परिणाम सहायक अध्यापको को भुगतना पड़ रहा है। एक शिष्टमंडल प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को मांग किया कि प्रखंड के सभी सहायक अध्यापको के समस्याओं का समाधान अभिलंब कराया जाए और बाकी कर्मियों के द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाया जाए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरवार कोयलांचल में आज मनाया जाएगा विश्वकर्मा पूजा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में विश्वकर्मा पूजा आज मनाई जाएगी।पूजा को लेकर कोयलांचल क्षेत्र में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण पिपरवार में बड़े पैमाने पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता है।जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है।विश्वकर्मा को दुनिया में सबसे पहले वास्तु और इंजीनियरिंग की उपाधि दी गई है।आज के दिन सभी लोग अपने घरों में सुख-शांति और अपने और अपने कारोबार में तरक्की के लिए विश्वकर्मा पूजा करते हैं।श्रमिक अपने कारखानों में अपनी दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं।भगवान विश्वकर्मा देवताओं के शिल्पकार थे। इसलिए इन्हें शिल्प के देवता के नाम से भी जाना जाता है। विश्वकर्मा पूजा के दिन लोहे के सामानों जैसे औजारों, मशीनों और दुकानों की पूजा होती है।इधर विश्वकर्मा पूजा को लेकर पिपरवार,अशोक परियोजना और सीएचपी सीपीपी परियोजना में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है।आज विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोला जाएगा।इसके बाद श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के दर्शन कर सकेंगे।वही क्षेत्र के सभी ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय, गैरेज,विद्युत सब स्टेशन सहित अन्य जगहों पर भी विश्वकर्मा पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### रिमझिम बारिश के बीच कोयलांचल का मौसम हुआ सुहाना

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रिमझिम बारिश होने के बाद मौसम काफी सुहाना हो गया है।जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनो से कोयलांचल क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।बारिश और ठंडी हवाओ से यहां का मौसम काफी सुहाना हो गया है।हालांकि तेज हवा और गर्जन के कारण आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान है। बारिश से क्षेत्र के सड़कों पर जल जमाव और कीचड़ों का अंबार भी देखा जा रहा है।

### रौ रौ गांव के पीडीएस कार्डधारकों ने राशन कटौती से संबंधित आवेदन दिया उपायुक्त को

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के उपरबरगा पंचायत अन्तर्गत रौ रौ गाँव के जनवितरण प्रणाली के कार्डधारकों ने राशन कटौती की शिकायत संबंधी आवेदन रामगढ़ उपायुक्त को सौंपा। ग्रामीणों ने अपने आवेदन के माध्यम से कहा है कि राशन कटौती संबंधित शिकायत लिखित रुप से दिनांक 12 सितंबर 2023 को प्रखंड के एम.ओ.(प्रभारी) को दिया गया था, लेकिन उसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आगे उन्होंने बताया कि अगर यही स्थिति बनी रही तो हमलोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो जाएगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त से विनती भरी आग्रह किया है कि इस पर कानूनी कार्रवाई की जाय तथा हमलोगों को भुखमरी की स्थिति से निजात मिल सके। आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सुखदेव किस्कू, गंगामनी देवी, निरासो देवी, जीतू थानदार, सरीता देवी सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

### भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल में मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नंबर 3 पर बूथ नम्बर 23,24,25,28,26, पर सुनील पासवान, अमित ठाकुर रामगढ़ कैंट मंडल के 3 नंबर वार्ड प्रभारी महामंत्री ऋषिकेश सिंह के नेतृत्व में मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम किया गया प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने बताया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य वार मेमोरियल के समक्ष अमृत कलश नाम के एक शहीदों के नाम से एक-एक पेड़ लगाए जाएंगे और उसे पेड़ में सभी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र के बूथ से मिट्टी को लाकर उसे अमर शाहिद जवानों के नाम से एक-एक पेड़ लगाया जाएगा जो अजर अमर होकर उन्हें सदा सदा के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे ,जिसमें उपस्थित बूथ के कमेटी सदस्य एवं पन्ना प्रमुख की अगवाई में कार्यक्रम किया गया उपाथित भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन पांडे, सुनील पासवान, अमित ठाकुर ,अमित सेन, देवेंद्र कुशवाहा, प्रकाश पासवान, अंशु पासवान, संजय पासवान तथा कई लोग मौजूद थे।

### डाडी प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डांडी प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ उपस्थित मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल डाडी वीडियो निशांत अंबर बिस सूत्री अध्यक्ष लखन लाल महतो मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में शिशु स्वास्थ्य किशोरी स्वास्थ्य कुष्ठ क्षयरोग टीकाकरण मलेरिया फाइलेरिया, अंधापन, मातृत्व नाक कान, गला दांत, आयुष एवं किशोरी स्वास्थ्य समेत सामान्य चिकित्सा के अलग-अलग स्टॉल को लगाकर मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य मेला में लगे हुए स्टॉल से परिवार नियोजन आगुष्मान कार्ड बनाने एवं योग से संबंधित सलाह और जानकारी लोगों को मौके पर दी गई। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल भी मौजूद थे विधायक श्री पटेल ने सभी 18 स्टॉल में घूम-घूम कर सभी डॉक्टरों व नर्स से दवाइयो की जानकारी ली और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा कर दिया जाएगा डाक्टरों की कमी जहां-जहां है दूर कर दिया जाएगा और विधायक ने पांच टीवी मरीजों का गोद लिया मौके पर डॉक्टर व नर्स पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे ।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू को किया गया सम्मानित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के द्वारा किया गया है जिसका शपथ ग्रहण विधिवत रूप से किया गया। रामगढ़ जिला के झारखंड सिख फेडरेशन के अध्यक्ष करमजीत सिंह जग्गी एवं सचिव महेंद्र पाल सिंह सैनी व कोषाध्यक्ष बनी गांधी ने उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू को बुके देकर सम्मानित किया गया। बता दे की कल ही राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह हुआ था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक मंत्री हाजीपुर हसन ने शिरकत की थी और मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित हुए थे।

### विजय संकल्प रैली कि सफलता हेतु बैठक

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 16 सितम्बर 2023 दिन शनिवार को समय दोपहर 02:00 बजे से स्थान सरला बिरला सभागार महिलौग टाटीसिलवे मे विजय संकल्प रैली को सफल बनाने हेतु एक अति आवश्यक बैठक टाटीसिलवे मंडल के द्वारा आहुत की गई । इस बैठक में मुख्य रूप से रांची लोक सभा सांसद संजय सेठ,भा ज पा कार्य समिति वरीय सदस्य जैलेंद्र कुमार,खिजरी विधानसभा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,भा ज पा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,महिला नेत्री आरती कुजुर,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,टाटीसिल्वे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा,रुद्रेशवर राय,गिरिधर मिश्रा, राणा दिनकर सिंह, मनोज चौधरी,राम नाथ महतो इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य वक्ताओ ने कहा कि विजय संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए तन मन से हम सभी को जुट जाना है।सभी पदाधिकारीयो के बिच कर्तब्य का बोध भी कराया गया।

## चुरी दक्षिणी पंचायत में मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक चूरी दक्षिणी पंचायत भवन में शनिवार को किया गया.जिसकी अध्यक्षता सुनील यादव ने किया . बैठक में मुख्य रूप से 21 सितंबर को अंबेडकर पार्क डकरा में रैयत विस्थापित मोर्चा का 13वीं स्थापना दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया.इसके लिए डकरा शाखा के सभी गांव से रैयत विस्थापित सैकड़ों की संख्या में स्थापना दिवस में शामिल होने का निर्णय किया गया.संचालन जगरनाथ महतो ने किया.बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, अमृत भोगता एव प्रभाकर गंझु,श्याम जी महतो, संतोष महतो,भोला यादव, वीरेंद्र यादव,विजय यादव, रविन्द्र यादव, राजू यादव,बजरंग महतो,गणेश यादव,मनदीप यादव, अरुण यादव,अमित यादव, उमेश यादव,संजय यादव, मेघनाथ यादव,मनोज यादव, प्रयाग यादव प्रदीप यादव, कमलेश यादव अनिल यादव आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

## चामा चौक दुर्गा पूजा समिति का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** चामा चौक स्थित दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा समिति की बैठक गणेश लोहरा की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में पिछले वर्ष का लेखा जोखा पुर्व समिति के द्वारा रखा गया. साथ ही सर्वससम्मति से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए पुजा समिति का पुर्नगठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष भूषण प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष तुलसी भगत, सचिव मुकेश कुमार यादव, उप सचिव मनोज कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार साहू, उपकोषाध्यक्ष प्रमोद साहू, संरक्षक ठाकुर दयाल साहू, उप संरक्षक गणेश लोहरा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में राजकुमार मुंडा, रविन्द्र यादव, सुमन साहू, निरंजन साहू, दीपक उरांव, दीपक साहु, विकास कुमार साहु, महाबीर गंझू, सोमरा गंझू, बुधन मुंडा, विजय प्रसाद साहु, चंदन साहु, जियालाल भगत, अमित साहु, राजेश साहु, बिनोद साहु, गंगाधर साहु, प्रेम साहू आदि को शामिल किया गया है.बैठक का संचालन मुकेश यादव ने किया. बैठक में पुजा समिति के सदस्यों के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे.

## ग्रामीणों के बीच मुर्गी के बच्चे का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज शनिवार को एस.डी. शेरखाने (कमांडेंट) 26 वी वाहिनी एस .एस .बी. अनगड़ा रांची के दिशा निर्देश में एफ-कंपनी हूंट के द्वारा इंस्पेक्टर नकुल चन्द मंडल के नेतृत्व में गाँव रंगरोम में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत पशु वितरण किया गया जिसके अंतर्गत मुर्गी के बच्चो का वितरण किया गया । इस उपलक्ष्य में गाँव रंगरोम के ग्रामीण जनता और एस.एस.बी के उप निरीक्षक-नगेन कुमार ककटी, सहायक उप निरीक्षक -जगत दास ,मुख्य आरक्षी -धर्मेन्द्र कुमार सिंह ,सामान्य आरक्षी -अश्वनी कुमार ,राजेश कुमार मौर्या ,सत्यदेव उपस्थित रहे ।

## विश्वकर्मा पूजा आज, प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल क्षेत्र समेत आसपास इलाकों में विश्वकर्मा पूजा रविवार को मनाया जाना है, इसे लेकर में काफी उत्साह के साथ पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई है। सीसीएल एनके क्षेत्र के डकरा, रोहिणी, चुरी, केडीएच, पुरनाडीह, रीजनल रिपेयर के वर्कशॉप एवं बिजली घरों समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों में भव्य रूप से पूजा का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट कंपनियों के कैंप इंजीनियरिंग वर्कशॉप गैरेज में भी पूजा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं लोगों ने अपने घर में रखे मशीन, वाहन एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान की भी साफ-सफाई शुरू कर दी है। इधर मूर्तिकारों द्वारा भगवान विश्वकर्मा व गणेश की प्रतिमाएं को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। मूर्तिकारों के यहां से प्रतिमाएं ले जाने का सिलसिला भी शुरू हो गया। क्षेत्र में इस बार 35 से 40 जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी। लोग अपने-अपने वाहन को साफ करने में लगे हैं। विश्वकर्मा पूजा को लेकर बाजारों में सजावट सामानों की दुकानें सजी है। इसको लेकर बाजार चहल-पहल देखा गया। खाशकर पूजन सामग्री, मिठाईयां, फल की दुकानें में खूब भीड़ दिखी। स्टीकर फैंसी माला की खूब बिक्री हुई.

## पीवीयूएन पतरातू परियोजना प्रगति को लेकर ऊर्जा सचिव ने दौरा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भारत सरकार के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल साथ में पीयूष सिंह संयुक्त सचिव थर्मल भारत सरकार,उज्वल कांति भट्टाचार्य निदेशक परियोजनाएं तथा अध्यक्ष पीवीयूएन और शिवम श्रीवास्तव निदेशक ईंधन के साथ पीवीयूएन पतरातू का दौरा किया। ऊर्जा सचिव का स्वागत रवींद्र कुमार, सीईओ पीवीयूएनएल द्वारा किया गया। जिसके बाद सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

साथ ही पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति पीवीयूएन की अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सेफ्टी पार्क क्षेत्र में पौधे लगाए।ऊर्जा सचिव ने पतरातु परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे के दौरान परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में स्थापना दिवस को सफल बनाने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा कोर कमेटी की एक आवश्यक बैठक बचरा बसंत विहार में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन और संचालन क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र उरांव ने किया।बैठक मे केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर आगामी 21 सितंबर को एनके एरिया के डकरा में होने वाले मोर्चा के 13वां स्थापना दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे स्थापना दिवस को ऐतिहासिक रुप से सफल बनाने को लेकर विभिन्न बिन्दुवो पर गहन विचार विमर्स किया।कार्यक्रम की सफलता को लेकर दिवाल लेखन,प्रचार प्रसार ग्रामीण एंव पुनर्वास क्षेत्रो मे जनसंपर्क करने सहित कई बातों पर चर्चा की गई।बैठक में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक मे मुख्य रुप से सलीम जावेद, सूरज मुंडा,इदरीश अंसारीं, मो. जूलफ़ान,प्रेमचंद कुमार, सुखदेव राम,इन्द्रजीत उंराव,दिरपाल भगत,आनन्द करमाली,रोहन महतो सहित मोर्चा के कई लोग मौजूद थे।

## विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंटकर संस्था के कार्यों की जानकारी दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बीती शाम दिल्ली स्थित भारत के राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से विप्र फॉउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और उन्हें संस्था के विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में अवगत कराया, जयपुर में निर्माणाधीन सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च श्री परशुराम ज्ञानपीठ, अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम जी की दिव्य मूर्ति प्रतिष्ठा प्रकल्प, उदयपुर के स्वामी आत्मानंद सरस्वती विप्र लेक सिटी कॉलेज, सूरत के विप्र गौरव भवन, कोलकाता के केसर कुंज, वैद्य पंडित रामनारायण शर्मा विप्र उच्च शिक्षा सहयोग योजना, लालसोट की आदि शंकर ई-लाइब्रेरी, चंदादेवी गायत्रीदेवी कन्या विवाह शगुन योजना सहित विप्र फाउंडेशन की शिक्षा, संस्कार और रोजगारमूलक गतिविधियों को राष्ट्रपति जी ने बड़े मनोयोग से सुना और सराहना किया.ओडिशा के महेन्द्रगिरि पर्वत पर स्थित परशुराम विश्राम स्थल सहित देश के विभिन्न भागों में स्थित परशुराम तीर्थ के उन्नयन हेतु विप्र फाउंडेशन ने राष्ट्रपति जी से सहयोग और आशीर्वाद की अपील की.राष्ट्रपति भवन पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल में विप्र फॉउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक जगदीश मिश्रा भुबनेश्वर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुनील शर्मा सी ए मुम्बई, ओडिशा प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा रायरंगपुर, कमल शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष दिल्ली, गजानंद शर्मा भुबनेश्वर शामिल थे. इस अवसर पर राष्ट्रपति जी को विप्र फॉउंडेशन की तरफ से पुष्पगुच्छ, विप्र फाउंडेशन का दुपट्टा, विप्र फाउंडेशन की जानकारी हेतु विस्तृत प्रोफाइल और आध्यात्मिक पुस्तक एवं सम्मान चिन्ह भेंट किया गया , आशा है निकट भविष्य में राष्ट्पति जी विप्र फाउंडेशन के किसी भी एक सेवा मूलक कार्य में अवश्य पधारेंगी, उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा व श्याम शर्मा ने सयुंक्त रूप प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे ।

## अड़की में एक वृद्ध महिला की हत्या मामले में दो अपराधी को किया गया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** अड़की थाना अंतर्गत ग्राम डेली सरजोम में एक वृद्ध महिला के सिर एवं हाथ में मारकर अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा धारदार पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में अड़की थाना कांड सं0-54 / 23 दिनांक-12.09.2023 धारा 302 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। घटना की गम्भीरता को देखते हुए उदभेदन एवं गिरफ्तारी हेतु अमित कुमार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी खूँटी के नेतृत्व में एक स्ढ्ढञ्ज टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा त्वरित गति से कारवाई करते हुए 02 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है एवं 01 विधि विरूद्ध बालक को विधिवत निरूद्ध किया गया है। घटना का कारण जिसिंह मुंडा की छोटी बेटी गंगा हस्सा की मृत्यु बिमारी से करीब 01 वर्ष पूर्व हो गयी थी। जिसिंह मुंडा को शक था कि उसके ही गाँव की दशकीर देवी (मृत्तिका) ने उसकी बेटी गंगा हस्सा को कटहल के साथ कुछ खिला दी जिससे उससे मृत्यु हुई। जिसके शक में आकर जिसिंह मुंडा, सनिका हस्सा एवं विधि विरूद्ध बालक के साथ योजना बनाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। अपराधकर्मियों एवं निरूद्ध बालक के द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया तथा उनके निशानदेही पर कांड की मृत्तिका दशकीर देवी के हत्या में प्रयोग किया गया खून लगा पत्थर को बरामद किया गया है।

## पत्रकार पर हुई प्राथमिकी का बरही चौपारण के पत्रकारों ने नाराजगी जतायी, निष्पक्ष जांच की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को चौपारण के एक दैनिक अखबार के पत्रकार मुकेश सिंह पर चौपारण थाना में हुई प्राथमिकी पर बरही एवं चौपारण के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। इस मामले को लेकर बरही प्रेस क्लब एवम चौपारण प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों ने शनिवार को एसडीपीओ नाजिर अख्तर से उनके बरही स्थित कार्यालय में मिले। एसडीपीओ से मिलकर दर्जनों पत्रकारों की उपस्थिति में पत्रकार मुकेश सिंह ने एक ज्ञापन सौंपा। दिए ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने एसडीपीओ को बताया की वे एक दैनिक अखबार के प्रखंड संवाददाता हैं। पिछले दिनों चौपारण के व्यावासियो के द्वारा चिटफंड कर व्यावसियों के लाखो रुपए गबन करने के मामले में आरोपी रणधीर सिंह के खिलाफ चौपारण थाना में दिए आवेदन के आधार पर खबर लगाई थी। जानकारी मिली की खबर के दो दिन बाद आरोपी ने विषाक्त सामग्री खा लिया। जिससे उनकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने 8 व्यवसाइयों के साथ साथ उन पर भी प्राथमिकी दर्ज करवा दिया है, जो अनुचित है। मौके पर मौजूद अन्य पत्रकारों ने धमकी देने की भी शिकायत एसडीपीओ से की। एसडीपीओ ने पत्रकारों को आश्वस्त किया की निष्पक्ष जांच होगी। कोई निर्दोष पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नही होगी। मौके पर पत्रकार श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति, बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय कुमार, सुरेंद्र निषाद, बिपिन बिहारी पांडेय, राजेश केशरी, शोएब अख्तर, रूपेश चंद्रवंशी, पंचम पांडेय, धनंजय कुमार, कमल शंकर पंडित, चौपारण प्रेस क्लब के अध्यक्ष हरेंद्र राणा, प्रमोद सोनी, मुकेश सिंह सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के वार्षिक आमसभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड के पेलावल पंचायत भवन में पेलावल क्लस्टर के तहत पेलावल संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा-2023 का आयोजन किया गया। इस आम सभा में बतौर अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र और समाज की परिकल्पना तभी सरकार होगी जब मातृ शक्ति सबल और आर्थिक रूप से सशक्त होगी। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल और उनकी पूरी टीम मातृ शक्ति के चहुँमुखी विकास और सहयोग के लिए चौबीसों घंटे सेवारत हैं और भविष्य में भी रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मातृशक्ति को स्वावलंबी आत्मनिर्भर तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जेएसएलपीएस का योगदान सराहनीय है।

उन्होंने यह भी कहा की जेएसएलपीएस ने महिलाओं के उत्थान, जागरूकता और आजीविका के क्षेत्र के क्रांति लाया है। कार्यक्रम में सभी का जेएसएलपीएस के अधिकारियों का कलस्टर के सदस्यों के द्वारा पारंपरिक विधि से स्वागत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस क्रम आजीविका संघ की ओर से एक वर्ष का वितीय लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया और समूह के माध्यम से संचालित आय संवर्द्धन के विभिन्न गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पेलावल क्लस्टर के तहत पेलावल संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सदस्यों का अहम योगदान रहा ।

## खनन विभाग ने की बालू माफिया पर कार्रवाई

### बालू के अवैध परिवहन के मामले में विभिन्न थाना अंतर्गत दर्ज की गई प्राथमिकी

पप्पु कुमार@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** ज़िले में शनिवार को विभागीय सचिव एव उपायुक्त महोदय के निर्देश तथा प्राप्त सूचनाओं के आलोक में खान निरीक्षक एवं जिला खनन पदाधिकारी द्वारा पुलिस बल के साथ बालू घाटों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुफ्फसिल थाना अंतर्गत पाया गया कि उदनाबाद स्थित बालूघाट से अवैध बालू उत्खनन कर गाड़ी में लोड किया गया था। पुलिस बल को देखते ही गाड़ी से बालू अनलोड कर गाड़ी छोड़ मौके पर वाहन चालक फरार होने में सफल हो गया। चालक के अभाव में स्वयं खान निरीक्षक द्वारा नदी से ट्रैक्टर



को बाहर निकाल कर थाने में सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इसी क्रम में पचंबा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर घाट में तथा नगर थाना अंतर्गत उसरी नदी के बाभनटोली टोली घाट में एक-एक अवैध बालू उत्खनन कर परिवहन करते ट्रैक्टर को जप्त कर वाहन मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। वही नगर थाना अंतर्गत बाभनटोली में गिट्टी का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जिसके विरुद्ध झारखंड खनिज समनुदान नियमावली 2004 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिक की दर्ज कराई गई। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी सत्यजीत द्वारा बताया गया कि माननीय एनजीटी के आलोक में 15 अक्टूबर तक बालू घाटों से बालू का परिवहन उत्खनन पूर्णत प्रतिबंधित है । बालू के अवैध उत्खनन परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त करवाई की जा रही है।

## करोड़ों की लागत से बनेगी सड़क, वर्षो बाद मुख्य सड़क से जुड़ेगा भूदान आश्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बागोडीह मोड़ मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क शिलान्यास कार्यक्रम हुआ इस सड़क शिलान्यास कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक बिनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट अनवारण कर किया ।इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्षो से इस बागोडीह मोड़ सरवोदय आश्रम तक मांग थी जिसको देखते हुए इसको बनवाया जायेगा इस सड़क के बनने से हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी इस सड़क की लंबाई 5 किलोमीटर होगी साथ इसकी लागत लगभग 6 करोड़ रुपये से निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव भोला मंडल, विजय सिंह, केदार मंडल, मुखिया भुनेस्वर मंडल, कुश कुशवाहा, अमन पाण्डेय, जिम्मी चौरसिया, सत्यदेव बर्मा, मुनिया देवी, प्रमोद मंडल, संवेदक राजू मंडल, अरविंद मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अवैध कोल डिपो में पुलिस की छापामारी से मचा हडकंप, 12 टन कोयला जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जीतपुर जोड़ियां के निकट जंगल में संचालित अवैध कोल डिपो में जोरापोखर पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर लगभग 12 टन अवैध कोयला जब्त किया है। पुलिस कि कार्रवाई से कोयला तस्कर में हड़कंप मच गया हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले कि जांच कर रही है। बताते हैं कि जीतपुर कालोनी एवं जामाडोबा के दो कोयला तस्करों द्वारा गुप्त रूप से जोड़िया के समीप अवैध कोल डिपो का संचालन कर चोरी के कोयले कि खरीदारी कर रात में चार सौ सात वाहन से तस्करी करने का धंधा किया जा रहा था। अवैध कोल डिपो कि गुप्त सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बिनोद उरांव ने पुलिस बल के साथ डिपो में तत्काल छापामारी कर कोयला को जब्त करने कि कार्रवाई किया। छापामारी को पुलिस को आते देख कोयला चोरी के धंधे में शामिल सारे लोग भागने में सफल रहे है। प्रभारी विनोद उरांव ने बताया है की कोयला किसका है तथा धंधा में शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई कि जाएगी तथा क्षेत्र में कोयला चोरो को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## एक्टिविटी डे पर दिव्यांग बच्चों के बीच अध्यात्म पर हुई चर्चा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जगजीवन नगर स्थित नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को एक्टिविटी डे के अवसर में सभी बच्चों को आध्यात्म के बारे में बताया गया। बताया गया की आध्यात्मिक ज्ञान मानव को पतन की ओर अग्रसर होने से रोकता है और सृष्टिकर्ता और सर्वे सर्वा ईश्वर ही है। इसी क्रम में आज बच्चों को शिक्षकों के साथ बालाजी मंदिर तथा मानस मन्दिर विज़िट कराया गया। सभी बच्चों ने ईश्वर से प्रार्थना की तथा आशीर्वाद और प्रसाद ग्रहण किया। इस विज़िट पर बच्चों ने मन्दिर का आनंद लिया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि भौतिकता के कारण इंसान के अंदर जो अंधकार उत्पन्न हुआ है उसे आध्यात्म के प्रकाश से ही दूर किया जा सकता है।

## कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में कृष्ण व राधा बाल रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पाठशाला एवं मंत्रा इंटरटेनमेंट द्वारा हाउसिंग कॉलोनी स्थित छोटा नागपुर भवन में जन्माष्मी उत्सव के दौरान राधा एवं कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नारी शक्ति में शामिल डॉक्टर सुष्मिता अग्रवाल, प्रियांशी सिंह, स्वीटी कुमारी, आरती साव, कुसुम पंजा, अनु देवी एवं अनुराधा के हाथों से दीप प्रज्वलीत कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाल गोपाल को भोग लगाकर प्रतिभागी राधा कृष्ण रूपो को उपस्थित माताओं द्वारा आरती की गई। प्रतिभागी बच्चों ने कृष्ण बाल रूप, राधा रूप, फैंसी ड्रेस, ग्रुप डांस एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया एवं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश कुमार, शिशिर, धर्मेंद्र अग्रहरि, इसीका खत्री, संतोष का विशेष योग्दान रहा।

## नही रहे प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी विमल तुलस्यान, असर्फी अस्पताल में ली अंतिम सांस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रसिद्ध उद्योगपति, अरोमा ग्रुप



कंपनीज के संस्थापक व धनबाद के जाने-माने समाजसेवी विमल तुलस्यान (82 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। गुरूवार को दोपहर सांस लेने में दिक्कत होने पर इलाज के लिए उन्हें अशर्फी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहीं पर उन्होंने शनिवार की सुबह ग्यारह बजे अंतिम सांस ली। लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनका पार्थिव शरीर चंचनी कॉलोनी स्थित उनके आवास लाया गया है। वहीं उनके निधन का समाचार सुनकर पूरे धनबाद के उद्योग जगत में शोक की लहर फैल गई है। धनबाद के अनेक गणमान्य व्यक्ति, उद्योगपतियों एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंचनी कॉलोनी स्थित उनके आवास पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर का दर्शन करने के बाद शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अपने पीछे उन्होंने पत्नी निर्मला तुलस्यान के साथ चार पुत्र व पुत्रवधुओ राजीव तुलस्यान, संजीव तुलस्यान, प्रशांत तुलस्यान और वैभव तुलस्यान, निशा तुलस्यान, रंजना तुलस्यान, अनामिका तुलस्यान, विभा तुलस्यान, छह पौत्र पौत्री सजल, रिया, प्रकर्ष, शरण्या, वेद, व्योम, परनाती युवान, जवांई राहुल कपूर, मानस खंडेलवाल समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बस्ताकोला स्थित गौशाला मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा रविवार सुबह 10 बजे चंचनी कॉलोनी स्थित उनके आवास से गौशाला मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। विमल तुलस्यान धनबाद में 1958 में आए थे। यहां आकर वह कोयला व्यापार से जुड़ गये। अपने व्यवसायिक समझ के दम पर वह इस क्षेत्र लगातार सफलता हासिल करते चले गये।

## लालमणि वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहार बरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रय ले रहे वृद्धजनों के लिए टुंडी प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आवश्यक जांच शिविर में वृद्ध जनों की ब्लड प्रेशर, शुगर, एमपी टेस्ट, टाइफाइड की जांच की गई। और सभी बुजुर्गो को उनके मर्ज के अनुसार दवा का वितरण किया गया। टुंडी प्रखंड सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएसओ नोडल ऑफिसर विमल कुमार शर्मा ने शिविर के दौरान कहा मानव सेवा करना ही मेरा परम कर्तव्य है। यहां वृद्ध जनों की सेवा से हृदय में एक आंतरिक खुशी की अनुभूति होती है। स्वास्थ्य जांच शिविर सीएससी टुंडी के सीएचओ नोडल ऑफिसर विमल कुमार शर्मा, एमपीडब्ल्यू लक्ष्मी नारायण साहू सीएचई टुंडी के नेतृत्व में हुआ।

## धनबाद विधायक द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन 17 सितंबर को

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक



17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा जगजीवन नगर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करने जा रहे हैं। विधायक राज सिन्हा नें बताया कि वे पिछले कई वर्षो से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करते आ रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी का जितने वर्षो के होते हैं कम से कम उतने यूनिट ब्लड एकत्रित करने का संकल्प लेते हैं। ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारम्भ सुबह 10 बजे जगजीवन नगर स्थित आवासीय कार्यालय में किया जायेगा।

## पानी के लिए नाली नहीं, नगर निगम में होगा प्रदर्शन : राजेश सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी नगरनिगम क्षेत्र के बजरंगबली मंदिर के नीचे वाली गली,वार्ड 12 नंबर में लगभग 100 घरों के नाली और सड़क सुविधा नहीं है,इसको ध्यान में रखते हुए सभी लोग तंग आकर माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा को सुबह बुलाए। सिन्हा ने पूरे मुहल्ले में घूम घूम कर जायजा लिया, उस क्षेत्र के वार्ड पार्षद से बात भी कि अर्बन मेनेजर नगरनिगम आलम से बात किया, उपनगर आयुक्त को भी संज्ञान में दिया है, उन्होंने आश्वासन दिया है । कि जल्द इसपर पहल होगी। नाली और गली नही बना होना घोर अन्याय नहीं है तो क्या है, डेंगू की बिमारी फैल रही है,मलेरिया फैल रही है, महिला बच्चे ,बुजुर्ग और जवान परेशान है जल्द से जल्द सुधार नहीं किया जाएगा। तो सभी घर में महिला पुरुष,बुजुर्ग परेशान है लेकिन कई बार कई दल के प्रतिनिधियों को बोला गया कोई पहल नहीं किए। वही अंत में हारकर गिरिडीह सदर विधायक को भी लिखित दिया किंतु कोई पहल नहीं हुई,तब जाकर माले के नेता को मुहल्ला वाला बुलाया है । मौके पर उपस्थित निवेश सिन्हा अधिवक्ता, बालेश्वर प्रसाद अधिवक्ता, सिद्धेश्वर प्रसाद सिन्हा रंजीत सहाय , राम कुमार सिंह। इंद्रजीत सहाय, लालेश्वर प्रसाद विवेकानंद प्रसाद सिन्हा, बबलू सिन्हा ,देवेन्द्र गोप, कुमुद पाण्डेय, धीरज सिन्हा, प्रतिमा देवी, उषा देवी, अनीता सिन्हा आदि मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद ने आयोजित किया हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तोपचांची :** तोपचांची प्रखण्ड के रोवाम बाघमारा स्थित ड्रीम पब्लिक स्कूल में हृदय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हिंदी दिवस व हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर भव्य रुप से कार्यक्रम आयोजित कर सम्पन्न किया। सबसे पहले संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात पंडित हरेन्द्र नाथ तिवारी ने मंगलाचरण एवं स्वस्तिवाचन किया। हिंदी परिषद धनबाद जिला संगीत कला के प्रभारी अजीत कुमार महतो ने स्वागत गान के माध्यम से उपस्थित हिंदी प्रेमियों एवं सज्जनों का स्वागत किया। हिंदी परिषद के जिला संयोजक राज लक्ष्मी देवी एवं तोपचांची प्रखण्ड महिला अध्यक्ष अनुपमा तिवारी ने हिंदी को मां की संज्ञा देते हुए गाना



सुनाई। विशिष्ठ अतिथि आर्ष परिषद कतरास ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण चन्द्र तिवारी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंच संचालन सुरेश चन्द्र तिवारी ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए स्कूल के संस्थापक तथा हिंदी परिषद के प्रदेश संरक्षक रविन्द्र कुमार तिवारी ने अपने ओजस्वी वाणी से सभी उपस्थित तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों का जीवन परिचय दिया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री मिश्रा ने हिंदी परिषद के पदाधिकारियों को विश्व हिंदी दिवस व हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हार्दिक बधाई दी तथा आगे भी इसी तरह का आयोजन का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि देश में राष्ट्रीय पशु है, राष्ट्रीय पक्षी है, राष्ट्रीय गान है तथा राष्ट्रीय नागरिकता है परंतु एक राष्ट्रीय भाषा नहीं है जबकि विश्व के हर देश में एक राष्ट्रभाषा है। सिर्फ भारत में राष्ट्रभाषा नहीं है। हमारे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्र ने एक ऐतिहासिक आंदोलन निस्वार्थ भाव से युग पुरुष की तरह हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने केलिए पूरे देश में पांच लाख से ऊपर सदस्यों की संख्या के साथ मुहिम छेड़ दिये हैं। हम सभी को उनके कदम से कदम मिलाकर तन मन धन से आंदोलन को सफल बनाने के लिए जूड जाना चाहिए। हिंदी परिषद झारखण्ड के वरिष्ठ महासचिव बलराम उपाध्याय ने एक सौहर गाकर लोगों का मन मोह लिया।

## हिन्दी पखवाड़े के तीसरे दिन हिन्दी कविता का रहा बोलबाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत लंगटा बाबा कॉलेज मिर्जागंज में आज शनिवार को हिंदी पखवाड़ा के तीसरे दिन प्राचार्य प्रो कमलनयन सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। प्रो सिंह ने उपस्थित शिक्षक, शिक्षकेतर एवं छात्र-छात्राओं के बीच कॉलेज से एक वार्षिक साहित्यिक पत्रिका प्रकाशित करने की घोषणा की। जिसे सबों ने सहर्ष तालियां बजाकर हर्ष व्यक्त किया। प्रो सिंह ने कविता कि यह पंक्तियों का उद्घोष कर सबों को मंत्रमुग्ध किया-

अगर तुम ना होते तो कविता कौन कहता,
हमारे चेहरे को कमल कौन कहता,
यह तो संबंध है प्यार का.



वरना, पत्थर को ताजमहल कौन कहता।

आज हिंदी पखवाड़े के तिसरा दिन डॉ नन्दगोपाल राय, प्रो दिनेश कुमार पांडेय, प्रो सतीश कुमार, प्रो अनिल कुमार देव, प्रो अजय कुमार प्रो किशुन राणा, डॉ आसान आलम, आदि ने भी कविता पाठ किया।

एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो भुवनेश्वर राम ने भी कविता पाठ किया-

हिंदी दिवस पर ठाना है,
हिंदी को दिल से लगाना है,
हम सब का अभिमान है हिंदी,
भारत देश की शान है हिंदी,
जन-जन की आत्मा है हिंदी,
हिंदी मेरा ईमान है,
हिंदी मेरी पहचान है,
हिंदी हूं मैं वतन भी मेरा,
प्यारा हिंदुस्तान है...

हिंदी कोई भाषा नहीं,
एक नदी के समान है,
जिसकी धरा धरा में बहती,
भारत की पहचान है।

मंच संचालन प्रो अवधेश कुमार गोस्वामी ने कविता पाठ कर सभा में उपस्थित सबों को सराबोर किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो वरुण कुमार सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रो राम कृष्ण मंडल, प्रो विनोद कुमार राय, प्रो ललन कुमार शर्मा, प्रो सुनील कुमार बर्णवाल, प्रो नागेंद्र पासवान, प्रो शकील अख्तर,प्रो अनिल साह, डॉ राजीव कुमार के अलावे मुनचुन कुमार, आरती कुमारी, रानी कुमारी, संतोष कुमार, राहुल कुमार, आनंद कुमार, पवन कुमार, सिंधु कपूर, प्रियंका, प्रीति कुमारी, शहनाज खातून, शबाना खातून आदि उपस्थित हुए।

## स्वच्छता पखवाड़ा दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वच्छता पखवाड़ा दिवस (16.09.2023 से 02.10.2023 तक) के उद्घाटन के शुभ अवसर पर पूर्वान्ह 08¬15 बजे एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जो स्काउट एंड गाइड्स डेन से शुरू होकर हिल कॉलोनी, रेलवे अस्पताल, रनिंग रूम, एसआरपी कार्यालय के रास्ते धनबाद रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार तक गई जहां इस प्रभात फेरी का समापन किया गया। इसके बाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात स्वच्छता के लिए जागरूकता फैलाने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

## जीटीए आउटसोर्सिंग में नियोजन मामले में दो पक्षों में हुआ आपसी समझौता

### अजमूल, रियाज ने कहा सुचारू रूप से चले आउटसोर्सिंग कंपनी, लोगों को मिले रोजगार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी एवं छाताबाद के रियाज कुरैशी शनिवार को संयुक्त रुप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ईस्ट कतरास स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में नियोजन को लेकर दोनों पक्ष में चल रहे विवाद आज आपसी समझौता के बाद समाप्त हो गया। अजमूल अंसारी एवं रियाज कुरैशी ने संयुक्त रूप से कहा कि हम सब का मकसद है कि यहां आउटसोर्सिंग कंपनी सुचारू रूप से चले। इसके लिए दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस को बताया कि झारखंड सरकार के निर्देश पर कंपनी को 75प्रतिशत यहां के स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देना होगा। नियोजन के मामले में दोनों पक्ष में विवाद चल रहा था दोनों पक्ष के लोगों ने कहां नियोजन मामले का निपटारा कर लिया गया है। अजमूल अंसारी ने बताया कि इसके पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा थाना में दी गई शिकायत को भी वापस कर लिया जाएगा। दूसरे पक्ष के लोग भी जो शिकायत किए हैं उसे भी उठा लेंगे। अजमूल ने कहा कि आज अनिश्चितकालीन चक्का जाम करना था लेकिन प्रबंधक और आउटसोर्सिंग कंपनी के आग्रह पर स्थगित कर दिया गया है। कंपनी ने वादा किया है कि बाकी लोगों को नियोजन दुर्गा पूजा के पूर्व दिया जाएगा।

## पारसनाथ इंटर व डिग्री महाविद्यालय इसरी बाजार का 39वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डुमरी :** पारसनाथ इन्टर एवं डिग्री कॉलेज इसरीबाजार का 39वां स्थापना शनिवार को समारोह पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रो गौतम सिंह ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी तथा विशिष्ट अतिथि कॉलेज के सचिव डा मृगेंद्र नारायण सिंह व संस्थापक शंकर प्रसाद सिंह उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया वहीं मंत्री को कॉलेज प्रबंधन की ओर से अभिनन्दन पत्र दिया गया। इस दौरान 2021-23 सत्र के इंटरमीडिएट परीक्षा में कॉलेज टॉपर रहने वाले विज्ञान संकाय के विक्की कुमार शर्मा वाणिज्य संकाय के कुमारी विजेता साहू एवं कला संकाय के सार्थक प्रयास को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वहीं मंत्री ने छात्र छात्राओं को मन




लगाकर पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई से ही हम समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करके एवं सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप लोगों को नौकरी लेने के लिए मेहनत से पढ़ाई करनी होगी।सरकार आपसब के साथ है।उन्होंने प्रोफेसरों से कहा कि आपकी पढ़ाई मजबूत व अच्छी रहेगी तो कॉलेज में बच्चों का नामांकन शत प्रतिशत होगा, जैसे नेतरहाट स्कूल जंगल के बीच में है फिर भी वहां बच्चों का नामांकन के लिए भीड़ होती है।

## सक्सेस स्टोरी : जेएसएलपीएस से लोन लेकर, कपड़े की दुकान खोलकर बबली अधिकारी बनी आत्मनिर्भर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद प्रखंड के पांडरकनाली की रहने वाली और नारी शक्ति आजीविका सखी मंडल से जुड़ी बबली अधिकारी झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से स्वरोजगार कर, आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। श्रीमती बबली ने बताया कि नारी शक्ति आजीविका सखी मंडल में शामिल होने से पहले वह एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थी। वैश्विक महामारी में लॉकडाउन के कारण प्राइवेट स्कूल में जॉब छूट गया। जिस कारण परिवार




को चलाने में असमर्थ थी। परिवार के बारे में सोच सोच कर वह परेशान रहने लगी थी। इसके बाद उन्होंने अपने घर पर कुछ बच्चों को पढ़ाना शुरू किया और परिवार का पालन पोषण करने लगी। इसके बाद भी वह अपने जीवन में बहुत सी चुनौतियां और उतार-चढ़ाव का सामना करती रही। चुनौतियों से सीख लेकर और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से अपने जीवन शैली को ऊपर उठाने का संकल्प लिया। बबली अधिकारी ने जेएसएलपीएस से एक लाख रुपए का ऋण लिया और अपने घर पर ही कपड़े की दुकान खोली। दुकान खोलने के बाद उन्होंने धीरे-धीरे उसका विस्तारिकरण किया। अब दुकान से प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपए की कमाई कर रही है। उन्होंने कहा कि वह दुकान को और बड़ा करने की सोच रही है। साथ ही कहा कि आज वह जिस मुकाम तक पहुंची है उसका श्रेय झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी को जाता है। वह और उसका पूरा परिवार जेएसएलपीएस का आभारी हैं।

## पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक नागेंद्र महतो



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम दासोडीह निवासी उपेन्द्र यादव के पिता स्व बिशुन महतो के द्वादशा श्राद्धक्रम में उनके आवास पर बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो शामिल हुए। इस बीच पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित लोगों को ढाढस बंधाया। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष आज़ाद तुरी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महेश यादव, शिक्षक देवशरण यादव, भुनेश्वर महतो, भागदेव यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# खेल छात्रों में अनुशासन और उनके व्यक्तित्व में निखार लाता है : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** खेल जीवन में अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का भाव लाता है। साथ ही उनके जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता करता है। छात्रों में अनुशासन और उनके व्यक्तित्व में भी निखार लाता है। खेल में भागीदारी होने से खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होते हैं। उक्त बातें उपायुक्त ने आज शनिवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में जिला स्तरीय खेलो झारखंड के प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कही। कार्यक्रम में अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा के द्वारा कहा गया कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल छात्रों के मानसिक शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।आज दूसरे चरण में अंडर 14/17/19 बालिका वर्ग वॉलीबाल और कुश्ती के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉल और कुश्ती का मुकाबला उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिन्दू, लोहरदगा के खेल मैदान में खेला गया। बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा और उपविजेता झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो को उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल अंडर 14 बालिका वर्ग विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा और उपविजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को। अंडर 17 बालिका वर्ग विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को और उपविजेता राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा तथा अंडर 19 बालिका वर्ग का मुकाबला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को और राजकीयकृत +2 नंदलाल उच्च विद्यालय, अरू, सेन्हा के बीच खेला गया। जिसमें विजेता नंदलाल उच्च विद्यालय, अरू विजयी हुई और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को उपविजेता हुई। कुश्ती का मुकाबला अंडर 14/17/19 का मुकाबला बालक और बालिकाओं का खेला गया। जिसका फाइनल को खेला गया। उपरोक्त सभी विजेता और उपविजेता अंडर 14/17/19 बालिका और बालक वर्ग के प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा सम्मानित किया गया। आज इस मौके पर सभी प्रतिभागी विद्यालयों के खिलाड़ी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विभिन्न खेलों से जुड़े कोच उपस्थित थे।

## पर्व त्यौहार और मेला का आयोजन से आपसी प्रेम भाईचारा और सौहार्द कायम होता है : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँड़ू में चेहल्लुम मेला कमिटी द्वारा चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र खेल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। जेरे निगरानी अंजुमन इस्लामिया डाँड़ू के द्वारा आयोजित चेहल्लूम कमेटी द्वारा अतिथि समाज सेवी तौफिक अंसारी, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया गया। चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अतिथियों द्वारा लाठी एवं तलवार खेल कर अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि मोरहर्म के 40 दिन बाद इमाम ए हुसैन की याद में चेहल्लुम मनाया जाता है। पर्व त्यौहार और मेल का आयोजन से आपसी प्रेम, भाईचारा कायम होता है। सत्य और नेकी के साथ चल कर समाज की सेवा करते रहें। इमाम ए हुसैन ने सत्य और नेकी को अपनाया जिसे उनका जीवन सफल रहा है। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में नारे तकबीर या अली या हुसैन का नारा से मैदान गूंज उठा। अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता में गौसिया नगर सेन्हा, गमहार टोली, उदरंगी, लोहरदगा, बलसोता, न वाडीह, झखरा, कभंडरा, हिरही, सहित विभिन्न जगहों से 25 खेल प्रतिभागी अखाडा शामिल हुआ. सफल प्रतिभागियों तथा अखाड़े को आयोजन समिति के द्वारा पुरुषकार देकर सम्मानित किया गया।

## देवस्थल में 19 से 23 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा गणेश उत्सव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ गणेश उत्सव मनाया जायेगा। गणेश उत्सव आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक देव स्थल प्रांगण में भव्य पूजन उत्सव एवं भंडारे का आयोजन गणेश उत्सव समिति के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए बैठक आयोजित कर सर्व समिति से एक कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें श्रेयांश सिद्धार्थ को अध्यक्ष, राजकुमार यादव, अरविंद वर्मा, संजय साहू, पप्पू पहलवान को उपाध्यक्ष, शुभम कुमार गुप्ता को सचिव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनिट कुमार बिट्टू को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार एवं नीरज कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में शंकर कुमार साहू, संदीप यादव, अरुण वर्मा, अमन वर्मा, उत्तम कुमार, रंजीत साहू, पंकज गुप्ता, सूरज मिश्रा, रंजन कुमार, अनुराग शिखर, अमित कुमार, अमन कुमार, सूरज सिंह के साथ-साथ महिलाओं को भी शामिल किया गया है जिनमें ज्योति देवी, बबिता देवी, केसरी देवी, अनुराधा देवी, इंदु देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, मुख्य रूप से शामिल हैं। संरक्षक में लाल नवल नाथ शाहदेव, गुप्तेश्वर प्रसाद, चंद्रिका यादव, बैजनाथ प्रसाद, बबन प्रसाद, शंकर साहू, दिनेश सिंह, शिव प्रसाद साहू, बालेश्वर साहू, लखन राम वर्मा, नरेश साहू, श्रवण यादव, राजकिशोर भारती, बंशीधर मिश्र, शंभू शिखर, नंद कुमार सिंह, ईश्वर साहू, धीरज प्रसाद, सागर वर्मा, घनश्याम भगत, प्रमोद साहू,दयाशंकर सिंह, प्रदीप साहू, उपेंद्र प्रसाद, संतोष लकड़ा, चंदन कुमार, भरत साहू, वकील साहू, संवाद प्रभारी में अभय भारती व शंकर गुप्ता हैं। जबकि प्रसाद वितरण प्रभारी में नीरज कुमार, राजकुमार यादव, बंशी साहू, अरुण वर्मा को शामिल किया गया है। साज सज्जा में संजय महतो, राजेश रंजन, प्रदीप साहू एवं विधि व्यवस्था में समस्त कार्यकारिणी एवं श्रद्धालुओं को शामिल किया गया है।

# मद्धेशिया वैश्य समाज द्वारा बाबा गणिनाथ महोत्सव सह पुज्नोत्स्व का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** झारखंड मद्धेशिया वैश्य समाज लोहरदगा द्वारा शनिवार को भंडरा प्रखंड के चट्टी स्थित गणिनाथ मंदिर प्रांगण में बाबा गणिनाथ महोत्सव सह पुज्नोत्स्व का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा सहित गुमला, रांची, लातेहार आदि जिलों से हलवाई समाज के लोग शामिल हुए। पूजन के पश्चात झंडोत्तोलन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात समाज के लोगों ने समाज के उत्थान पर अपने विचार देते हुए कहा कि यह सिर्फ वार्षिकोत्सव नहीं बल्कि समाज के लिय बड़ा मंच है। कार्यक्रम के दौरान भक्ति जागरण का भी आयोजन हुआ। जिसमें हलवाई समाज के बच्चों ने भक्ति गीतों से सभी को झूमने के लिये मजबूर कर दिया। इससे पूर्व डांस, घड़ा फोड़ और कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें निधि गुप्ता, पायल गुप्ता, सोनम गुप्ता, वंश राज गुप्ता, परी गुप्ता, कंचन गुप्ता, राखी गुप्ता, आरुषि गुप्ता व पूर्वा गुप्ता को बेहतर प्रदर्शन करने पर पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर गुमला से पहुंचे मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामजिक कुरूतियों को जड़ से खत्म करना होगा। समाज में आज भी पढ़ाई का स्तर में सुधार नहीं हुआ है। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि हलवाई समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। इस दौरान समाज से दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। मौके पर दामोदर प्रसाद, संजीव कुमार, प्रणोद प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, लखन साव, जगदीश प्रसाद, हरिहर प्रसाद, शंकर प्रसाद, रामजी प्रसाद, महेश साव, रामजी प्रसाद, महेश साव, जगेश्वर साव, सुरेश साहू, महेश साव, हेमंत प्रसाद, शिवनारायण साहू, ईश्वर प्रसाद गुप्ता, गोविंद प्रसाद, नारायण साहू सहित काफी संख्या में हलवाई समाज के लोग मौजूद थे।

**मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम में महामंत्री ने कहा,**

# 17 सितंबर पीएम के जन्मदिन से 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती तक सेवा पखवाड़ा मनायेगी भाजपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 16 सितंबर शनिवार को कैरो प्रखंड के सुदूरवर्ती पहाड़ के तलहट्टी मे बसा गाँव हुद्दू के बूथ संख्या 184 मे भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश सोनी के अगुवाई मे प्रखंड महामंत्री मनोज साहू उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति,जिला कार्यसमिति सद्स्य सह हनहट मुखिया श्रवण मुंडा के उपस्थिति में मेरा माटी,मेरा देश कार्यक्रम के निमित प्रत्येक घरों से किया गया मिट्टी संग्रहण का कार्य। ईस अवसर पर मिट्टी संग्रहित करते हुए प्रखंड महामंत्री मनोज साहू ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार 17 सितंबर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन से 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा पखवाडा के तौर पर मनाते हुए अनेक सेवा के कार्य करके गरीब कल्याण के मार्ग को प्रसस्त किया जायेगा। महामंत्री ने कहा कि सेवा पखवाडा के तहत सेवा कार्य जैसे स्वास्थय सह रक्तदान शिविर,स्वच्छता जैसे कई महत्वपुर्ण कार्य सेवा पखवाडा के तहत किया जायेगा। 16 सितंबर हुद्दू मे मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे उपरोक्त लोगो के अलावा हरिलाल भगत, सुखदेव उराँव, दुखन मुंडा, सोनी कुमारी, रामजीत मुंडा, कर्मा उराँव, सोमरा प्रधान, पह्लाद उराँव, तिलसरिया मुंडा, बासदेव भगत, विज्ञान उराँव, ठीबू मुंडा इत्यादि बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है : विनोद राम



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज प्रातः कालीन वंदना सभा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाखर के शिक्षक श्रीमान विनोद राम द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा सत्र 2022-23 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को उनके द्वारा पेंसिल रबर पेन और कापी देकर पुरस्कृत किया गया। श्री विनोद राम ने कहा मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र होता है वह बच्चों को प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से निरंतर अभ्यास एवं सच्चे मन से मेहनत करने की बात कहे। उनके द्वारा खरगोश एवं कछुए के रोचक कहानी को बताया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जी सुरेश चंद्र पांडे ने कहा सुंदर लिखावट ही सुंदर छात्र का पहचान होता है । आकर्षक लिखावट से आकर्षक व्यक्तित्व का विकास होता है विद्यार्थी लगन पूर्वक पढ़ाई करते हुए प्रगति के मार्ग पर निरंतर विकास के नए आयाम को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में आज अभिभाविकों के द्वारा मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व सुनीता जी एवं सरिता जयसवाल द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान रिया कुमारी,द्वितीय स्थान नेहा जायसवाल एवं तृतीय स्थान सुषमा खेस ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु बने उपस्थित थे।

## लंबित प्रधानमंत्री आवास पर ध्यान दे और लक्ष्य को पूर्ण करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड कार्यालय कक्ष में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मुखिया, स्वंयसेवक वार्ड सदस्य और मेट के साथ अपूर्ण पीएम आवास को लेकर बैठक किया गया। आयोजित बैठक के दौरान अर्धनिर्मित एवं अपूर्ण अवस्था मे लंबित पीएम आवास पर प्रकाश डालते हुए अपूर्ण आवास का जायजा लिया गया। उक्त बैठक जिला उपायुक्त द्वारा चले आवास पूरा करें आयोजन किया गया। अर्धनिर्मित आवास को 15 दिनों में लाभुक से पूर्ण करवाने पर जोर दिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जिस लाभुक को निलाम पत्र निर्गत नही किया गया है। वैसे लाभुक को चिन्हित कर नीलामी पत्र भेजे साथ ही उन्होंने कहा की पंचायत स्तर पीएम आवास लाभुक के साथ बैठक कर आवास निर्माण हेतु प्रेरित करें तथा लाभुकों से डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाते हुए कार्य प्रगीत पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। तथा आवास पूर्ण अवस्था में हो तो साथ ही साथ गृह प्रवेश करवाने की बात कही गई। इसके अलावे विशेष सुझाव देते हुए श्री चोपड़ा ने कहा कि पंचायत स्तर पर बैठक के दौरान लाभुक की समस्या से अवगत हो प्रखंड कार्यालय को सूचनार्थ करते हुए निदान करें। अपूर्ण आवास पर विस्तार पूर्व चर्चा करते हुए बताया गया कि लक्ष्य के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में पीएम आवास योजना का स्वकृति लाभुक को प्रदान किया गया था।

# मुद्रिका बैंक्केट हॉल में एक दिवसीय सिनेमैटोग्राफी व वेडिंग फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के बैनर तले कैनन कैमरा कंपनी के सौजन्य से आज लोहरदगा के मुद्रिका बैंक्केट हॉल में एक दिवसीय सिनेमैटोग्राफी एवं वेडिंग फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कैनन कंपनी हेड दीपांकर भट्टाचार्य की भूमिका अहम रहे उन्हीं के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कैनन इंडिया कंपनी से आए टेक्निकल एक्सपर्ट राजकुमार दास को अस्सोसीएशन सदस्य नागेंद्र प्रजापति के द्वारा पुष्प गुच्छ देखकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कैनन कंपनी के झारखंड जोनल हेड दीपांकर जी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम राज्य के हर जिले में वेडिंग कार्यशाला का आयोजन करें। कैनन के नए-नए प्रोडक्ट से फोटोग्राफरों को अपडेट करें दिन भर के इस कार्यशाला में मैटर राजकुमार दास ने सिनेमैटिक फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर फोकस करते हुए कैमरे के विभिन्न तकनीकी जानकारियां दी। उन्होंने कैनन मिररलेंस कैमरा की बारीकियां से रूबरू कराते हुए कहा की स्टील कैमरे से वीडियोग्राफी करने के लिए इमेज स्टेबलाइजेशन, लाइटर वीडियो, कॉलर टोन, कैमरे की डायनेमिक रेंज एवं ऑटो फोकस,प्री रिकॉर्डिंग के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने 10 बीट में वीडियोग्राफी करना सिखाए। कार्यशाला के दूसरे सेशन में टेक्निकल एक्सपर्ट बिना गिंबल के क्रिएटिव शॉट कैसे लिया जाए,कलर ग्रेडिंग कैसे किया जाए इसके बारे में बेसिक जानकारियां साझा किया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण मॉडल शूटिंग भी था जिसमें एक्सपर्ट ने आउटडोर एवं इनडोर शूटिंग करके बेहतर रिजल्ट कैसे पाया जाए इसका प्रायोगिक विधि बताए। आज के कार्यशाला में गुमला लोहरदगा एवं पलामू के लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव पवन कुमार ने कैनन कंपनी से आए जोनल हेड दीपांकर भट्टाचार्य को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। एरिया मैनेजर शेखर जी को कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं मेंटर राजकुमार दास को अध्यक्ष रवि खत्री ने सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ सदस्य रमेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में बाहर से आए मेहमान एवं मॉडल खुशी एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए रमेश वर्मा ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

## 18 सितंबर को कैरो मुहर्रम मेला टांड मे स्वास्थय मेला का होगा आयोजन : डा. राकेश कुमार



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 सितंबर सोमवार को कैरो मुख्यालय स्थित मुहर्रम मेला टांड मे स्वास्थय मेला का होगा आयोजन। उक्त बाते कैरो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार ने बताया कि स्वास्थय विभाग लोहरदगा के सौजन्य से18 सितंबर के स्वास्थय मेला पूर्वाह्न 9:00 बजे से शाय 4:00 बजे तक स्वास्थय मेला मे विभिन्न प्रकार के स्टाल, टीबी, मलेरिया, लेप्रोसी, अंधापन, आयुष, महिला ओपीडी, पुरुष ओपीडी, दवा वितरण, आयुष्मान भारत, हेल्थ कार्ड, परिवार नियोजन, इत्यादि के अलग अलग स्टाल मे नि-शुल्क सेवा सरकार के और से मेले मे दी जायेगी। मेले मे डा0 अफताब आलम, डा0 ज्ञानचंद पांडे, डा0 दीपेश्वर चौधरी, डा0 एहजन बाफरी, इत्यादि चिकित्सक मेले मे मुख्य रूप से चिकित्सकीय परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। डा0 राकेश कुमार ने प्रखंड के उक्त स्वास्थय मेला मे प्रखंड के अधिक-से-अधिक लोंगो को उपस्थित होकर सरकार के द्वारा निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श सेवा,सुविधाओं का लाभ उठाने की बात कही है।

**अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी से मिले कराटे मेडल विजेता बच्चे**

# बच्चों की प्रतिभा को मुकाम देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी, कुडू के कराटे खिलाड़ियों का दल सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर से गोल्ड मेडल सहित कई मेडल और प्रशस्ति पत्र जीतकर वापस लौटा था। आज विद्यालय के कराटे खिलाड़ी अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा से मिले और आशीर्वाद लिया। इंटरमेशनल स्पोर्ट्स लिमिटेड ऑफ जयपुर, राजस्थान 8 से 12 सितंबर तक आयोजित खेल कराटे लीग चैंपियनशिप 2 में विद्यालय की रानी कुमारी गोल्ड मेडल सहित कई सिल्वर और ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया था। आज खिलाड़ियों से मिलकर अनमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए उनके सफल जीवन की कामना की। उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण कड़ी मेहनत और लगन से सफलता की किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। मौके पर मौजूद विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेल में भी आगे बढ़ने के लिए भरपूर मौके देना जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वरीय पदाधिकारियों से बात कर इस खेल के लिए जरूरी सामग्री विद्यालय को उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास करेंगे।उन्होंने तालियां बजाकर बच्चों की उपलब्धि को सराहा और उन्हें उपहार भी दिए। मौके पर कोच देवंती कुमारी एवं विनय कुमार मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में लोक नृत्य व गीत प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में तरुण एवं कन्या भारती की गतिविधियों के अंतर्गत लोक नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक नृत्य गीत प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा सदन ने प्रथम स्थान, भारतवर्ष सदन ने द्वितीय स्थान और आर्यावर्त व तिलका मांझी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुल 8 सदनो ने भाग लिया। जम्बूद्वीप सदन, हिदुस्तान व सिद्धू -कान्हू सदन, हिमवर्ष व गणपत राय सदन, अजनाभवर्ष व कार्तिक उरांव सदन, भरतभूमि व फूलो-झानो सदनो की प्रस्तुति भी काफ़ी सराहनीय रही। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सब प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से कराए जाते हैं। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। निर्णायक मंडली से रोशनी उरांव ने अपना अनुभव कथन बोलते हुए कहा कि निर्णायक बनना उनके लिए बहुत ही सौभाग्य का छन रहा, इस तरह के कार्यक्रम से उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में छात्र-छात्राओ के बीच से ही तरुण भारती के प्रधानमंत्री रोहित कुमार साहू, कन्या भारती की प्रधानमंत्री रोशनी उरांव और सेनापति अभय साहू थे। कार्यक्रम का संचालन 12वीं विज्ञान के छात्र राज प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह-2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में समाज कल्याण कार्यालय,लोहरदगा की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत किये जा रहे क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि पोषण माह में किये जा रहे गतिविधियों में गुणवत्ता रहनी चाहिए। उसकी रूपरेखा ऐसा बनायें कि पोषण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य पूरा हो सके। सभी आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका को भी पोषण से जुड़ी प्रत्येक जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करें और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत सितंबर में 1-30 सितंबर 2023 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 17 से 19 सितंबर तक आंगनवाड़ी स्तर पर और आसपास के जल स्त्रोतों की सफाई, स्थानीय निकायों-पंचायती राज संस्थाओं/महिला समितियों के साथ जल संरक्षण पर संवेदीकरण, आंगनवाड़ी स्तर पर योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। 20 से 23 सितंबर तक मिलेट्स पर केंद्रित आंगनवाड़ी केंद्र में भोजन प्रतियोगिता,मिलेट्स सहित आदिवासी भोजन पर जागरूकता अभियान चालाया जाएगा। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पूरक आहार में मिलेट्स को शामिल करने, अन्न प्राशन दिवस जैसे समुदाय आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। स्कूलों में बाजरा आधारित मेला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में 20 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय डिवार्मिंग डे का आयोजन किया जाएगा। 24 से 27 सितंबर 2023 तक आकांक्षी जिला अंतर्गत किशोरियों के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर एनीमिया जांच शिविर आयोजित किये जायेंगे। गर्भवती, स्तनपान करानेवाली माताओं और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया जाएगा। कुपोषण, एनीमिया और मिलेट्स के महत्व पर पोषण पंचायतों की संवेदीकरण बैठक की जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन/पोषण वाटिकाओं की स्थापना पर प्रदर्शनी लगायी जाएगी। सक्षम आंगनवाड़ी के तहत लक्षित आंगनवाड़ी केंद्रों और घरेलु स्तर पर पोषण वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### छात्रों ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार का भ्रमण किया




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज से विधि के छात्रों का एक दल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार का भ्रमण किया । वहां कैदियों के स्थिति के बारे में जाना। यह कार्यक्रम डालसा के सहयोग से संपन्न हुआ। डालसा की ओर से एल ए डी सी अधिवक्ता वीरेन्द्र प्रताप उपस्थित रहे । इंस्टीट्यूट की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर मिस रिमझिम वैष्णवी तथा छात्र विश्वजीत कुमार तिवारी, कुमार रौशन, हेमा सिंह, रितिका आनंद उपस्थित रहे।

### आजसू पार्टी के महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:हम आजसू पार्टी के महाधिवेशन को राज्य का अधिवेशन बनाना चाहते हैं। इसके लिए राज्य के प्रत्येक गांव का प्रतिनिधित्व महाधिवेशन में होगा। प्रदेश के सभी युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों की समस्याओं, विचारों, और सुझावों पर मंथन हेतु पार्टी के महाअधिवेशन का आयोजन हो रहा है। यह अधिवेशन आजसू पार्टी के 1 लाख पदेन पदाधिकारियों का नहीं बल्कि झारखंड के सभी सवा तीन करोड़ लोगों का अधिवेशन होगा। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय एवं प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा और प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक में कही। इस बैठक में रांची स्थित मोराबादी मैदान में 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आजसू पार्टी के महाधिवेशन का आयोजन होना तय हुआ। इस ऐतिहासिक महाधिवेशन के माध्यम से आजसू पार्टी राज्य की राजनीति में बदलाव की पटकथा लिखेगी। महाधिवेशन में हम राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक प्रस्थिति पर विचार विमर्श करेंगे। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारी और विभिन्न रणनीति पर मंथन भी करेंगे। इस महाधिवेशन के माध्यम से हम पार्टी के कार्यकर्ताओं में नए ऊर्जा, उत्साह के साथ आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेंगे। महाधिवेशन के बारे में बताते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी महाधिवेशन में पार्टी के एक लाख पदेन पदाधिकारी शामिल होंगे और इस आयोजन में राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होंगे और राज्य के विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान प्रदान करेंगे। यह मौका है जब हम पार्टी के संविधान में बदलाव के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यकता अनुसार बदलाव कर सकते हैं।

# कोरोना से ज्यादा जानलेवा है निपाह वायरस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : केरल में निपाह वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या चार हो गई है, जिसके बाद राज्य सरकार ने उन सभी लोगों का परीक्षण करने का निर्णय लिया है, जो संक्रमित व्यक्तियों की संपर्क सूची में हैं। स्वास्थ्य मंत्री जॉर्ज ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के सैंपल टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उसमें निपाह वायरस की पुष्टि हुई, जिससे राज्य में कुल संक्रमित लोगों की संख्या छह हो गई, जिनमें से दो की पहले ही मौत हो चुकी है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी इसको लेकर सतर्क हो गया है। आईसीएमआर के महानिदेशक डां. राजीव बहल ने निपाह वायरस को कोरोना से भी अधिक जानलेवा करार दिया।

*** कोरोना से मरने वालों का दर सिर्फ दो से तीन प्रतिशत थी, लेकिन निपाह वायरस से मरने वालों का आंकड़ा 40-70 प्रतिशत का है : डॉ. राजीव बहल**




उन्होंने कहा कि कोरोना से मरने वालों का दर सिर्फ दो से तीन प्रतिशत ही थी, लेकिन निपाह वायरस से मरने वालों का आंकड़ा 40-70 प्रतिशत का है। उन्होंने कहा कि भारत में निपाह वायरस के संक्रमण को फैलने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। राजीव बहल ने बताया कि साल 2018 में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की कुछ खुराकें मिली थी। हालांकि, अभी 10 मरीजों के लिए इसकी खुराक उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि भारत निपाह वायरस संक्रमण के इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया से इसकी 20 और खुराक खरीदेगा। उन्होंने बताया कि भारत में अभी तक किसी को भी इसकी खुराक नहीं दी गई है।राजीव बहल के मुताबिक, इसकी दवा मरीजों को प्रारंभिक चरण के दौरान दिए जाने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि केरल में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी तरह के उपाय किए जा रहे हैं। केरल में इसके मामले सामने आने के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके मामले यहां क्यों आ रहे हैं हम नहीं जानते हैं।

### क्या है निपाह वायरस ?

निपाह वायरस एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से इंसानों में फैलता है. यह खासकर बैट यानि चमगादड़ के जरिए फैलता है. लेकिन इसके अलावा ये सूअर, बकरी, घोड़े, कुत्ते, बिल्लियों से भी फैल सकता है. सबसे खास बात यह है कि यह हवा के जरिए नहीं फैलता है लेकिन किसी सामान या फ्यूल्ड ड्रोपलेट्स के जरिए फैल सकता है. इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में दिक्कत हो सकती है. साथ ही साथ गंभीर उल्टियां भी हो सकती है. इसके गंभीर लक्षणों में शामिल है पेट में दर्द होना, दौरे पड़ना और कोमा में चले जाना. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक निपाह से मरने वालों लोगों की संख्या 40 से 75 प्रतिशत तक रहती है. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक निपाह वायरस से बचने के लिए किसी भी तरह की दवा-वैक्सीन अभी मार्केट में मौजूद नहीं है. निपाह वायरस से राहत चाहिए तो जैसे ही इसके शुरुआती लक्षण दिखाई दें तो तुरंत बिना समय गवाएं डॉक्टर से सलाह लें.

# हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा महिला को कराया गया रक्त उपलब्ध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में सुरेश कॉलोनी निवासी सुनील कुमार यादव की धर्मपत्नी रजनी कुमारी जो रक्त की कमी के कारण महावीर हॉस्पिटल में इलाजरत है। चिकित्सकों के द्वारा परिजनों को एबी नेगेटिव रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसके बाद परिजन के द्वारा संबंधित रक्त की खोज भी प्रारंभ कर दी गई कहीं रक्त उपलब्ध न होने पर परिजनों ने हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क कर संबंधित रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। तत्पश्चात नारी शक्ति स्वरूप आनंदित अग्रवाल से रक्तदान करने का आग्रह किया गया, इसके बाद उन्होंने बगैर संकोच किए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक परिसर पहुंचकर रक्तदान कर रजनी कुमारी की जान बचाई।मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता आनंदित अग्रवाल के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया हुआ कार्य समाज के प्रति एक मिसाल है। नारी शक्ति होकर अपने जो कार्य किया है, समाज में एक संदेश के रूप में लोगों के बीच उपलब्ध हो चुका है। हजारीबाग यूथ विंग आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

# नीतीश कुमार पीएम बनना चाहते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है : अमित शाह

**एजेंसी**



**पटना :** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बीजेपी मेरी माटी मेरा देश अभियान चला रही है. इसी के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के दौरे पर हैं. शनिवार को उन्होंने राज्य के मधुबनी से एक बार फिर इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा. उन्होंने इस गठबंधन में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ ही मौजूदा सीएम नीतीश कुमार को घेरा. गृह मंत्री शाह ने मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,ये जो गठबंधन है, ये स्वार्थ का गठबंधन है, लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और नीतीश जी हर बार की तरह प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं, नीतीश बाबू आपकी दाल नहीं गलेगी, प्रधानमंत्री का पद वहां खाली नहीं है, वहां फिर से एक बार नरेंद्र मोदी जी बैठने वाले हैं.केंद्रीय मंत्री ने कहा,ये लोग फिर से बिहार को जंगलराज बनाने की दिशा में ले जा रहे हैं, तुष्टिकरण करके बिहार को फिर से ऐसे तत्व के हाथ में रखना चाहते हैं, जो बिहार के सुरक्षित नहीं रख सकता. गृह मंत्री शाह ने कहा,2024 में चुनाव आने वाला है, मैं बिहार की जनता का इसलिए धन्यवाद करना चाहता हूं कि 2014 में 40 प्रतिशत वोट और 31 सीटों के साथ आपने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का काम किया, इसलिए बिहार की जनता का बहुत-बहुत धन्यवाद. 2019 में भी 53 प्रतिशत वोट और 39 सीटें देकर मोदी जी के फिर से आपने प्रधानमंत्री बनाया... झंझारपुर की जनता जिस उत्साह के साथ मोदी जी के समर्थन में यहां आई है, मुझे पूरा भरोसा है कि 2024 में बिहार में 39 सीटों का रिकॉर्ड तोड़कर 40 की 40 सीट एनडीए और बीजेपी जीतेगी.

# निगम प्रशासक ने निर्माणाधीन बायोगैस प्लांट के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार और गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा रांची शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से गेल इंडिया लिमिटेड और रांची नगर निगम के बीच कचड़ा से बायो गैस उत्पादन के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के निर्माण को लेकर एमओयू साइन किया गया है, जिसके प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है। प्रशासक, रांची नगर निगम, अमीत कुमार, भा0प्र0से0 के द्वारा झिरी स्थित निर्माणाधीन बायोगैस प्लांट के निर्माण कार्य का निरीक्षण संबंधित अधिकारियों के साथ किया गया। प्रशासक के द्वारा इस परियोजना के प्रथम चरण के कार्य प्रगति को देखते हुए परियोजना से संबंधित सभी अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता के साथ-साथ ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि रांची शहर के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण परियोजना है और इसके जल्द से जल्द परिचालन हेतु कार्य में गति लाने की आवश्यकता है। प्रशासक द्वारा स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में विशेषकर कूड़ा के पृथक्करण को ध्यान रखने तथा सूखा एवं गीला कचड़ा को अलग-अलग डस्टबिन में रखने हेतु आम नागरिकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि यहां प्रथम चरण में 150 मिट्रीक टन / प्रतिदिन का बायो कंपोस्ट प्लांट लग रहा है, जिसके लिए प्रतिदिन लगभग 300 टन गीला कचड़ा उपलब्ध कराने की अवश्यकता होगी।

मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, गेल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### झारखंड की महिला उद्यमी को किया गया सम्मानित

**रांची:** झारखंड राज्य में सामाजिक आर्थिक योगदान और व्यवसाय में डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी होने के अवसर पर डॉ ख्याति मुंजाल के द्वारा महिला उद्यमिता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन चेंबर भवन में किया गया। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है एवं महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर इस पर बेहतर खोज के बाद अहम बिंदुओं पर चर्चा कर इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मिहला उद्यमिता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म की प्रदर्शन हुई। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चत की जायेगी। कार्यक्रम में झारखंड की प्रसिद्ध महिला उद्यमी शामिल हुई। मुख्य अतिथि के रूप में झरिया की विधायक पूर्णिमा सिहं शामिल हुई। उन्होंने प्रदर्शित फिल्म को सराहा। अन्य अतिथियों में पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, चेंबर ऑफ कामर्स के आदित्य मल्होत्रा शामिल थे।

# ओमप्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री से न्याय की लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से न्याय हेतु शिकायत पत्र देकर घर को कब्जा से मुक्त कराने के लिए गुहार लगाया। पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी ने अपने शिकायत पत्र द्वारा कहा है कि मेरी माता इन्द्रासिनी देवी ने मुझे(ओम प्रकाश चौधरी)को घर जमीन सहित गिफ्ट रजिस्ट्री कर दी है उसके बावजूद भानूप्रकाश चौधरी पिता स्वर्गीय राम नारायण चौधरी मेरे मकान में जबरन रह रहा है और हमारे जमीन पर अवैध निर्माण भी कर रहा है। ओमप्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री से प्रार्थना करते आग्रह करते हुए लिखा है कि भानू प्रकाश चौधरी को मेरे घर से बाहर निकालने की कृपा करें।इस संबंध में कार्रवाई करने हेतु पूर्व डोरन्डा थाना, रॉची, अनुमंडल पदाधिकारी,सदर,रांची एवं उपायुक्त,रांची को भी लिखित शिकायत देकर घर से भानू प्रकाश चौधरी को बाहर निकालने के लिए गुहार लगाया। झारखंड सरकार,मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थापित सरकार के अवर सचिव राम मुर्ति सिंह ने उपायुक्त ,रॉची को पत्रांक -8506546/ मुमंस0,रांची, 15.09.2023 द्वारा पत्र भेजकर कार्रवाई करने और कार्रवाई संबंधित सूचना मुख्यमंत्री सचिवालय को देने हेतु निर्देश दिया। इस बीच पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी के घर जाकर डोरंडा थाना,रांची के अवर निरीक्षक निर्मल मंडल ने ओमप्रकाश चौधरी का बयान लिया और उनकी मां इनद्रासिनी देवी और पत्नी का बयान लिया साथ ही ओमप्रकाश चौधरी से सभी कागजात भी लिए फिर अवर निरीक्षक निर्मल मंडल ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देकर फिर भानूप्रकाश चौधरी से मिले,उसके बाद लौट गए।

# कटकमसांडी मैदान में हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के चौथे चरण का भव्य आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** । नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के चतुर्थ चरण में शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कटकमसांडी स्टेडियम में नमो झंडा फहराकर और फुटबॉल में किक मारकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शानदार तरीके से बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बरकट्ठा के पूर्व विधायक अमित कुमार यादव, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर भव्य आगाज किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की हजारीबाग सदर विधानसभा सौभाग्यशाली है कि उन्हें मनीष जायसवाल जैसे जननेता मिले हैं। विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के बाहर पूरे हजारीबाग जिले के खेल- खिलाड़ियों के उत्थान और प्रोत्साहन के लिए तत्पर रहते हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन के दौरान नमो टूर्नामेंट के आयोजन के मकसद के बाबत बताया कि नमो किसी भी प्रकार की राजनीति से प्रभावित नहीं है इस टूर्नामेंट का एकमात्र उद्देश्य हजारीबाग में विभिन्न खेलों के बीच प्रतिस्पर्धा का आयोजन कर उसे बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म मुहैया कराना है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो सिर्फ फुटबॉल टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी इस बार किया गया है और नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को हजारीबाग विधानसभा से बाहर पूरे जिले में विस्तार करने की योजना है। मौके पर वनवासी कल्याण आश्रम के चंद्रेश्वर मुंडा, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रितलाल यादव,कटकमसांडी पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया रामकुमार मेहता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुमन राय,प्रेम चंद प्रसाद , सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित सैकड़ों अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# टाटा संग 1.25 अरब पाउंड के निवेश डील से गदगद हैं ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक

**एजेंसी**

**लंदन** : टाटा स्टील के वेल्स संयंत्र में 1.25 अरब पाउंड निवेश पर सहमति के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे यूके स्टील के लिए बड़ा दिन करार दिया है. यूके ने टाटा स्टील के साथ1.25 बिलियन पाउंड के निवेश पर हस्ताक्षर किए. पीएम ऋषि सुनक ने इस इन्वेस्टमेंट पैकेज को यूके स्टील के लिए बड़ा दिन बताया है. ब्रिटेन के पीएम ने इसे लेकर सोशल मीडिया साइड एक्स पर ट्वीट किया है. अपने ट्वीट में उन्होंने कहा है कि हमने टाटा स्टील के साथ साझा तरीके से 1 बिलियन के इन्वेस्टमेंट पर सहमति जताई है. ऐसा करके हमने हजारों ब्रिटिश नौकरियों को सुरक्षित और वेल्स में स्टील इंडस्ट्री के भविष्य को भी सुरक्षित किया है.बता दें कि ब्रिटेन सरकार ने टाटा स्टील के वेल्स स्थित इस्पात संयंत्र में 1.25 अरब पाउंड के निवेश संबंधी साझा योजना का ऐलान करते हुए कहा कि सरकार इसमें 50 करोड़ पाउंड का अनुदान देगी. ब्रिटेन के सबसे बड़े इस्पात कारखाने में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को राहत देने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए घोषित इस निवेश योजना को इतिहास का सबसे बड़ा सरकारी अनुदान माना जा रहा है.

**टाटा स्टील और यूके की बड़ी डील:** टाटा समूह की कंपनी टाटा स्टील और ब्रिटिश सरकार के बीच बनी सहमति के तहत पोर्ट टालबोट इस्पात संयंत्र में कुल 1.25 अरब पाउंड निवेश किया जाएगा, जिसमें सरकारी अनुदान भी शामिल है. यह निवेश नई इलेक्ट्रिक भट्टी लगाने और कम कार्बन उत्सर्जन वाली अन्य गतिविधियों पर किया जाएगा. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि यह निवेश ब्रिटेन के इस्पात उद्योग को आधुनिक बनाएगा और अधिक स्थिर भविष्य सुनिश्चित करेगा. इसके अलावा यह लंबी अवधि में हजारों कुशल श्रमिकों के रोजगार को संरक्षण देगा और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में मदद करेगा.

**सुरक्षित होंगी 5,000 से ज्यादा नौकरियां:** साउथ वेल्स के पोर्ट टालबोट में स्थित इस इस्पात कारखाने में 8,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं. इसके अलावा आपूर्ति शृंखला से जुड़ी गतिविधियों में भी करीब 12,500 लोग काम करते हैं.

ब्रिटिश सरकार के व्यवसाय एवं व्यापार विभाग के मुताबिक, इस प्रस्ताव में 5,000 से अधिक लोगों के रोजगार को सुरक्षित रखने की क्षमता है.

व्यापार मंत्री केमी बेडनॉश ने कहा कि ब्रिटिश सरकार इस्पात क्षेत्र को समर्थन दे रही है और यह प्रस्ताव वेल्श में इस्पात का एक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करेगा.

**इस्पात उद्योग के भविष्य के लिए निर्णायक पल:** टाटा स्टील ने एक बयान में इस निवेश प्रस्ताव का ब्योरा देते हुए कहा कि नई इलेक्ट्रिक भट्टी कारखाने में कोयले से चलने वाली मौजूदा भट्टियों की जगह लेगी जिससे देश के कुल कार्बन उत्सर्जन में करीब 1.5 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है. टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने ब्रिटिश सरकार के साथ टाटा स्टील के इस समझौते को इस्पात उद्योग के भविष्य के लिए निर्णायक पल बताते हुए कहा कि प्रस्तावित निवेश बड़ी संख्या में रोजगार सुरक्षित रखेगा और साउथ वेल्स क्षेत्र में हरित प्रौद्योगिकी पर आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी के विकास के लिए भी एक बड़ा मौका मुहैया कराता है. टाटा स्टील यूके अब अपने कर्मचारी संगठनों को इस प्रस्ताव के बारे में सूचित करने के साथ उनसे सलाह-मशविरा भी करेगा.